सूर्योदय 7:10 सूर्यास्त 5:30

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.0 न्यू | 17.4 अधि |
| धर्मशाला | 4.4 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78041.59 |
| निफ्टी | 23587.50 |
| सोना 74,970 | चांदी 90,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



एमसीजी पर लोकप्रियता में भी 'किंग' हैं कोहली


पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 23 दिसंबर 2024 | 9 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 5, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# भारत और कुवैत करेंगे सुरक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्रों को मजबूत

## कुवैत में प्रधानमंत्री मोदी ने अमीर शेख मेशाल के साथ की वार्ता

**एजेंसी, कुवैत सिटी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत दौरे के दौरान रविवार को अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के साथ व्यापक वार्ता की। दोनों नेताओं ने सूचना प्रौद्योगिकी, औषधि, फिनटेक, बुनियादी ढांचे और सुरक्षा क्षेत्र में संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि अमीर के साथ उनकी मुलाकात 'उत्कृष्ट' रही।

उन्होंने कहा कि कुवैत के महामहिम अमीर शेख मेशाल के साथ बैठक में हमने औषधि, सूचना प्रौद्योगिकी, फिनटेक, अवसंरचना और सुरक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और मजबूत करने पर चर्चा की। हमारे देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों के अनुरूप हमने अपनी साझेदारी को रणनीतिक स्तर तक बढ़ाया है और मैं आशावादी हूं कि आने वाले समय में हमारी दोस्ती और भी अधिक विकसित होगी। पीएम मोदी शनिवार को दो दिवसीय यात्रा पर कुवैत पहुंचे हैं, जो 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस खाड़ी देश की पहली यात्रा है।



### मोदी को कुवैत का सर्वोच्च सम्मान

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी को रविवार को कुवैत के सर्वोच्च सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' से सम्मानित किया गया। कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने प्रधानमंत्री मोदी को इस सम्मान से नवाजा। मोदी को यह सम्मान दोनों देशों के बीच बेहतर संबंधों को मजबूत करने के लिए दिया गया। 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' कुवैत का एक 'नाइटहुड ऑर्डर' है। यह किसी देश की ओर से पीएम मोदी को दिया गया 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। यह सम्मान मित्रता के प्रतीक के रूप में राष्ट्राध्यक्षों, विदेशी संप्रभुओं व विदेशी शाही परिवारों के सदस्यों को प्रदान किया जाता है। इससे पहले यह सम्मान बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसे विदेशी नेताओं को दिया जा चुका है।

- 43 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा
- मोदी बोले आने वाले समय में और मजबूत होगी हमारी दोस्ती

### मोदी आज सौंपेंगे 71,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को भर्ती अभियान 'रोजगार मेला' के तहत करीब 71,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित भी करेंगे। पीएमओ ने कहा कि यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म सशक्तीकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

# सरकार के प्रयासों से वंचित वर्गों के जीवन स्तर में सुधार : सुक्खू


## कहा- पानी और बिजली कनेक्शन प्रदान करने को प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** सरकार ने समाज के वंचित वर्गों के उत्थान और उनके सम्मानजनक जीवन के लिए कई कल्याणकारी पहल की है। इस कड़ी में राज्य मंत्रिमंडल ने 'महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना' शुरू करने को मंजूरी दी। इस योजना का उद्देश्य वाल्मीकि समुदाय के सफाई कर्मचारियों को तीन लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस योजना के तहत 2.5 लाख रुपए से कम वार्षिक आय और आवासीय सुविधा से वंचित लोग पात्र होंगे। योजना की जानकारी और आवेदन के लिए लोग संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। प्रदेश सरकार ने 'मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना' के तहत वित्तीय सहायता में भी वृद्धि की है। अब विधवा और एकल महिलाओं को मकान बनाने के लिए सहायता राशि 1.5 लाख रुपए से बढ़ाकर 3 लाख रुपए कर दी गई है।

### महिलाओं को घर बनाने के लिए दी जा रही चार लाख रुपए की वित्तीय सहायता



**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार वंचित वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है और सरकार बेघर परिवारों को आश्रय प्रदान कर उनके जीवन स्तर में सुधार ला रही है। इस योजना के तहत बनाए गए घरों में पानी और बिजली कनेक्शन प्रदान करने को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत महिलाओं को भी मकान के निर्माण के लिए चार लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी, जिसमें घर के लिए तीन लाख रुपए और रसोई, शौचालय और बाथरूम जैसी आवश्यक सुविधाओं के लिए दिए जाने वाले एक लाख रुपए शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल हिमाचल प्रदेश में कल्याणकारी योजनाओं से वंचित वर्गों का समग्र विकास सुनिश्चित करने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के सरकार के प्रयासों को प्रदर्शित करती है।

### कोर्ट ने दी कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम को विदेश यात्रा की मंजूरी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आईएनएक्स मीडिया मामले में आरोपी कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम को 4 से 12 जनवरी के बीच विदेश यात्रा करने की मंजूरी दे दी। विशेष जज कावेरी बावेजा ने 17 दिसंबर के अपने आदेश में कार्ति को अपनी कंपनी से जुड़े प्रोग्राम में शामिल होने और अपनी बेटी से मिलने के लिए वियना (ऑस्ट्रिया) और यूके जाने की इजाजत दी। हालांकि, ईडी की ओर से पेश वकील एनके मट्टा ने कहा कि कार्ति इस छूट का दुरुपयोग कर सकते हैं। जज ने कहा कि यह रिकॉर्ड में दर्ज है कि आवेदक को पहले भी विदेश यात्रा के लिए अदालत से अनुमति मिली है और उसने कभी भी इसका दुरुपयोग नहीं किया।

## न्यूज शॉर्ट्स

### अल्बानिया में टिकटॉक एक साल के लिए बंद

**तिराना (अल्बानिया)।** अल्बानिया के प्रधानमंत्री एडी रामा ने बच्चों में हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए 'टिकटॉक' को एक साल के लिए बंद करने की घोषणा की। नवंबर में टिकटॉक पर शुरू हुए झगड़े के बाद एक किशोर की दूसरे किशोर ने चाकू घोंपकर हत्या किए जाने की घटना के बाद शिक्षकों और अभिभावकों के साथ 1,300 बैठक कीं। पीएम ने शिक्षकों और अभिभावकों के साथ एक बैठक में कहा कि टिकटॉक को पूरी तरह से बंद किया जाएगा।

### पार्सल विस्फोट मामले में दो लोग गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के एक घर में पार्सल में विस्फोट के मामले में रविवार को दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस विस्फोट में दो लोग घायल हो गए थे। पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी रूपेन राव (44 वर्षीय) ने इंटरनेट से बम और देसी पिस्तौल बनाने की तकनीक सीखी थी, ताकि वह अपनी पत्नी के ससुरालवालों से बदला ले सके।

### बरेली की जिला अदालत ने राहुल को भेजा नोटिस



**बरेली (उप्र)।** बरेली जिले की एक अदालत ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आर्थिक सर्वेक्षण संबंधी बयान को लेकर नोटिस जारी कर सात जनवरी को पेश होने के लिए कहा है। अधिवक्ता वीरेंद्र पाल गुप्ता ने बताया कि गांधी को नोटिस जारी किया और सुनवाई के लिए सात जनवरी 2025 की तारीख तय की।

### शाह के इस्तीफे के लिए कैंपेन चलाएगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह की इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी अगले साल 26 जनवरी तक देशभर में कैंपेन चलाएगी। कांग्रेस के नेता 150 से ज्यादा शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। 24 मार्च को कलेक्ट्रेट पर मार्च निकालेंगे। 27 दिसंबर को कर्नाटक के बेलगावी में पार्टी बड़ी रैली होगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि संसद सत्र में संविधान पर चर्चा के दौरान अमित शाह ने अपने भाषण में बाबा साहेब का अपमान किया है। शाह के बयान से सभी आहत हैं।

### तुर्की में हेलिकॉप्टर क्रैश चार लोगों की गई जान

**मुगला (तुर्की)।** दक्षिण-पूर्वी तुर्की में रविवार सुबह एक एंबुलेंस हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि हादसे के वक्त हेलिकॉप्टर में दो पायलट, एक चिकित्सक और एक स्वास्थ्यकर्मी सवार थे। ये सभी मुगला शहर से पड़ोसी प्रांत अंताल्या में एक मरीज को ले जाने के लिए उड़ान भर रहे थे।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- राजनीतिक द्वेष से न रुकें काम: इंद्रदत्त लखनपाल -पेज 3
- सांसद रनौत के गांव भाम्बला में 30 घंटे से ब्लैक आउट -पेज 9
- टैक्स जमा नहीं करवाया तो ब्लैक लिस्ट होगा वाहन -पेज 10
- मोदी सरकार ने निर्वाचन आयोग की शुचिता को किया नष्ट: खड़गे -पेज 13
- बेटियां बनीं अंडर-19 एशिया चैंपियन -पेज 14

# मोहाली में ढही इमारत के मलबे से एक और व्यक्ति का शव बरामद

**एजेंसी, चंडीगढ़**

**पंजाब** के मोहाली में इमारत ढहने की घटना के बाद मलबे से रविवार को 29 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ। इसके साथ ही हादसे में मरने वालों की संख्या दो हो गई है।

अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिक जांच से पता चला है कि इमारत के बगल के भूखंड में हो रही खुदाई के कारण यह हादसा हुआ। मोहाली जिले के सोहाना गांव में शनिवार शाम बहुमंजिला इमारत ढह गई, जिसके मलबे में कम से कम पांच लोग फंसे गए थे और बचे लोगों को खोजने के लिए रात भर अभियान जारी रहा। मोहाली की उप जिलाधिकारी दमनदीप कौर ने



बताया कि बचाव अभियान के दौरान अंबाला निवासी अभिषेक धनवाल का शव बरामद किया है। अभिषेक के पिता ने बताया था कि उनका बेटा लापता हो गया और उसका फोन भी नहीं लग रहा है। इससे पहले शनिवार शाम को हिमाचल प्रदेश की रहने वाली 20 वर्षीय युवती की मौत हो गई थी। उसे मलबे से निकाल कर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच पाई।

# मैदानी इलाकों में 26 दिसंबर तक शीतलहर का अलर्ट

## मौसम विज्ञान केंद्र ने नए साल से पहले ऊंचाई वाले क्षेत्रों में 27 व 28 दिसंबर को बर्फबारी की जताई संभावना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में लंबे समय से चल रहा सूखे का दौर जल्द खत्म होगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने प्रदेश में 27 व 28 दिसंबर को बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना जताई है।

23 से 26 दिसंबर तक मैदानी व मध्यम ऊंचाई वाले स्थानों में शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 24, 25 व 26 दिसंबर को मंडी और बिलासपुर जिला के मैदानी इलाकों में घने कोहरे का येलो अलर्ट रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र ने अनुसार, हिमाचल के हिल्स स्टेशनों में नए साल से पहले बर्फबारी का नजारा देखने को मिलेगा। राज्य के ऊंचे इलाकों कुल्लू, रोहतांग, चंबा, लाहौल-स्पीति और किन्नौर में भी बर्फबारी होने की संभावना है। बीते आठ दिसंबर को हिमाचल के पहाड़ी इलाकों में सीजन का पहला हल्का हिमपात हुआ था। वहीं, मौसम विभाग का बर्फबारी का पूर्वानुमान सैलानियों के लिए खुशखबरी है। शिमला और मनाली में सैलानी बर्फबारी की चाह में भारी तादाद में उमड़ रहे हैं। हिल्स स्टेशनों में दिसंबर माह में बहुत कम मात्रा में बर्फबारी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि नए साल के आगमन से पहले हिमाचल के पर्वतीय इलाकों में 23 व 24 दिसंबर और 27 व 28 दिसंबर को बर्फबारी के आसार हैं, जबकि 25 व 26 दिसंबर को मौसम साफ रहेगा।

### ताबो सबसे ठंडा स्थल, तापमान -11.6 डिग्री सेल्सियस



शिमला में घूमने का आनंद लेते पर्यटक।

**राज्य** के चार शहरों का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। लाहौल-स्पीति किन्नौर और कुल्लू जिले में पिछले कई दिनों से पारा माइनस में चल रहा है। लाहौल-स्पीति जिले का ताबो -11.6 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे ठंडा स्थल रहा। समधो व कुकुमसेरी में न्यूनतम तापमान कमशः -5.3 डिग्री व -4.8 डिग्री डिग्री सेल्सियस रहा। किन्नौर जिले के कल्पा में -1.7 डिग्री, रिकांगपिओ में 0.8 डिग्री व बजुआरा में 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। कुल्लू जिले के विख्यात पर्यटन नगरी मनाली में न्यूनतम पारा 2.4 डिग्री व भुंतर में 1.5 डिग्री, ऊना में 1 डिग्री, कुफरी में 5.1 डिग्री, पालमपुर में 3.9 डिग्री, चंबा में 4.7 डिग्री बरठीं में 2.4 डिग्री, शिमला में 6 डिग्री, हमीरपुर में 2.8 डिग्री, मंडी में 3.3 डिग्री, रिकॉर्ड हुआ है। सात शहरों का रात का पारा सामान्य से नीचे चल रहा है।

### जुब्बल में सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**जुब्बल।** उपमंडल जुब्बल के दोची में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान लाहौरी सिंह निवासी बधाल (दोची) तहसील जुब्बल शिमला के रूप में हुई है। दोची निवासी धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि जब वह अपने कमरे की तरफ जा रहा था, तो एनएच -705 पर एक गाड़ी के गिरने की आवाज सुनाई दी। जब मौके पर पहुंचा तो देखा कि एक कार (एचपी 10 बी 4141) हादसे का शिकार हुई है। कार में एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था। घायल को इलाज के लिए जुब्बल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसडीपीओ रोहड़ू रविंद्र नेगी ने पुष्टि की है।

# सोपोर में आतंकियों के दो सहयोगी अरेस्ट, हथियार व गोला-बारूद बरामद

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर के सोपोर में आतंकवादियों के दो सहयोगियों को सोपोर सब-डिविजन के डांगीवाचा इलाके से गिरफ्तार किया है। दोनों गिरफ्तार सहयोगियों के पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं।

पुलिस ने बताया कि यारबुघ इलाके में गाड़ियों में छिपे दोनों आरोपियों का पकड़ा। उनके पास से एक पिस्तौल 9 एमएम की 5 राउंड गोलियां, 2 ग्रेनेड भी बरामद किए गए हैं। इनकी पहचान अरवानी इलाके के राशिद अहमद भट्ट और अनंतनाग के साजिद इस्माइल हारू के रूप में हुई है। (अनंत ज्ञान)

### बंगाल में एक और आतंकी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले से कश्मीर घाटी में प्रतिबंधित तहरीक-ए-मुजाहिदीन संगठन के सदस्य होने के संदेह में जावेद मुंशी को जम्मू-कश्मीर पुलिस और बंगाल पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है। यह कश्मीर घाटी में सक्रिय है। जावेद को जल्द ही ट्रांजिट रिमांड के लिए अलीपुर अदालत में पेश किया जाएगा।

### हथियार की बरामदगी मामले में दो आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**एनआईए** ने जम्मू और कश्मीर में एक हथियार और विस्फोटक बरामदगी मामले में दो आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की है, जो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) से जुड़े हैं। यह चार्जशीट एनआईए विशेष अदालत जम्मू में दायर की गई है। इसमें आरोपी वाहिद उल जहूर, जो उस वाहन के चालक हैं, जिसमें हथियार, विस्फोटक, गोला-बारूद आदि बरामद हुए थे। दूसरा आरोपी मुबशिर मखबूल मीर है। दोनों पाकिस्तान स्थित हिजबुल मुजाहिदीन के हैंडलरों के साथ संपर्क में थे।

# जगन्नाथ मंदिर में 1 जनवरी से लागू होगी नई दर्शन प्रणाली

**पुरी।** पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए ओडिशा सरकार एक नई व्यवस्था शुरू करने जा रही है। कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने रविवार कहा कि सरकार 1 जनवरी से जगन्नाथ मंदिर में सार्वजनिक दर्शन के लिए नई व्यवस्था शुरू करने के लिए कदम उठा रही है। मंदिर प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। 27 या 28 दिसंबर तक नई व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। 30 और 31 दिसंबर को दो दिनों के लिए नई व्यवस्था प्रायोगिक आधार पर शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक जनवरी से नई दर्शन व्यवस्था पूरी तरह लागू कर दी जाएगी।

# एक्टर अल्लू अर्जुन के आवास पर तोड़फोड़, हिरासत में लिए प्रदर्शनकारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**ओस्मानिया** यूनिवर्सिटी ज्वॉइंट एक्शन कमेटी (जेएसी) के सदस्यों ने रविवार शाम फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन के आवास पर तोड़फोड़ की। पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लिया है।

प्रदर्शन कर रहे जेएसी नेताओं की मांग है कि अल्लू अर्जुन महिला के परिवार को 1 करोड़ रुपए की सहायता राशि दे और परिवार को हरसंभव मदद प्रदान करे।



प्रदर्शनकारियों ने अभिनेता के घर के बाहर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने की कोशिश की। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जेएसी के नेताओं को हिरासत में ले लिया है। इस घटना के दौरान अल्लू अर्जुन अपने घर पर मौजूद नहीं थे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए सुरक्षा बढ़ा दी है और प्रदर्शनकारियों को शांत करने की कोशिश की।

**विश्लेषण** वीरभद्र ने किया था अपर-लोअर हिमाचल की राजनीतिक खाई को पाटने का काम, लेकिन अब बदल चुके हैं हालात

# तपोवन में छोटे विधानसभा सत्र पर उठे बड़े सवाल

**विक्रम ढटवालिया, तपोवन**

**अपर** और लोअर हिमाचल के दरमियान राजनीतिक खाई को पाटने के जिस उद्देश्य से धर्मशाला के तपोवन में खूबसूरत विधानसभा भवन बनाकर शीतकालीन सत्र की परिपाटी शुरू हुई थी, उसकी प्रासंगिकता और उपयोगिता पर अब सवाल उठने लगे हैं।

करोड़ फूंकने के बाद भी क्या वाकई लोअर हिमाचल के लोगों को फायदा हो रहा है? क्या कांग्रेस या भाजपा इसका राजनीतिक लाभ उठा पाई हैं? इस पर भी अब नए सिरे से सोचने की जरूरत है। वर्ष 2005 में शुरू किए गए शीतकालीन सत्र के इस सिलसिले



को अब लगभग 20 वर्ष मुकम्मल हो रहे हैं। उस जमाने में तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को रामपुर का मुख्यमंत्री माना जाता था और तब अपर-लोअर हिमाचल के दरमियान राजनीतिक रूप में एक खाई निश्चित रूप में कांगड़ा जिला के महत्व के बीच में मानी जाती थी। उस समय तत्कालीन मंत्री मेजर विजय सिंह मनकोटिया सहित जब दो अन्य काबीना मंत्रियों चंद्रेश कुमारी और बृज बिहारी लाल बुटेल को नए एक्ट के तहत मंत्रियों के कोटे से बाहर निकलना पड़ा। उस समय राजनीतिक रूप में इस क्षेत्र के महत्व को समझते हुए वीरभद्र सिंह ने शीतकालीन प्रवास और सत्र की शुरुआत की थी। (अनंत ज्ञान)

### संभवत: सबसे छोटा सत्र

18 से 21 दिसंबर तक चला शीतकालीन सत्र संभवतः सबसे छोटा सत्र रहा। मात्र चार दिन के इस शीतकालीन सत्र में 243 सवालों के जवाब दिए गए और तकरीबन 21 घंटे 20 मिनट तक कार्यवाही चली।

### किसे, कितना मौका मिला

**चार** दिन के सत्र में माननीयों को अपनी बात रखने का बहुत कम मौका मिला। ऊपर से चर्चा जिस माहौल में हुई, उसमें में भी गंभीरता नहीं दिखी। भ्रष्टाचार का मसला बेहद गंभीर था, लेकिन वह आरोपों-प्रत्यारोपों तक ही सीमित रही।

### सत्र और प्रवास हो सकते थे साथ-साथ

क्या यह सत्र ज्यादा दिनों का नहीं हो सकता था। क्या सीएम का 'प्रवास' भी इसी के साथ नहीं जोड़ा जा सकता था। यह भी बड़ा सवाल है, क्योंकि अगले महीने सरकार 15 दिन के प्रवास पर फिर यहां आने वाली है। वीरभद्र और धूमल सरकार के कार्यकाल में प्रवास लंबे होते थे, लेकिन जयराम सरकार के समय दौरे इक्का-दुक्का ही रह गए।

### सैर-सपाटे से ज्यादा और कुछ नहीं

सरकार ने शिमला से पूरा तामझाम चार दिनों के लिए तपोवन शिफ्ट किया, तो यहां लंबी अवधि तक सरकार प्रवास क्यों नहीं कर सकती, जबकि इसका राजनीतिक लाभ सरकार को ही मिलना था। रहने-ठहरने, खाने पीने और गाड़ियों के तामझाम पर हुए खर्चे के बारे में जनमानस कह उठा है कि यहां विधानसभा सत्र सिर्फ सैर-सपाटे के लिए आयोजित करवाया जाता है।

### नॉनवेज की जगह कांगड़ी धाम बेहतर

खाने में नॉनवेज परोसने पर भी सवाल उठता ही है, क्योंकि रोजाना 1000 से ज्यादा लोगों को खाना यहां परोसना पड़ता है। सत्र के दौरान यदि सिंपल कांगड़ी धाम परोस दी जाए, तो उसके साथ कांगड़ा की ऐतिहासिकता और रीति-रिवाज भी जुड़ जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### श्रीनिवास रामानुजन की 137वीं जयंती मनाई



अनंत ज्ञान, हमीरपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय, हमीरपुर के गणित विभाग एवं आइक्यूएसी द्वारा महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 137वीं जयंती के उपलक्ष्य में फाउंडेशन कोर्स ऑन मैथमेटिक्स एंड रिसर्च मेथाडोलॉजी विषय पर एक साप्ताहिक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के समापन कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉक्टर हरदेव सिंह जम्वाल ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। धनेटा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा एवं सेवानिवृत्त प्रो. जेपी अग्निहोत्री गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यशाला को हिम साइंस कांग्रेस एसोसिएशन और इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन द्वारा वित्त पोषित किया गया। कार्यशाला के संयोजक और गणित विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजय कानूनगो ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला की गतिविधियों और विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। आयोजन सचिव डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने कार्यशाला की साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। इस कार्यशाला में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया और 20 आमंत्रित वक्ताओं ने अपने व्याख्यान दिए।

### मनुष्य को मेहनत करनी नहीं छोड़नी चाहिए : प्रो. राजिंद्र



वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा। उपमंडल नादौन के राजकीय प्राथमिक एवं मिडल स्कूल में क्लस्टर स्तर पर वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त प्रो. राजिंद्र पाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस दौरान सेवानिवृत्त प्रिंसिपल आदर्श बाला, सीमा देवी, लता कुमारी, अनीता शर्मा आदि भी उपस्थित थे। समारोह का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि ने बच्चों को अपने जीवन में किए गए संघर्ष के बारे में बताते हुए कहा कि मनुष्य को मेहनत करनी नहीं छोड़नी चाहिए क्योंकि उसके द्वारा की गई मेहनत एक दिन आवश्य रंग लाती है। मुख्यातिथि ने अपने माता-पिता के नाम चलाई गई शिव-विमला छात्रवृत्ति योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों को 2100, 1500, और 1100 रुपए इनाम राशि देने की घोषणा की एवं स्कूल के विकास कार्यों के लिए 5100 रुपए दान दिए। मुख्यातिथि ने इस दौरान स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

### करोट में जनसमस्याओं का किया निवारण



अनंत ज्ञान, सुजानपुर। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रमों की कड़ी में रविवार को सुजानपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत करोट में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। एसडीएम डॉ. रोहित शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों की कई समस्याओं की सुनवाई की गई और मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों ने इनके निवारण के लिए त्वरित कदम उठाए। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी राजेश्वर भाटिया और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### बच्चे पढ़ाई कर देश के विकास में दें योगदान



अनंत ज्ञान, सुजानपुर। राजकीय केंद्र पाठशाला चबूतरा खंड सुजानपुर रविवार को वार्षिक पारितोषिक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें खंड प्रारंभिक अधिकारी सुजानपुर देशराज ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा रहे। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया और अभिभावकों से अपील की बच्चों को परिंदों की तरह उड़ने के लिए तैयार करने के लिए स्कूलों में भेजें, ताकि वे कल खुले आसमां में उड़ सकें और देश भविष्य का निर्माण हो सके और देश सुदृढ़ बन सके। स्कूल के लिए डॉ. डोगरा ने 5100 रुपए की दान राशि दी। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी अलग-अलग प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। मुख्यातिथि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए केंद्रीय मुख्य शिक्षक और उनकी समस्त टीम को बधाई दी और बच्चों के कार्यक्रम के लिए 11000 रुपए की राशि भेंट की।

### पूर्व सीएम धूमल ने दी चौटाला को श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। ओम प्रकाश चौटाला के निधन से राजनीति के एक अध्याय का पटाक्षेप हो गया। आप उनकी राजनीति को पसंद या नापसंद कर सकते थे, लेकिन अनदेखा नहीं कर सकते। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि हरियाणा के विकास में उनका महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। अब चौटाला हमारे बीच नहीं रहे, मैं उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि परिवार और प्रदेश को इस सदमे को सहने की शक्ति दें।

# राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज के बाहर गंदगी का अंबार

## सीवरेज जाम, मरीज परेशान, बीमारियां फैलने का बढ़ा खतरा

रवि ठाकुर हमीरपुर





राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के बाहर पसरी गंदगी और सीवरेज जाम ने मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों में डाल दिया है। मेडिकल कॉलेज के बाहर स्थित अधिकांश सीवरेज की नालियां पूरी तरह से ब्लॉक हो चुकी हैं, जिसके चलते गंदा पानी सड़कों पर फैल गया है। अस्पताल के बाहर बदबूदार माहौल ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र अस्पताल परिसर का वह हिस्सा है, जहां बच्चों की ओपीडी और रैन बसेरा स्थित हैं। यहां सीवरेज की नालियां लंबे समय से जाम हैं, जिससे आसपास गंदे पानी का जमाव हो गया है। इस कारण मरीजों, खासकर बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल आने वाले लोगों को गंदगी और दुर्गंध से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। मरीजों और उनके परिजनों ने प्रशासन से इस समस्या को जल्द से जल्द हल करने की मांग की है।

स्थानीय नागरिकों ने भी इस मामले पर चिंता जताई है और नगर निगम से सीवरेज की नियमित सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की है। गौरतलब है कि राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज शहर का प्रमुख अस्पताल है, जहां रोजाना हजारों मरीज इलाज के लिए आते हैं। ऐसी स्थिति में अस्पताल के बाहर सफाई और सीवरेज व्यवस्था का सही होना बेहद जरूरी है। अगर प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो यह गंदगी मरीजों के स्वास्थ्य के लिए और बड़ा खतरा बन सकती है।

अब देखना यह होगा कि नगर निगम और प्रशासन इस समस्या को कितनी जल्दी हल करते हैं, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को राहत मिल सके। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं नप अध्यक्ष

नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज मिन्हास का कहना है की समस्या उनके ध्यान में आ गई है। जल्दी ही समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने लोगों से भी सहयोग की अपील की है, और कि नाली में कुछ ऐसा न फेंके जिससे यह ब्लॉक हो रही है।

# बड़ोह गांव में बंदर के हमले से ग्रामीण परेशान

अनंत ज्ञान, भोरंज



उपमंडल भोरंज के तहत ग्राम पंचायत बजड़ीह के अंतर्गत आने वाले गांव बड़ोह में आजकल एक बंदर ने आतंक फैलाया हुआ है। यह बंदर पागल हो चुका है। यह रास्ते में चलते हुए व्यक्तियों पर हमला कर रहा है। गत शनिवार को सुबह करीब 8 बजे बंदर ने स्थानीय ग्रामीण विजय कुमार पुत्र जैसी राम पर भी हमला किया। विजय गांव में बने शिव मंदिर में लिए पूजा करने के लिए जा रहे थे। इसी गांव के विजय कुमार पुत्र लछमन दास के घर के पास हमला कर दिया। विजय ने बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाई तभी दूसरा विजय कुमार लाठी लेकर आ गया तब दोनों ने मिलकर बंदर से रक्षा की और उसे भगा दिया। शिव मंदिर के प्रधान राकेश शर्मा ने बताया कि उन्होंने 18 दिसंबर को इसकी शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और वन विभाग को भी दर्ज करवाई है, लेकिन अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों को अपने रोजमर्रा के कामों में जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही छोटे बच्चों को स्कूल आने-जाने भारी परेशानी हो रही है। राकेश शर्मा ने बताया कि अगर कोई भी दुर्घटना घटती है, तो उसके लिए विभाग जिम्मेदार होगा। उन्होंने वन विभाग से आग्रह किया है कि वह जल्द से जल्द इस समस्या क्या समाधान करें, ताकि ग्रामीण चैन की सांस ले सकें।

**मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और वन विभाग को भी दर्ज करवाई शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई**

# राधा स्वामी सत्संग ब्यास भोटा ट्रस्ट हस्तांतरित कर सकेगा भूमि : ढटवालिया

एसके ठाकुर, बड़सर



हिमाचल प्रदेश विधानसभा में भूमि हस्तांतरण के संबंध में संशोधन विधेयक पारित हो गया है, जिसके तहत अब राधा स्वामी सत्संग ब्यास भोटा ट्रस्ट 30 एकड़ भूमि हस्तांतरित कर सकता है।

कांग्रेस नेता सुभाष डटवलिया ने कहा कि धर्मार्थ कार्य करने वाली संस्थाओं को भूमि हस्तांतरण के लिए एक बार छूट देने का प्रावधान किया गया। छूट का लाभ लेने के बाद धर्मार्थ कार्य न करने वाली संस्थाओं की जमीन सरकार को होगी वापस, एकमुश्त छूट सिर्फ तीस एकड़ तक ही मिलेगी। संशोधन विधेयक के पारित होने के दौरान मूकदर्शक बने रहे भाजपा विधायक भाजपा विधायक दल ने मौखिक तौर पर संशोधन विधेयक का समर्थन नहीं किया। ढटवालिया ने विधेयक पारित होने पर मुख्यमंत्री सुक्खू व कांग्रेस विधायक दल का आभार जताया।

ढटवालिया ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इससे विपक्ष की दोमुंही बातें जगजाहिर हो गई हैं। भाजपा ने विधेयक का मौखिक समर्थन न कर इसका विरोध ही किया है, पहले भाजपा बड़सर विधायक इंद्रदत्त लखनपाल धरना-प्रदर्शन कर लोगों को भड़का रहे थे और अब विधेयक पास होने पर चुप बैठे रहे यह निंदनीय है। डेरा सत्संग ब्यास प्रदेश सहित पूरे देश में जनता की निस्वार्थ सेवा करता है। (अनंत ज्ञान)



### उहल की महिलाओं ने सीखी मशरूम की खेती

हमीरपुर। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान (आरसेटी) द्वारा तहसील टौणी देवी के गांव उहल की महिलाओं के लिए आयोजित 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण शिविर रविवार को संपन्न हो गया। शिविर के समापन अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल ऑफिस के मुख्य प्रबंधक एवं आरसेटी के नोडल अधिकारी गोपाल दत्त तिवारी ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया और प्रतिभागी महिलाओं को कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने महिलाओं से बैंकिंग योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की। आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। समापन अवसर पर शिविर के ट्रेनर डॉ. विद्यासागर, मूल्यांकनकर्ता सोमदत्त शर्मा, देवी राम और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# लैंड सीलिंग संशोधन विधेयक लाकर सीएम सुक्खू ने किया सराहनीय कार्य

अनंत ज्ञान, बड़सर



मुख्यमंत्री सुक्खू ने राधा स्वामी चैरिटेबल अस्पताल भोटा के लिए लैंड सीलिंग संशोधन विधेयक लाकर सराहनीय कार्य किया है। यह बात जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुमन भारती ने भोटा रेस्ट हाउस में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने बताया कि चैरिटेबल अस्पताल की समस्या को हल करके मुख्यमंत्री ने प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश में नाम कमाया है। अब इस एक्ट के तहत राधा स्वामी चैरिटेबल अस्पताल भोटा की 30 एकड़ भूमि महाराज जगत सिंह मेडिकल रिलीफ सोसायटी के नाम ट्रांसफर हो सकेगी। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने अपनी सरकार के समय 2019 में बिना किसी चर्चा के ही इस चैरिटेबल अस्पताल की फाइल को वापस कर दिया था। मुख्यमंत्री सुक्खू ही प्रदेश के ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो जनहित में कोई भी बड़ा फैसला लेने में पूरी तरह से सक्षम है। उन्होंने कहा कि चैरिटेबल अस्पताल के हमदर्द बनने वाले भाजपा के विधायकों ने इस संशोधित बिल का विधानसभा में भी विरोध किया है। इससे पता चलता है कि भाजपा के नेता राधा स्वामी चैरिटेबल अस्पताल के कितने पक्षधर हैं और कितना विरोधी है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता शरण प्रसाद ने कहा कि स्थानीय जनता इस पुनीत कार्य के लिए मुख्यमंत्री की सदैव आभारी रहेगी।

# नाटक के माध्यम से बताई सरकारी योजनाएं

अनंत ज्ञान, बड़सर



प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और विशेषकर अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा समाज के अन्य वर्गों के कल्याण, उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आरंभ किए गए विशेष अभियान के तहत रविवार को बड़सर उपमंडल के गांव बुहला अवाह और सुनवी राजपुतां में जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध सरस्वती कला मंच के लोक कलाकारों ने विमला राठौर के नेतृत्व में स्थानीय लोगों को गीत-संगीत और नाटक के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी। लोक कलाकारों ने बताया कि प्रदेश सरकार ने गाय के दूध के लिए 45 रुपए और भैंस के दूध के लिए 55 रुपए प्रति किलोग्राम न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया है। प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की को 30 रुपए प्रति किलोग्राम और गेहूं को 40 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से खरीदा जा रहा है। लोक कलाकारों ने स्थानीय लोगों को कई अन्य सरकारी योजनाओं से भी अवगत करवाया।

### मेधावी विद्यार्थियों को बांटे पुरस्कार



भोरंज। राजकीय उच्च पाठशाला खुथर्डी का वार्षिक उत्सव रविवार को मनाया गया, जिसमें कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष रामचंद्र पठानिया मुख्यातिथि रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार के लिए कई बड़े निर्णय लिए हैं। इससे प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा। पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा आरंभ करने, राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने और शिक्षण संस्थानों के युक्तिकरण जैसे सराहनीय निर्णय लिए हैं। इस अवसर पर पठानिया ने स्कूल के लिए 5100 रुपए की राशि देने की घोषणा भी की। उन्होंने शैक्षणिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। इससे पहले मुख्याध्यापक संगीता शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा स्कूल की विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी।

### पति ने पत्नी के साथ की मारपीट, मामला दर्ज

भोरंज। थाना भोरंज में पूनम कुमारी पत्नी अशोक कुमार निवासी गांव धरोग ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसकी शादी अशोक कुमार के साथ हुई है। शादी के कुछ समय बाद ही इनका आपस में घरेलू विवाद बढ़ गया है जो कोर्ट में विचाराधीन है। शिकायतकर्ता ने बताया कि 21 दिसंबर को दोनों में बहसबाजी हो गई और उसके पति ने उससे मारपीट की। थाना प्रभारी प्रवीण राणा ने बताया कि मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी प्रशांत ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### गश्त के दौरान व्यक्ति से 4.59 चिट्टा बरामद

बड़सर। पुलिस थाना बड़सर के अधीन पुलिस टीम ने गश्त के दौरान अखिल कुमार निवासी गांव धरोग से 4.59 ग्राम हिरोइन (चिट्टा) बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत बड़सर थाना में मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी प्रवीण राणा ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### तहसीलदार ने बणी में किए जमीन के 15 इंतकाल

बड़सर। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रमों की कड़ी में रविवार को बड़सर उपमंडल की ग्राम पंचायत बणी में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। तहसीलदार धर्मपाल नेगी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों की कई समस्याओं की सुनवाई की गई। इस दौरान स्थानीय निवासियों के जमीन के इंतकाल के 15 मामलों की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई। धर्मपाल नेगी ने सभी अधिकारियों को आम लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए।

# संस्कार युक्त शिक्षा से ही स्वस्थ सशक्त समाज संभव: नरेंद्र अत्री

हमीरपुर। शिक्षा के मंदिर विद्यालय में दी जा रही शिक्षा व संस्कारों से ही तय होता है कि हम आने वाले समय में समाज को किस दिशा की ओर ले जा रहे हैं। यह बात भाजपा के प्रदेश सचिव एवं पूर्व में राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ी रहे नरेंद्र अत्री ने ओएसिस पब्लिक स्कूल डिडवीं टिक्कर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि वहां मौजूद छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षक-प्रबंधन वर्ग व मौजूद स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कही। अत्री ने कहा कि हम वर्तमान के छात्र-छात्राओं को संस्कार युक्त शिक्षा देकर ही भविष्य के स्वस्थ सशक्त समाज व राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं और इसके लिए शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों का भी अहम भूमिका रहती है। इससे पहले मुख्यातिथि नरेंद्र अत्री के कार्यक्रम में पहुंचने पर स्कूल के प्रधानाचार्य राजन कटोच व प्रबंधन वर्ग ने गर्म जोशी के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक करमचंद कटोच, अनिरुद्ध डोगरा, जिला परिषद सदस्य मनुबाला, पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं प्रधान माया देवी आदि उपस्थित थे।

# नेटबॉल में मंडी जिला बना विजेता

अनंत ज्ञान, जाहू



दो दिवसीय 20वीं राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता सिडलिंग पब्लिक स्कूल देहरा में रविवार को संपन्न हुई, जिसमें सात जिलों के 250 खिलाड़ियों ने सब जूनियर जूनियर व सीनियर वर्ग की महिला पुरुष की टीमों ने भाग लेकर अपना प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

हिमाचल प्रदेश नेटबॉल संघ के महासचिव अशोक आनंद ने बताया कि प्रतियोगिता में सीनियर पुरुष वर्ग में मंडी ने हमीरपुर को 21-15 के अंतर से हराकर विजय हासिल की। इससे मंडी विजेता और हमीरपुर की टीम उपविजेता बनी, जबकि कांगड़ा तीसरे स्थान पर रही। महिला वर्ग में मंडी ने ऊना को 15-9 सेपराजित करके पहला स्थान हासिल किया, जबकि हमीरपुर तीसरे स्थान पर रहा। इसी तरह जूनियर छात्र वर्ग में हमीरपुर ने बिलासपुर को 17-15 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मंडी तीसरे स्थान पर रहा। इसके अलावा अन्य प्रतियोगिता में बच्चों ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर प्रदेश नेटबॉल संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील अत्री, राकेश आनंद, अजय शर्मा व विलासपुर, हमीरपुर, ऊना, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# साइंस एंड टेक्नोलाजी प्रोजेक्ट समूह में हिम अकादमी स्कूल प्रथम

अनंत ज्ञान, हमीरपुर



नेहरू युवा केंद्र ने राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में जिला स्तरीय युवा महोत्सव एवं साइंस मेले का आयोजन किया, जिसमें एसपी भगत सिंह ठाकुर और एसडीएम संजीत सिंह मुख्यातिथि एवं विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एसपी ने युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशामुक्त युवा ही सशक्त और स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से न केवल खेलकूद, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लेने, बल्कि नशामुक्त समाज के निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। एसडीएम ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उनका सर्वांगीण विकास हमारे समाज की मजबूती का आधार है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का मंच प्रदान करते हैं। इस महोत्सव में जिले के 6 महाविद्यालयों और 11 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर के जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि महोत्सव में आयोजित की गई सात प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कुल 60 हजार रुपए के नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह दिए गए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनियां भी लगाई गई। इस अवसर पर होमगार्ड के कमांडेंट विनय सिंह, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. प्रमोद पटियाल, युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के युवा सेवा अधिकारी विवेक वर्मा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राध्यापक प्रकाश ठाकुर, अपूर्वा शर्मा, विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्यों, विभागीय अधिकारियों, नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर के कार्यक्रम एवं लेखा सहायक विजय भारद्वाज, किशोर चंद, युवा स्वयंसेवी अभिषेक आदि का खास योगदान रहा।

# बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाएंगे सुजानपुर विधायक रणजीत सिंह

सुजानपुर। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुजानपुर टिहरा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में सुजानपुर विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने बतौर मुख्यातिथि पर शिरकत की। विद्यालय के उपप्राचार्य रजनी शर्मा व स्टॉफ के द्वारा विधायक का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। उन्होंने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विधायक ने कहा कि जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई का खर्च नहीं उठा सकते उनकी पढ़ाई का सारा खर्च वह उठाएंगे। चाहे वह बच्चा एमबीबीएस करे या पीएचडी। बस बच्चा पढ़ने की ओर अपना ध्यान लगाए। विधायक ने डोली व टिहरा स्कूल के बच्चों को 5100 रुपए और सुजानपुर स्कूल को 21000 रुपए इनाम स्वरूप दिए।



**आयोजन** कॉन्फ्रेंस में दिए उत्कृष्ट शोध को मान्यता देने के लिए प्रत्येक सत्र में बेस्ट पेपर अवार्ड

# इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस प्रौद्योगिकियों में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए एक वैश्विक मंच

अनंत ज्ञान, हमीरपुर



इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग एनआईटी हमीरपुर ने सफलतापूर्वक 20 से 22 दिसंबर तक इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिवाइस कंप्यूटिंग, कम्युनिकेशन और सिग्नल प्रोसेसिंग-2024 का आयोजन किया। यह आयोजन अकादमिक, उद्योग और अनुसंधान के संगम का एक असाधारण उदाहरण था, जिसने इन अत्याधुनिक क्षेत्रों में प्रगति को चिह्नित किया।

समापन समारोह में मुख्यातिथि प्रो. राजीवन चंदेल, अन्य गणमान्य व्यक्तियों, संकाय सदस्यों और छात्र उपस्थित रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने समापन समारोह में सभी अतिथियों का स्वागत किया। आयोजन सचिव डॉ. राकेश शर्मा ने समापन रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें सम्मेलन की उल्लेखनीय सफलता को उजागर किया गया। डॉ. संदीप कुमार सिंह, आयोजन सचिव ने सम्मेलन से जुड़े सभी लोगों का धन्यवाद किया। सम्मेलन का समापन 22 दिसंबर रविवार को प्रो. अरुण खोसला (एनआईटी जालंधर) द्वारा सिग्नल प्रोसेसिंग में उभरते एआई रुझानों पर एक सत्र के साथ हुआ। सम्मेलन में छह व्यवस्थित रूप से तैयार किए गए तकनीकी सत्रों के तहत विषय आधारित शोध पत्र प्रस्तुतियां शामिल थीं। उत्कृष्ट शोध को मान्यता देने के लिए, आयोजन समिति ने प्रत्येक सत्र के लिए बेस्ट पेपर अवार्ड की घोषणा की। प्रत्येक सत्र में बेस्ट पेपर अवार्ड क्रमशः डॉ. दीपांशु कौशल, डॉ. पल्लवी रंजन, पाल पटेल, सुमित आनंद, अनुसेलवन कसीलिंगम और रूपाली सलवान शर्मा को प्रदान किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार और आयोजन सचिव डॉ. राकेश शर्मा एवं डॉ. संदीप कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद व्यक्त किया। इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ. अश्वनी राणा ने सम्मेलन में संबोधित विषयों के महत्व पर प्रकाश डाला। एनआईटी हमीरपुर के निदेशक, प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने सम्मेलन के सफल आयोजन पर गर्व व्यक्त किया।

# राजनीतिक द्वेष से न रुकें काम : इंद्रदत्त लखनपाल

## कहा- सीएम मेरे कहने से कार्य न करें, लेकिन पार्टी के लोगों के कहने से तो कर ही सकते हैं

**हमीरपुर** जिले के बड़सर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल अपने इलाके की समस्याओं को लेकर बेहद संजीदा हैं। उनका कहना है कि जो घोषणाएं मुख्यमंत्री ने बजट और उसके बाद क्षेत्र के दौरे के दौरान कीं, वे पूरी होनी चाहिए। भले ही मुख्यमंत्री मेरे कहने से कार्य न करें, लेकिन अपनी पार्टी के लोगों के कहने से तो कर ही सकते हैं, क्योंकि इससे आखिर जनता का ही भला होना है। धर्मशाला के तपोवन में विधानसभा के शीतकालीन प्रवास के दौरान उन्होंने नगरोटा बगवां स्थित **'अनंत ज्ञान'** की प्रेस का विजट किया। वरिष्ठ पत्रकार **विक्रम ढटवालिया** के साथ न्यूज रूम में हुए साक्षात्कार के दौरान **विधायक इंद्रदत्त लखनपाल** ने अपने विस क्षेत्र से जुड़ी कई समस्याओं का बेबाकी से जिक्र किया। यही नहीं, वर्तमान राजनीति पर भी साफगोई से जवाब दिया। पेश हैं उनके साथ हुई बातचीत के मुख्यांश-



विधायक इंद्रदत्त लखनपाल से
**विशेष बातचीत**

**सवाल: सरकार कांग्रेस की है और आप भाजपा विधायक। इलाके का विकास कैसे होगा?**

**जवाब:** देखिए, विकास के कार्यों में राजनीति नहीं होनी चाहिए। वैसे भी बड़सर क्षेत्र किन्हीं कारणों से पिछड़ा ही रह गया है। जितने काम वहां होने चाहिए थे, वे राजनीतिक द्वेष के चलते नहीं हो पाए। प्रदेश के मुख्यमंत्री को पुराने सारे राजनीतिक द्वेष भुलाकर क्षेत्र के विकास और जुड़ी हुई योजनाओं को अमलीजामा निश्चित रूप से पहनाना चाहिए। पूर्व में जो हो गया, वह हो चुका है। अब केवल समस्याओं को सुलझाने के लिए काम होना चाहिए और मुख्यमंत्री को भी विकास के कार्यों में राजनीति बिलकुल नहीं करनी चाहिए।

**सवाल: आप तीन मर्तबा कांग्रेस के विधायक रहे, फिर ऑपरेशन लोटस का सहारा क्यों लेना पड़ा?**

**जवाब:** जब चुने हुए प्रतिनिधि की अनदेखी हो, कोई न सुने, तो इस तरह का राजनीतिक फैसला लेना भी पड़ता है। अब जो होना था, वह हो चुका है। मुख्यमंत्री को पुरानी सारी बातें भूल जानी चाहिए। राजनीति का नया माहौल बन चुका है।

**सवाल: कौन से कार्य लटके हैं आपके क्षेत्र में। आपकी नजर में 'आदर्श' विस क्षेत्र के मार्ग में क्या बाधाएं हैं?**

**जवाब:** मुख्य रूप से मैहरे और भोटा में बस अड्डों का निर्माण लटका हुआ है। भोटा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी दर्जे के मुताबिक होना चाहिए। जो संस्थान डी-नोटिफाई किए गए हैं, उनकी नोटिफिकेशन फिर से हो। जिन संस्थाओं को अपग्रेड करने का ऐलान हो चुका है उनमें देरी नहीं होनी चाहिए। एफआरए के मामले भी बेवजह से लटके पड़े हैं, उन्हें भी जल्द हल किया जाना चाहिए, क्योंकि जनता का हित उन्हीं के साथ जुड़ा हुआ है।

**सवाल: कितनी घोषणाएं हुईं हैं अभी तक पूरी?**

**जवाब:** पीडब्ल्यूडी का सब-डिवीजन बिझड़ी में खुल गया है। आईपीएच का अभी नहीं खुला। कम्युनिटी हेल्थ सेंटर का काम दो साल से पेंडिंग है। एक ईंट तक उसमें नहीं लगी। बड़सर के मिनी सचिवालय का काम भी लटका हुआ है। पैसे की कमी के कारण इसमें काम नहीं हो रहा। भाजपा के समय इसका काम शुरू हुआ था। तब 90 लाख स्वीकृत हुए थे। मौजूदा मुख्यमंत्री ने 12 करोड़ इसके लिए दिए, लेकिन अभी भी 5 से 6 करोड़ और चाहिए। यह पैसा तत्काल मिलना चाहिए, ताकि यह बनकर तैयार हो जाए।

**सवाल: दियोटसिद्ध मंदिर ट्रस्ट की स्थिति क्या है? वहां जितनी डेवलपमेंट होनी चाहिए थी, क्यों नहीं हो पाई?**

**जवाब:** दरअसल, दियोटसिद्ध मंदिर ट्रस्ट राजनीति का अखाड़ा बन चुका है। यहां अपने लोगों को बिठाने के अलावा और कोई काम नहीं हुआ। हारे हुए लोगों को भी इसमें तरजीह दी जाती है, जबकि चुने हुए लोगों को महत्व मिलना चाहिए। पिछले कई वर्षों से यहां बहुत कुछ लत चल रहा है। बकरा कांड हो या राशन मामला इनके उजागर होने से श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस तो पहुंचती ही है, लेकिन सबसे अहम चीज यह है कि इस मंदिर में जब तक सक्षम लोग नहीं बैठेंगे? दशा दिशा कैसे सुधरेगी?

**सवाल: मंदिर परिसर की खूबसूरती और सुविधाएं दर्जे के मुताबिक न जुटा पाने लिए कसूरवार कौन है?**

**जवाब:** सक्षम अधिकारी स्थायी तौर पर यहां पर नियुक्त होने चाहिए। टेंपल ऑफिसर कई सालों से यहां है नहीं। टेंपल परिसर के अंदर स्थित इसका ऑफिस दूसरी जगह शिफ्ट होना चाहिए ताकि वहां पर श्रद्धालुओं के खड़े होने और बैठने की सुविधा नए परिवेश में उन्हें मिल पाए।

**सवाल: बिझड़ी में ट्रैफिक व्यवस्था चौपट हो गई है। यहां बाइपास रोड़ क्यों नहीं बन पा रहा?**

**जवाब:** बिझड़ी में बाइपास रोड़ हर हाल में बनना चाहिए। इस समय इसकी सख्त जरूरत है। जब हर काम में राजनीति होगी तो काम तो लटकेंगे ही। डीपीआर तैयार हुई थी, लेकिन उस पर काम नहीं हो रहा। सलौनी से दियोटसिद्ध के लिए आने वाला रोड़ खुला होना चाहिए। इसमें फॉरेस्ट क्लीयरेंस भी लाजिमी है, तभी यह काम सिरे चढ़ेगा।

---

कहानी-29

**अनंत ज्ञान**

# हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

## ग्रामीणों ने रिहायशी मकान तोड़कर बनाई सड़क

### पहल : चठयाल के ग्रामीणों ने साढ़े तीन लाख रुपए एकत्र कर बना डाली डेढ़ किमी. सड़क



रवि ठाकुर
हमीरपुर

'हर गांव कुछ कहता है' की इस कड़ी में आज बात हमीरपुर जिले के बड़सर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बड़ाग्रां के चठयाल गांव की, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और स्वावलंबी जीवन शैली के लिए जाना जाता है। यहां के बाशिंदे मुख्यत: खेती-बाड़ी के अलावा सरकारी नौकरी से अपनी अजीविका चलाते हैं। वार्ड नंबर-4 के लोगों ने एक अनोखी पहल की है जो किसी मिसाल से कम नहीं है। जहां लोग सड़क या रास्ते के लिए एक इंच जमीन देने के लिए तैयार नहीं होते वहीं, इस गांव के लोगों ने एकजुट होकर श्मशानघाट के लिए एंबुलेंस योग्य सड़क बनाने के लिए अपने सात पक्के रिहायशी मकान तोड़ दिए। ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से साढ़े तीन लाख रुपए की राशि एकत्र कर बिना किसी सरकारी सहायता से डेढ़ किलोमीटर सड़क का निर्माण कर दिया। गांव के लोगों ने अपनी पशुशालाएं जो रास्ते में आ रही थी उन्हें भी गिरा दिया है। अब श्मशानघाट के लिए चार फुट रास्ते की जगह 10 फुट चौड़ी सड़क बनकर तैयार हो चुकी है।









### सूबेदार अशोक कुमार का अहम योगदान



**इस** कार्य को अंजाम देने में गांव के पूर्व सैनिक सूबेदार अशोक कुमार ने अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि गांव के बीच का दशकों पुराना रास्ता जो कि श्मशानघाट तक जाता है, दोनों ओर रिहायशी मकान बन जाने से केवल पैदल चलने योग्य ही रह गया था। यहां तक शव को ले जाने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इस रास्ते को सड़क में तबदील करने के लिए सभी गांववासियों ने बैठक की और यह निर्णय लिया कि सड़क निर्माण में अगर किसी की जमीन, मकान, पशुशाला या चारदीवारी बाधा बनती है तो मकान मालिक या फिर भूमि का मालिक उस बाधा को दूर करने के लिए हर संभव सहयोग करेगा। सड़क निर्माण के लिए अगर मकान को तोड़ना पड़ेगा तो भी मना नहीं करेगा। सड़क बनाने पर जो भी खर्च आएगा उसे सब ग्रामीण मिल जुलकर वहन करेंगे। ग्रामीणों ने सहयोग से साढ़े तीन लाख रुपए की राशि जुटाई गई और अपने स्तर पर सड़क निर्माण का कार्य शुरू करवाया गया।

### पांच गांवों के लिए बनकर तैयार हुई सड़क

**चठयाल** गांव ही नहीं, अन्य गांवों के लोगों को श्मशानघाट जाने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। चठयाल गांव के अलावा पनबाडी, गुरुवन और जरल आदि गांव के लिए भी लोगों के सहयोग से सड़क का निर्माण किया गया है।

### गांव में प्रसिद्ध गुग्गा मंदिर में गहरी आस्था

**गांव** के लोग सभी त्योहारों को एक साथ मिलकर मनाते हैं। गांव में बने प्रसिद्ध गुग्गा के मंदिर में लोगों की गहरी आस्था है। गुग्गा नवमीं को यहां पर गांव के लोगों के अलावा अन्य लोग भी शीश नवाने के लिए आते हैं।



### सड़क बनने से गांव तक पहुंच सकती है एंबुलेंस

**आपसी** सहयोग से बनाई गई सड़क से अब एंबुलेंस भी आ सकती है। एंबुलेंस के गांव में पहुंचने से बीमार लोगों को अस्पताल ले जाने के लिए सुविधा भी मिल गई है। अब गांव के लोगों को बीमार व्यक्ति को कंधे या किसी अन्य की सहायता से सड़क तक ले जाने की जरूरत नहीं है।

### पानी की समस्या का नहीं हो रहा हल

**गांव** में जिस योजना से पानी की आपूर्ति की जाती है उसमें पानी की कमी हो जाने से गांव के लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। वहीं, कृषि के लिए सिंचाई योजना भी बनाई गई है, लेकिन उसमें भी पानी समस्या आ रही है।

### बड़ाग्रां पंचायत में 1000 लोगों की आबादी

**बड़ाग्रां** पंचायत में लगभग 1000 लोग रहते हैं। यहां पर पांच स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं, जिसमें महिलाओं की जागरूकता के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। महिलाओं को स्वरोजगार बढ़ाने के लिए पहले भी कई प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा चुके हैं।

### क्या कहती हैं पंचायत प्रधान अनुराधा



**पंचायत** प्रधान अनुराधा ने बताया कि गांव में कई विकास कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन श्मशानघाट और एंबुलेंस के सड़क निकालने के लिए जो गांव के लोगों ने एकजुटता दिखाई है उसकी जितनी सराहना की जाए कम है। गांव के लोगों के सहयोग से अब गांव में एंबुलेंस योग्य सड़क होने से विशेषकर मरीजों को आसानी से अस्पताल पहुंचाया जा सकता है। गांव के लोगों ने अपने रिहायशी मकान तोड़कर सड़क बनाने की जो जिम्मेदारी निभाई है वो काबिलेतारीफ है।

---

## न्यूज ब्रीफ

### चिट्टे के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला में चिट्टा का कारोबार कम नहीं हो रहा है। आए दिन पुलिस तस्करों को पकड़ रही है। ताजे मामले में पुलिस ने शिमला के सीमिट्री क्षेत्र में किराए के मकान में चिट्टा तस्करी करते तीन युवकों को पकड़ा है। स्पेशल सेल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर आरोपियों को दबोचा। प्रारंभिक जांच में आरोपियों के कब्जे से 9.350 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। पुलिस की दबिश के दौरान एक आरोपी मौके से भागने में कामयाब हो गया था, जिसे बाद में पुलिस ने पकड़ लिया है। आरोपियों की पहचान त्रिलोक नेगी निवासी चिड़गांव रोहड़ू, सूरज प्रकाश निवासी मल्याणा शिमला और अनुपम निवासी रोहड़ू के रूप में हुई है।

### गणित दिवस पर क्विज में पायल प्रथम

**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा के गणित विभाग द्वारा प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन अयंगर की 137वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम में छात्रों व शिक्षकों के लिए लाइव क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में बी. एससी की छात्रा पायल शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि शिक्षकों में प्रो. नलिन चमन ने बाजी मारी। छात्रों की श्रेणी में अदिति ने दूसरा स्थान व शिक्षकों की श्रेणी में प्रो. बाना सिंह ने दूसरा स्थान हासिल किया। (अनंत ज्ञान)



### लंबित न्यायोचित मांगों को पूर्ण करने की मांग

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** केंद्रीय व राज्य कर्मचारियों के वेतन, भत्तों व सेवा शर्तों में प्रति 10 वर्ष में वेतन आयोग की अनुशंसा के आधार पर परिवर्तित होते है, जिसके लिए केंद्र सरकार वेतन आयोग का गठन करती है। वर्ष 2016 में 7वें वेतन आयोग की अनुशंसाएं लागू की गई थी। 8वें वेतन आयोग को वर्ष 2026 से लागू होना है, लेकिन 8वें वेतन आयोग का गठन अभी तक नहीं हुआ है, जोकि सरकार की हठधर्मिता को दर्शाता है। सरकार को नींद से जगाने के लिए भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ की कार्य समिति की बैठक में बड़े निर्णय लिए गए है। यह तय किया कि केंद्र सरकार से केंद्रीय कर्मचारियों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन हेतु मांग की जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि एनपीएस और यूपीएस दोनों स्कीमों को रद्द करके ओपीएस ( सीसीएस पेन्शन रुलज 1972)को पुनः लागू किया जाए। राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपन कुमार डोगरा ने बताया कि जीईएनसी ने केन्द्र व राज्य सरकारों से आने वाले बजट में कर्मचारियों की लंबित न्यायोचित मांगों को पूर्ण करने की मांग की है ।



### पंकज शर्मा को बनाया एसएफएस संयोजक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिमला द्वारा जिला बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पिछले कार्यों की समीक्षा व आगामी कार्यों की योजना की व नवीन दायित्वों की घोषणा की गई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिमला की जिला बैठक में नवीन दायित्व की घोषणा की गई जिसमें पंकज शर्मा को एसएफएस संयोजक, भानु चौहान को खेलो भारत संयोजक सौरव ठाकुर को एसएफडी संयोजक, इशा नेगी को राष्ट्रीय कला मंच जिला संयोजक, कुणाल गांगटा को मीडिया संयोजक, मीनाक्षी देसाई को सोशल मीडिया संयोजक, तमन्ना सकलानी व सुजल नरगेटा को सोशल मीडिया सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### गणित दिवस पर दी अहम जानकारी

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील में रामानुजन की जयंती के अवसर पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय गणित दिवस पर गणित विभाग और एनएसएस यूनिट द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में गणित विभाग की प्रवक्त । डॉ गीता शर्मा ने इस दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गणित हमारे दैनिक जीवन से लेकर के हमारे जीवन की हर हिस्सेदारी से जुड़ा हुआ है तथा आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में प्रगति के पीछे गणित का अहम योगदान है। उन्होंने छात्रों को गणित तथा रामानुजन के विषय में बताते हुए प्रोत्साहित किया। (अनंत ज्ञान)

---

## प्रदेश की आर्थिक स्थिति बिगाड़ने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार : भारद्वाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस राज में प्रदेश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से खराब हो चुकी है, इसके जिम्मेदार केवल और केवल कांग्रेस पार्टी और उनके नेते है। विधानसभा के दौरान कांग्रेस के मंत्री एवं मुख्या सवालों से भागते दिखाई दे रहे थे, झूठ बोल कर जनता को लगातार गुमराह कर रहे थे। अब तो मुख्यमंत्री सुप्रीम कोर्ट जाने की बात भी कर रहे है, पर जा क्यों रहे है वह समझ के बाहर है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल के अस्पताल व मेडिकल कालेज चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे हैं। यहां 9 से 56 प्रतिशत चिकित्सक कम है। लाखों रुपए के उपकरणों के खरीदने के बावजूद स्टाफ न होने से उनका लाभ रोगियों को नहीं मिल रहा है।

उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी के नेता अब बोलेंगे कि यह भाजपा नेताओं के मनगढ़ंत आंकड़े है पर हम स्पष्ट रूप में बताना चाहेंगे कि आंकड़े सरकार है और वास्तविक है। भारद्वाज ने कहा कि कैग रिपोर्ट में जांचे 18 स्वास्थ्य संस्थानों में से सात संस्थान बिना लाइसेंस एक्सरे सुविधा चला रहे थे।

## बेबस रोगियों के लिए 'संकटमोचक' बनी सेवा भारती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सेवा भारती प्रदेश के दूर दराज के क्षेत्रों से इलाज के लिए शिमला आने वाले मरीजों की उम्मीद की किरण बन गई है। दुर्घटना में घायल लोगों, बेसहारा रोगियों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए इस संस्था के स्वयंसेवी किसी संकटमोचक से कम नहीं हैं। समाज के सहयोग से उन्हें दवाएं, रक्त, जीवन रक्षक उपकरण, व्हीलचेयर, बिस्तर और कम्बल आदि उपलब्ध कराए जाते हैं। सेवा भारती शिमला के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल के अनुसार पिछले अनेक वर्षों से शिमला के अस्पतालों में हजारों रोगियों की सेवा और जीवन रक्षा में अहम भूमिका निभा चुकी किस संस्था के लिए वर्ष 2024 उपलब्धियों से भरा रहा।



उनके अनुसार इस वर्ष आईजीएमसी और दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में 8,500 से अधिक रोगियों की सहायता की गई। जरूरतमंद मरीजों को 1188 यूनिट रक्त भी उपलब्ध कराया गया। इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल स्थित सेवा भारती इकाई के सचिव नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि वर्ष 2024 में मरीजों को 26 ऑक्सीजन मशीनें, 433 व्हीलचेयर, 13 अल्फाबेड, 1954 कंबल और 14 बैसाखियां उपलब्ध कराई गईं।

इसके अतिरिक्त 1702 गरीब रोगियों के दवा इलाज के बिल भरे गए। सेवा भारती पूछताछ केंद्र से 3000 से ज्यादा लोगों का मार्गदर्शन किया गया।

## विवेक नेहरा एसएफआई के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




एसएफआई शिमला जिला का 37वां इकाई सम्मेलन चितकारा पार्क कैथू में संपन्न हुआ।

सम्मेलन में विवेक नेहरा को जिला अध्यक्ष व पवन कमार को जिला सचिव के तौर पर चुनाव किया। अंशुल, प्रवेश, तिलक राज, कमलेश, रिद्धिमा, कृतिका, निखिल, हरीश, अदिति, भठिंडर, यशिका, शशिकांत, पूनम, नेहा दिवाकर, गौरव, पूजा, दिव्या, राहुल, अंजलि, रेणुका, सनी, दिव्या, अखिलेश, कमल, गणेश, विवेक , विवेक नेहरा, राहुल, पवन पूजा सहित 39 सदस्य कमेटी व 13 सदस्य सचिवालय का चुनाव किया गया।

सम्मेलन का उद्घाटन एसएफआई हिमाचल प्रदेश के राज्य सचिव कॉमरेड दिनीत देंटा ने किया।

## डिपुओं में जनवरी से मिलेगा सरसों का तेल

**शिमला।** हिमाचल के गरीब लोगों को अब जनवरी से डिपुओं में सरसों का तेल मिलना शुरू हो जाएगा। दो महीने से लोग बाजारों से महंगे दामों पर तेल खरीद रहे है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। डिपुओं में अब सरसों का तेल उपलब्ध हो जाएगा।

बता दें कि हिमाचल में लगातार बढ़ रही महंगाई से साल के अंत में भी लोगों को उचित मूल्य की दुकानों में राहत नहीं मिली है। दिसंबर महीना बीतने को आ रहा है, लेकिन डिपुओं में आधा सामान अभी भी गायब है। डिपुओं में सस्ते राशन के नाम पर उपभोक्ताओं को सिर्फ आटा, चावल और चीनी ही मिल रही है।

दो महीने से प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को डिपुओं में सरसों का तेल और दाल नहीं मिल रही जिससे लाखों परिवार अब बाजार से महंगे रेट पर दाल और तेल खरीदने को मजबूर हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को अब सरसों का तेल और दाल के कोटे के लिए नए साल में जनवरी महीने का इंतजार करना पड़ेगा।

**विंटर कार्निवाल** | 24 दिसंबर से 2 जनवरी तक चलेगा कार्निवाल, पंजाबी सहित बॉलीवुड गायक मचाएंगे धमाल

# विंटर कार्निवाल के लिए सजा ऐतिहासिक रिज मैदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राजधानी शिमला का रिज मैदान विंटर कार्निवाल के लिए सज गया है। इस बार विंटर कार्निवाल में पंजाबी गायक सहित वॉलीवुड गायक धमाल मचाएंगे। 24 दिसंबर से 2 जनवरी तक विंटर कार्निवल चलेगा। इस दौरान पर्यटकों की काफी भीड़ देखने को मिलेंगी।

हालांकि वीकेंड पर भी भारी मात्रा में पर्यटक शिमला पहुंचे है। रविवार को भी रिज और मॉल रोड पर पर्यटकों ने घूमने का लुत्फ उठाया।

इस वीकेंड पर शिमला के होटलों में 70 से 80 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी बढ़ी है। शिमला विदेशी पर्यटकों को भी खूब पसंद आ रहा है। विंटर कार्निवल के साथ 25 को क्रिसमस भी है। इसको देखते हुए भी पर्यटक शिमला आने शुरू हो गए है। वहीं कारोबारी के चेहरे भी खिल गए है। कारोबारी की खूब कमाई हो रही है। शिमला में अंग्रेजों के जमाने के भवनों को देखने के लिए भी पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है। शहर में पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों ने ली राहत की सांस ली है। इंग्लैंड, जर्मनी, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, स्विट्जरलैंड, कनाडा, फ्रंस के सैलानी शिमला पहुंच रहे है। क्रिसमस, न्यू ईयर के लिए भी एडवांस बुकिंग बढ़ी है। विंटर सीजन अच्छा जाने की उम्मीद है। इसके अलावा पर्यटकों की आमद बढ़ने से शहर में जाम की समस्या भी बढ़ी है। बाईपास से कार्ट रोड और लिफ्ट तक लम्बा जाम लग रहा है। वहीं लक्कड़ बाजार में भी जम की समय विकराल हुई है।

कारोबारियों का कहना है कि अगर आने वाले दिनों में जल्द बर्फ गिरती है तो पर्यटकों की आवाजाही में ओर ज्यादा इजाफा होगा।

ऐसे में पर्यटन कारोबार को पंख लगेगे। विंटर कार्निवल के लिए रिज पर स्टाल भी लगने शुरू हो गए है। नगर निगम शिमला ने विंटर कार्निवल की तैयारियां पूरी कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### जिप सदस्य संतोष ने बच्छवाई में बांटे डस्टबिन



**राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नौरा वार्ड नंबर 28 की जिला परिषद सदस्य ने 15वें वित्तायोग के तहत वित्त वर्ष 2023-24 अधीन स्वच्छ और स्वस्थ्य होगा इंडिया तभी तो आगे बढ़ेगा इंडिया अभियान के अंतर्गत बच्छवाई पंचायत में 442 परिवारों को डस्टबिन बांटे, जिनकी कीमत 163540 रुपए है। इससे पहले जिला परिषद सदस्य संतोष कुमारी ने घड़ेला कलां और बूला मांजा में बोड़ियों की मरम्मत व टाइलें लगाने के लिए 50000 रुपए दिए थे। साथ ही 3 सोलर लाइटें, इसके साथ सार्वजनिक स्थानों पर वरिष्ठ नागरिकों के बैठने के लिए पांच बैंच भी दिए। पंचायत घर में फर्नीचर लगाने के लिए 15000 रुपए दिए। इस मौके पर पंचायत के प्रधान देश राज ठाकुर, सचिव अनुराग राणा, वार्ड सदस्य मिलाप चंद, सरोज कुमारी, रणजीत सिंह, कुशल सिंह व सभी पंचायत निवासी मौजूद रहे। अंत में पंचायत प्रधान ने इस कार्य के लिए जिप सदस्य संतोष कुमारी का धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

### संजय मेहरा का पहला लोकगीत रिलीज

**प्रवीण मिश्रा, जयसिंहपुर।** हिमाचल प्रदेश विद्युत विभाग से सहायक अभियंता से सेवानिवृत्त संजय मेहरा एक अच्छे कवि होने के साथ-साथ गायकी के क्षेत्र में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने में अग्रसर हो रहे हैं। हिमाचल की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत संजय मेहरा ने एक बहुत ही सुंदर लोकगीत को गाने की प्रथम बार कोशिश की है। सीपी स्टूडियो शाहपुर में शानदार रिकॉर्डिंग होने के चलते मंच के मजे हुए कलाकारों ने लोकगीत की शूटिंग में अपने-अपने किरदार की बहुत ही सुंदर ढंग से भूमिका निभाई है। प्रथम मर्तबा में संजय मेहरा गायकी के क्षेत्र में हिमाचली लोकगीत की शुरुआत करने जा रहे हैं। गाने को इनके अपने यूट्यूब चैनल संजय मेहरा ऑफिशल को सब्सक्राइब कर गीत सुना जा सकता है। इस लोकगीत को हिमाचल की सुंदर वादियों में फिल्माया गया है। (अनंत ज्ञान)



### विशब शामा बने यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विशब शामा को यूथ कांग्रेस का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि मेरी नहीं, बल्कि आप सभी के विश्वास समर्थन और प्रेरणा का परिणाम है साथ ही मैं अपने साथ निर्वाचित हुए सभी सदस्यों को दिल से बधाई देता हूं। यह हम सभी के लिए न केवल एक जिम्मेदारी है, बल्कि प्रदेश के युवाओं की उम्मीद पर खरा उतरने का अवसर भी है। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी अपनी भूमिका में उत्कृष्टता के साथ कार्य करेंगे और हमारी टीम एकजुट होकर युवाओं की भलाई और प्रदेश के विकास के लिए काम करेगी मैं अपने वरिष्ठ नेताओं सभी कार्यकर्ताओं और टीम के हर सदस्यों का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया यह जिम्मेदारी मेरे लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि युवाओं की आवाज को बुलंद करने का एक अवसर है। मैं अपनी जिम्मेदारी को पूरी सत्य निष्ठा से निर्वहन करूंगा।



# सुक्खू सरकार ने भरे 150 आयुर्वेद चिकित्सकों के पद: यादविंद्र गोमा

## आयुष एवं खेल मंत्री ने आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल पालमपुर का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने विधायक आशीष बुटेल की उपस्थित पालमपुर में डीएमसी आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ किया। आयुष मंत्री और विधायक ने हॉस्पिटल में दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा भी लिया। गोमा ने नेशनल करियर पब्लिक एजुकेशन सोसाइटी को आयुर्वेदिक मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल खोलने के शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोसाइटी द्वारा आयुर्वेद के क्षेत्र में आईपीडी और ओपीडी की सुविधा आरंभ करने की सराहना की। उन्होंनें कहा कि प्रदेश सरकार सभी लोगों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में स्वास्थ्य संस्थानों के सुदृढ़ीकरण और रोगियों की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों एवं पैरामेडीकल स्टाफ की उपलब्धलता



सुनिश्चित बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति तक उत्तम स्वास्थ्य सुविधा पहुंचने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि पिछले 6 माह के भीतर आयुष विभाग में चिकित्सकों के 150 पद भरे गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में लोगों तक रुझान योग और उपचार के लिये आयुष पद्धति की ओर बढ़ा है। आयुष, भारत की स्वास्थ्य लाभ के लिये प्राचीन पद्धति है और पूरी दुनियां इस पद्धति को अपना रही है। गोमा ने कहा कि प्रदेश में वैलनेस सेंटर पर योग गाइड स्थानीय लोगों को योग सीखाने के साथ इसका प्रचार प्रसार भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक अस्पताल पपरोला में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के बल्ला पंचायत की आयुष डिस्पेंसरी में आने वाले समय में डॉक्टर का पद सृजित करने का आश्वासन दिया।

### पालमपुर के लोगों को मिलेगा लाभ : बुटेल

**विधायक** आशीष बुटेल ने नेशनल करियर पब्लिक एजुकेशन सोसाइटी को आयुर्वेदिक मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल खोलने की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद अस्पताल से लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में समिति बेहतर कार्य कर रही है और इनके द्वारा नर्सिंग और फार्मेसी कॉलेज का संचालन भी किया जा रहा है। उन्होंने नर्सिंग कॉलेज के छात्रों द्वारा नागरिक अस्पताल पालमपुर में बेहतर से सेवाएं देने पर धन्यवाद भी किया। बुटेल ने कहा कि स्वस्थ रहने में आयुष चिकित्सा पद्धति का भी बहुत बड़ा योगदान रहता है। आयुष मंत्री ने नेताजी सुभाष नर्सिंग कॉलेज तथा शहीद भगत सिंह कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रोत्साहन के लिए 31 हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

### सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 200 पदों के लिए इंटरव्यू कल से

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर (केवल पुरुष) के 200 पदों को भरने के लिए कांगड़ा के विभिन्न रोजगार कार्यालयों में 24 दिसंबर से साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे।




इनमें केवल पुरुष ही भाग ले सकते हैं। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी धर्मशाला अक्षय कुमार ने बताया कि 24 दिसंबर को उपरोजगार कार्यालय बैजनाथ, 26 को उप रोजगार कार्यालय नगरोटा बगवां, 27 को क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय देहरा और 28 दिसंबर को उप रोजगार कार्यालय ज्वालामुखी में आयोजित होंगे। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास रखी गई है और आयु 19 वर्ष से 40 वर्ष तक है। अभ्यर्थी का भार 55 किलोग्राम से 95 किलोग्राम के बीच और 168 सेंटीमीटर लंबाई रखी गई है। चयनित होने वाले उम्मीदवार को कंपनी की ओर से 17000 से 20000 प्रति माह वेतन दिया जाएगा। इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों व पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ कार्यालय में सुबह 11 बजे पहुंचकर उक्त कंपनी के समक्ष साक्षात्कार में भाग ले सकते है। उन्होंने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार साक्षात्कार में भाग लेने से पहले वेबसाइट पर अपनी ई-मेल आईडी या मोबाइल नंबर से लॉगइन करने के बाद डैश बोर्ड पर दिख रही कंपनी की रिक्तियों के लिए आवेदन करना होगा। उम्मीदवार विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन के बाद ही साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### बरियाल के युवक से शातिरों ने ठगे 75 हजार

**नगरोटा सूरियां।** शातिरों ने बरियाल के एक युवक से 75 हजार ठग लिए हैं। पीड़ित अश्विनी कुमार ने बताया कि शनिवार को दोपहर 1:10 बजे मोबाइल पर कॉल आई कि वह उसका रिश्तेदार बोल रहा है। पहले यहां-वहां की बातें करने के बाद शातिर ने कहा कि उसने किसी को पैसे भेजने हैं, लेकिन उसको गूगल पे नहीं हो पा रहा है। शातिर ने कहा कि वह उनके नंबर पर पैसे भेजेगा और फिर इन पैसों को मुन्ना नाम के व्यक्ति के गूगल पे नंबर पर भेजने को कहा। शातिर की बातों में फंस कर गूगल पे नंबर ले लिया और उसे पेमेंट रसीद भेज दी। जब अश्विनी ने गूगल पे पर ओके किया तो उसके खाते से 75 हजार डेबिट हो गए। जब अश्वनी ने उस ठग को फोन किया तो उसका मोबाइल नंबर स्विच ऑफ आया। अश्विनी ने बताया कि 1100 नंबर हेल्पलाइन पर शिकायत डाल कर साइबर ठग से पैसे वापस दिलवाने की मांग की गई है।

### कांगड़ा में खुला ग्रेस फ्रोजन बाइट्स शोरूम, मिलेंगी खाने की सभी आइटम्स

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा शहर के लोगों के लिए ग्रेस फ्रोजन बाइट्स के नाम से शोरूम खुल गया है। इसके चलते कांगड़ा शहर के लोगों को अब मनपसंद चीजों के खाने के लिए कहीं बाहर से ऑर्डर करने की जरूरत नहीं रहेगी। शाकाहारी व मांसाहारी खाने के शौकीन लोगों के लिए गुरु नानक ट्रेडर्स कांगड़ा, जिनका स्टोर अब कांगड़ा के साथ गांव वोदड़ बल्ला में ग्रेस फ्रोजन बाइट्स के नाम से शोरूम खुल गया है। इनके पास विभिन्न प्रकार के ब्रांडेड फ्रोजन की आइटम्स, सी फूड, बेकरी आइटम्स ,स्नैक्स आल आइटम फिश फ्रोजन के साथ-साथ बच्चों के जन्मदिन की सारी आइटम्स उपलब्ध करवाई जा रही हैं। कंपनी के मालिक अमनदीप सिंह ने बताया कि इस स्टोर को खोलने का उनका मुख्य उद्देश्य यही है कि खाने पीने के जिन लोगों को ऐसी आइटमों के लिए दूरदराज के क्षेत्रों से मंगवाना पड़ता था, वे चीजें अब उनके घर-द्वार पर ही उपलब्ध हांगी। उन्होंने बताया कि उनके पास हंगरीटस, संकल्प, विबआ, मालास, बफे फ्रोजन फूड्स, रिचस रॉ. चिकन के अलावा गो चीज वर्ल्ड की तमाम चीजें उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही वह इसके लिए होम डिलीवरी करने के बारे में भी विचार कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



अमनदीप सिंह संचालक

### तलियाल में नायब तहसीलदार ने किया क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ

**अनिल छांगू, जवाली**

जवाली उपमंडल पंचायत डोल के राणा क्रिकेट क्लब तलियाल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तलियाल ग्राउंड में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इसमें नायब तहसीलदार कोटला कोविंद्र चौहान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। वहीं, वीरेंद्र कौशल व सुरिंद्र कुमार ब्लॉक समिति सदस्य ने विशेष अतिथि मौजूद रहे। राणा क्रिकेट क्लब द्वारा मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता के पहले दिन 12 के करीब क्रिकेट टीमें पहुंचीं। पहला मैच नगरोटा सूरियां व रानीताल की टीम के बीच शुरू हुआ। क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र राणा ने बताया कि क्लब व स्थानीय लोगों के सहयोग से हर वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होता है।

उन्होंने बताया कि विजेता टीम को 18000 रुपए तथा उपविजेता टीम को 10000 रुपए इनाम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्लब के द्वारा समय-समय पर खेल कूद गतिविधियां व सामाजिक कार्य करवाए जाते हैं। साथ ही खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन से युवाओं की ऊर्जा को खेलकूद लगाना मुख्य उद्देश्य है। वहीं मुख्यातिथि ने युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल से आपसी बहुत भाईचारा बढ़ता है तथा खेलों से सबसे अधिक फायदा स्वास्थ्य का भी होता है हमेशा खेल को प्यार से ही खेलना चाहिए और खेल से एक व्यक्ति जितना है दूसरा हारता है लेकिन खेलों को खेल की भावना से खेलना चाहिए। (अनंत ज्ञान)



# हेल्थ इज वेल्थ

## हाथ-पैर में सूजन हो सकता है किडनी की बीमारी का संकेत

### स्टेज-2 पर परहेज और इलाज के सहारे ठीक रहेगी किडनी

देश सहित प्रदेश में हर साल किडनी से जुड़ी बीमारी के 2 लाख से भी ज्यादा नए केस रजिस्टर किए जाते हैं। वास्तव में स्टेज-3 और स्टेज-4 पर पहुंच कर किडनी की बीमारियों का उपचार मुश्किल हो जाता है, जबकि स्टेज-2 ही ऐसा लेवल है, जहां पर परहेज और इलाज के सहारे अपनी किडनी को ठीक रख सकते हैं। किडनी की बीमारी स्टेज 2 के लक्षण डॉ. एनके गुप्ता के मुताबिक आमतौर पर किडनी की बीमारी के लक्षण तब तक नहीं दिखते जब तक किडनी डैमेज स्टेज-3 तक नहीं पहुंच जाता। लेकिन कुछ लक्षण ऐसे जरूर हैं जिन्हें देखकर डॉक्टर या कभी आप भी पता कर सकते हैं कि आपकी किडनी का डैमेज स्टेज-2 तक जा चुका है। जैसे कि आपके यूरिन से प्रोटीन का घट जाना। ये लक्षण जांच के बाद ही दिखाई देता है। अगर आप हाई ब्लड प्रेशर के मरीज हैं और आम तौर पर आपका ब्लड प्रेशर हाई रहने लगा है तो आपको जांच कराने की जरूरत है। अगर आपके हाथ और पांव में सूजन हो रही है और वो सूजन लगातार बनी रहती है तो आपको डॉक्टर से मिलने की जरूरत है। महिलाओं में ऐसा आम तौर पर पाया जाता है कि महिलाएं अगर लगातार यूरिन ट्रैक्ट इन्फेक्शन की शिकार हो रही हों तो संभव है कि उन्हें किडनी से जुड़ी कोई समस्या हो। अगर आपके यूरिन से खून आ रहा है तो ये भी किडनी डैमेज के स्टेज-2 बीमारी का लक्षण है। कई बार यह स्टेज-3 भी हो सकता है। इन सारे लक्षणों के अलावा डॉक्टर्स टेस्ट की मदद से किडनी की बीमारी का पता लगाते हैं कि वो बीमारी किस स्टेज पर है ताकि उसका सही तरीके से इलाज किया जा सके।

### किडनी डैमेज के कारण

किडनी को डैमेज तभी पहुंचता है जब हम स्वस्थ खाने से समझौता करते हैं। बाहर का खाना, तला खाना या मसालेदार खाना, हमारी किडनी की सेहत के लिए ठीक नहीं।स्वस्थ खाना है किडनी के लिए फायदेमंद। हमें अपने खाने में हरी सब्जियां,फल और अनाज की मात्रा बढ़ानी होगी। इसके साथ खाना बनाते वक्त साफ-सफाई से समझौता नहीं करना है तभी जा कर हम किडनी को पूरी तरह डैमेज होने से रोक सकते हैं।

### व्यायाम बनाता है किडनी को मजबूत

व्यायाम हमारी पाचन क्षमता को तो मजबूत करता ही है, जिसकी वजह से हमारी किडनी में कचरा जाने से बच जाता है। हमें इस बात का हमेशा ध्यान रखना है कि किडनी का काम हमारे शरीर को साफ रखना है। और इसके अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ खाना और व्यायाम दोनों जरूरी है। इसके साथ साथ हमें योग को भी अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। तो आप अगर किडनी की बीमारी स्टेज-2 के मुहाने पर खड़े हैं तो व्यायाम आपके लिए जरूरी है। ज्यादातर किडनी डैमेज शराब और धूम्रपान की वजह से ही होते हैं। शराब की वजह से हमारी किडनी में इतना कचरा जमा हो जाता है कि जिसकी वजह से हमारी किडनी डैमेज होने लगती है और ये डैमेज कभी कभार इतना हो जाता है कि किडनी का वापस ठीक होना नामुमकिन हो जाता है। यही स्मोकिंग के साथ भी है,ज्यादा स्मोकिंग आपको हाई ब्लडप्रेशर का मरीज बनाती है जिसका असर सीधे तौर पर किडनी पर पड़ता है।



डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट



### किडनी ट्रांसप्लांट संभव

स्टेज-2 के बाद स्टेज-3 और स्टेज-4 ही बस बचता है। इनका मतलब यह है कि आपकी किडनी पूरी तरह से डैमेज हो चुकी है। पूरी तरह से डैमेज किडनी का इलाज केवल किडनी ट्रांसप्लांट है, वह भी तब जब आप एफोर्ड कर सकें और किस्मत पूरी तरह से आपके साथ हो कि आपको सही वक्त पर सही किडनी मिल जाए। एक रास्ता और है,वो है डायलिसिस का, लेकिन बची खुची जिंदगी कौन बिस्तर पर काटना चाहेगा। इसलिए सावधानी बरतना ही बेहतर विकल्प है।

प्रस्तुति : मोहन चौहान, सोलन

## सर्दियों में इस उम्र के लोगों को हार्ट अटैक का ज्यादा खतरा

### ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्राल बढ़ने से बिगड़ जाती है दिल की सेहत

ठंड में दिल से जुड़ी बीमारियों का रिस्क बहुत बढ़ जाता है। दरअसल, सर्दियों के मौसम में ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्राल बढ़ने से दिल की सेहत गड़बड़ा जाती है। इसके कारण दिल में दौरा पड़ने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। सर्दियों में सुबह के समय हार्ट अटैक के मामले 53 प्रतिशत से ज्यादा होते हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं किन लोगों को हार्ट अटैक ज्यादा आने की संभावना रहती है और किन लोगों को अपनी सेहत को लेकर सावधान हो जाना चाहिए?

**सर्दियों** के मौसम में अधेड़ उम्र के लोगों को अपनी सेहत को लेकर सावधान हो जाना चाहिए। इस मौसम में जो पुरुष 45 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हैं, उनमें हार्ट अटैक की संभावना कई गुना ज़्यादा बढ़ जाती है। वहीं महिलाओं को 55 वर्ष या उससे अधिक उम्र के दिल का दौरा पड़ने की संभावना अधिक होती है। साथ ही जो लोग हद से ज्यादा स्मोकिंग और तंबाकू का सेवन करते है। उनकी हार्ट से ब्लड पहुंचाने वाली नर्व्स ब्लॉक हो जाती है। जिसके कारण हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं तो आपको अपनी सेहत पर ज्यादा ध्यान देने की ज़रूरत है। साथ ही मोटापा, हाई कोलेस्ट्रॉल और डायबटीज जैसी बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति भी इस मौसम में हार्ट अटैक का बहुत ज़्यादा शिकार होते हैं। अगर आपके परिवार में किसी को यह बीमारी रह चुकी है तो आपको हार्ट अटैक आने की संभावना बढ़ जाती हैं।



### ऐसे रखें अपना ख्याल

**अगर** आप स्वस्थ और सेहनतमंद शरीर चाहते हैं तो केवल कुछ नियमों का पालन करें। ऐसा करने से आप हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारी से बचे रहेंगे। अपनी जीवनशैली में हल्का-फुल्का बदलाव करें। समय पर भोजन करें। रात का भोजन हल्का-फुल्का करें और कोशिश करें की आप रात 8 बजे से पहले खाना खा लें। समय पर सोएं साथ ही 7 से 8 घंटे अपने दिमाग और शरीर को आराम दें। शहर में रहने वाले लोग दूध व दूध से बने खाद्य पदार्थ का सेवन 40 वर्ष की आयू के बाद बेहद कम कर दें या पूरी तरह छोड दें। खाने से रिफाइंड तेल का इस्तेमाल कम से कम करें। योग और एक्सरसाइज रोजाना करें।


## ये लक्षण बता देंगे शरीर में हो रही है पानी की कमी

### कम पानी पीने से सर्दियों में भी हो सकते हैं डिहाइड्रेशन का शिकार



*हर मौसम में लोगों के खाने-पीने की आदतें बदल जाती है। सर्दियां आते ही लोग गर्मागरम चीजें खाने लगते हैं। चाय कॉफी की मात्रा ज्यादा लेने लगते हैं और पानी कम पीते हैं। ठंडा मौसम होने के कारण प्यास भी कम लगती है। यही कारण है कि लोग अपनी लिक्विड डाइट पर ध्यान नहीं देते हैं। सर्दी में प्यास कम लगती है इसका ये मतलब नहीं है शरीर को पानी की जरूरत नहीं है। सर्दी में भी शरीर को उतना ही पानी चाहिए होता है। कम पानी पीने से आप डिहाइड्रेशन का शिकार हो सकते हैं। अगर आप कम पानी पी रहे हैं तो शरीर में ये लक्षण नजर आते हैं।*

### कम पानी पीने पर दिखते हैं ये लक्षण



***सिर में दर्द :*** अगर आपको सिर में भारीपन या दर्द जैसा महसूस होता रहता है तो समझ लें कि आप पानी कम पी रहे हैं। शरीर में पानी की कमी से लगातार सिर में दर्द बना रहता है। शरीर में पानी कम होने से दिमाग की कोशिकाएं सिकुड़ने लगती हैं। इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च की मानें तो शरीर में पानी कमी से सोचने और समझने की क्षमता पर भी असर पड़ता है।

***स्किन ड्राई होना :*** सर्दी के कम पानी पीने का एक और लक्षण है स्किन में ड्राईनेस बढ़ना। वैसे ठंड में त्वचा रूखी होना आम बात है, लेकिन ऐसा ज्यादा हो रहा है और त्वचा पर पपड़ी जैसी जम रही है तो ये पानी की कमी का कारण हो सकता है। लंबे समय तक पानी कम पीने वालों की त्वचा रूखी हो सकती है। सर्दियों में ये समस्या और बढ़ जाती है।

***पेशाब ज्यादा पीला होना :*** अगर पेशाब का रंग बहुत ज्यादा पीला है। पेशाब कम आ रहा है। पेशाब के बाद जलन हो रही है तो समझ लें शरीर में पानी की कमी हो रही है। पानी कम पीने से यूरिन पर तुरंत असर पड़ता है। शरीर में पानी की कमी से पेशाब संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। पेशाब का रंग गहरा पीला हो तो आपको तुरंत समझ लेना चाहिए कि कम पानी पी रहे हैं।

***मुंह सूखना :*** अगर आपके होंठ ज्यादा फट रहे हैं। बार बार सूख रहे हैं या फिर गला सूख रहा है तो पानी की कमी हो रही है। मुंह में ड्राईनेस फील होने पर समझ लें कि शरीर में पानी की कमी होने लगी है। मुंह सूखने का मतलब है कि सलाइवेरी ग्लैंड में पानी की कमी के कारण सही मात्रा में स्लाइवा नहीं बन पा रहा है। ऐसे लक्षण दिखने पर पानी ज्यादा पीना शुरू कर दें।

***दिल में भारीपन :*** लंबे समय तक शरीर में पानी की कमी रहने से खून की मात्रा पर भी प्रभाव पड़ता है। ऐसे में हार्ट को खून की सप्लाई करने में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। जिससे दिल पर जोर पड़ता है और भारीपन महसूस होता है। कई बार चलने फिरने में हार्ट बीट तेज हो जाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के सीएमडी तुषार पुंज और रिया पुंज के घर आई लक्ष्मी



अशोक ठाकुर, पठानकोट। श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज के पुत्र व ग्रुप के सीएमडी कंवर तुषार पुंज और रिया के घर लड़की का जन्म हुआ है। श्री साई ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज ने बताया कि यह समय ढेर सारे प्यार, हंसी और ऐसी यादों से भरा है, जो जीवन भर बनी रहेंगी। उन्होंने अपने पुत्र और बहू को उनकी प्यारी बच्ची के जन्म पर ढेरों शुभकामनाएं दी हैं। (अनंत ज्ञान)

### विधायक काजल ने सम्मानित किए खिलाड़ी



अनंत ज्ञान, कांगड़ा। जिला कांगड़ा से ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट हासिल करने वाले खिलाड़ियों को विधायक पवन काजल ने बेल्ट भेंट कर सम्मानित किया। काजल ने कहा ताइक्वांडो खेल से जहां यूथ वर्ग राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश, प्रदेश और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकता हैं वहीं आत्म सुरक्षा के लिए भी बहुत उपयोगी हैं। काजल ने कांगड़ा में ताइक्वांडो को बढ़ावा देने के लिए संघ को खिलाड़ियों की प्रेक्टिस के लिए आधुनिक मेटिंग और अन्य खेल सामग्री उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर ब्लेक बेल्ट खिलाड़ी,विजय कुमार कोच, पूजा, रुद्र सिंह, निकिता चौधरी, अदिति चौधरी, नंदिनी, शिवांक सिंह राणा, रुद्राक्षी, नव्य, निहारिका, आशिमा मनकोटिया, उपस्थित रहे।

### शेरलुहार व कलर में 50 सोलर लाइटें स्थापित

अनंत ज्ञान, देहरा। हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के देहरा विकास खंड के अंतर्गत कलर 31 ब्लॉक समिति सदस्य प्रोमिला देवी ने पंचायत शेरलुहार एवं कलर में उपायुक्त कार्यालय धर्मशाला द्वारा प्रदत्त 50 सोलर लाइट को स्थापित करने का कार्य पूर्ण किया है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों की पुरानी मांग की पूर्ति हुई है, जिससे लोगों ने प्रदेश सरकार और जिला एवं स्थानीय प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में 50 और सोलर लाइट है ब्लॉक समिति के अंतर्गत स्थापित की जाएगी। उन्होंने बताया कि बेसहारा वह जरूरतमंद लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही पेंशन के प्रावधान की उपलब्धता भी क्षेत्र में की गई है।

### आदर्श स्कूल परागपुर के मेधावी सम्मानित



अनंत ज्ञान, गरली। आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर में 22 दिसंबर को स्कूल प्रधानाचार्य गगन सूद की अध्यक्षता में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर चीफ गेस्ट ज्वालामुखी से रिटायर्ड सीएचटी नर्बदा सूद ने शिरकत की, जबकि सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी कुसुम वालिया भी उपस्थित रही। प्रधानाचार्य गगन सूद सहित सीएमसी, स्कूल टीचर स्टाफ की मौजूदगी में चीफ गेस्ट नर्बदा सूद व मौके पर मौजूद गणमान्य अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम पेश कर खूब समा बांधा। अंत में चीफ गेस्ट ने स्कूल के मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### फ्लाइंग ऑफिसर परमार का किया अभिनंदन



अनंत ज्ञान, पालमपुर। नानाओं में समस्त परमार परिवारों द्वारा रविवार को फ्लाइंग आफिसर प्रथम परमार का अभिनंदन किया गया। सर्वप्रथम फ्लाइंग ऑफिसर अपने परिवार सहित अपने कुलदेव अक्षेणा महादेव के दर्शन करने पहुंचे व कुलदेवी सच्चियात व माता शीतला का आशीर्वाद लिया। गांव पहुंचने पर दादा सूबेदार राय सिंह, उर्मिला देवी, प्रिंसीपल सर्वजीत सिंह, दादा चाचा भूपिंद्र सिंह ने परमार का स्वागत किया। स्थानीय विधायक विपिन परमार, विधायक भरमौर डॉ. जनक राज , होशियार सिंह पूर्व विधायक देहरा उनकी पत्नी पुनिता चंबियाल, कैप्टन संजय पराशर सीईओ मेरिन इंडिया लि. ने भी परमार का स्वागत किया व अपना आशीर्वाद दिया।

### स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल में खेल प्रतियोगिता आयोजित



अनंत ज्ञान, जवाली। स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ज्वाली में वार्षिक खेल प्रतियोगिता उद्घाटन समारोह किया गया। इस आयोजन में डीएसपी कुलजीत सिंह को चीफ गेस्ट के रूप में तथा सिविल जज शशि कांत को स्पेशल गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल, कमेटी अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह तथा अन्य सदस्यों ने चीफ गेस्ट का भव्य स्वागत किया। प्रतियोगिता का प्रारंभ चारों सदनों द्वारा शानदार मार्च पास्ट से किया गया। कक्षा तीसरी तथा चौथी के छात्रों द्वारा डंबल प्रतियोगिता की सुंदर प्रस्तुति दी गई। साथ ही ताइक्वांडो पर आधारित प्रस्तुति में छात्र-छात्राओं द्वारा आत्मरक्षा के अनेक तरीकों का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही मुख्यातिथि के द्वारा कबूतर उड़ाकर पिजन सेरेमनी, बैलून सेरेमनी,फ्लैग होस्टिंग, लाइटनिंग ऑफ टॉर्च आदि का आयोजन बहुत ही धूमधाम से किया गया। प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्र-छात्राओं को चीफ गेस्ट के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय का चरित्र निर्माण और देश प्रेम की भावना जगाने का हमेशा प्रयास करता रहेगा।

# वन विभाग पर्यटकों को पिलाएगा जूस, घरेलू उत्पाद खरीदने का भी मिलेगा अवसर

## ईको टूरिज्म नीति के तहत मैक्लोडगंज चर्च के पास स्थापित किया विक्रय केंद्र

संजय अग्रवाल, धर्मशाला



> जल्द ही यह विक्रय केंद्र खोला जाएगा, जहां पर पर्यटकों एचपीएमसी जूस के साथ घरेलू उत्पादों की खरीददारी कर सकेंगे। इस केंद्र में घरेलू उत्पादों के लिए स्वयं रोजगार में जुटी महिलाओं को स्टॉल उपलब्ध करवाए जाएंगे, ताकि पर्यटक व आम जनता आसानी से इन उत्पादों को खरीद सकें। इस विक्रय केंद्र से घरेलू उत्पादों को निर्माण करने वाली महिलाओं की आर्थिकी भी मजबूत होगी। इससे पर्यटकों के लिए नई ट्रैकिंग साइटों को भी चिन्हित किया जा रहा है। -दिनेश शर्मा, अधिकारी वन मंडल, धर्मशाला

वन विभाग पर्यटकों को फलों का जूस पिलाएगा, साथ ही विभाग उन्हें घरेलू स्तर पर बने उत्पादों को भी पर्यटकों को आसानी से खरीददारी करने का मौका प्रदान करेगा। धर्मशाला वन विभाग ने ईको टूरिज्म नीति के तहत पर्यटकों को मैक्लोडगंज में चर्च के सामने एक एक ही छत के नीचे फलों का जूस, महिलाओं द्वारा बनाए गए वस्त्र, आचार, पापड़, आमला पाउडर, मेथी, आटा-मेदा की सेमियां, सीरा, बड़ियां व गर्म कपड़े आदि मुहैया करवाएगा। इसके लिए विभाग द्वारा तैयारी भी कर ली गई है। चर्च के नजदीक ही विभाग द्वारा एक विक्रय केंद्र स्थापित कर दिया है, जिसमें घरेलू उत्पादों की बिक्री के लिए महिलाओं को काउंटर मुहैया करवाए जाएंगे।

मैक्लोडगंज स्थित चर्च को देखने के लिए भारी संख्या में देश-विदेशों से पर्यटक यहां पहुंचते हैं। वन विभाग द्वारा पहले ही यहां पर ईको पार्क की तैयार किया गया है। इस का निर्माण इस प्रकार से किया गया है जिसमें प्राकृतिक सुंदरता ओर पर्यावरण को किसी भी प्रकार का नुकसान नही पहुचने दिया गया है। इसका उद्देश्य पर्यटकों कोशहर को छोड़कर प्रकृति के नजदीक भी लाना है।

बता दें कि प्रदेश सरकार ने हाल ही में ईको टूरिज्म नीति में संशोधन भी किया है जिसमें ईको टूरिज्म यूनिट में स्थानीय लोगों को अनिवार्य तौर पर रोजगार देना होगा और स्थानीय उत्पादों का इस्तेमाल करने की बात कही गई है। प्रदेश में ईको टूरिज्म गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) 2023 में संशोधन किया गया है। इसी के तहत वन विभाग ने भी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस नीति के तहत कार्य करना शुरू कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

# बर्दाश्त नहीं होगा अंबेडकर का अपमान: संजय चौहान



अनंत ज्ञान, डरोह

सुलह विधानसभा क्षेत्र के भवारना में रविवार को कांग्रेसी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने भाजपा के नेता व गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा भारतीय संविधान की आलोचना व बेइज्जती करने के खिलाफ एक आक्रोश रैली निकाली। इसमें पूरे सुलह विधानसभा क्षेत्र से भारी मात्रा में कांग्रेसी कार्यकर्ता व सदस्य एकत्रित हुए। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय संविधान लिखने वाले डॉ. भीमराव अंबेडकर साहेब के नाम को अपमानित भाषा का प्रयोग करके उछाला गया साथ ही विश्व प्रसिद्ध भारतीय संविधान की धज्जियां भी उड़ाई गई। उन्होंने कहा कि ऐसी बयानबाजी करने वाले अमित शाह को आवश्यक तौर पर सजा मिलनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने केवल दलितों का ही नहीं बल्कि भारतीय संविधान का भी अपमान किया है।

# डॉ. विशाल महाजन को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिलने पर जताई खुशी



अनंत ज्ञान, इंदौरा

प्रताप वर्ल्ड स्कूल की प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन ने बताया कि प्रताप वर्ल्ड स्कूल के डायरेक्टर डॉ. विशाल महाजन को उनके समर्पण और कठिन मेहनत के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें बाबा रामदेव द्वारा दिया गया, जिन्होंने उनके जीवन भर के योगदान को सराहा और सम्मानित किया। बाबा रामदेव ने इस अवसर पर विशाल महाजन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके योगदान ने प्रताप वर्ल्ड स्कूल को एक नई दिशा दी और संस्थान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशाल महाजन ने अपने अनुभवों और स्कूल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के बारे में भी बात की और इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उन्हें और भी बेहतर काम करने के लिए प्रेरित करेगा। इस पुरस्कार से विशाल महाजन के कार्यों और योगदान को समाज में एक नई पहचान मिली है, जो उनके भविष्य में और भी अधिक ऊंचाइयों को छूने के लिए एक प्रेरणा बनेगा।

# मकड़ाहन वार्ड को नप जवाली से करें बाहर

जवाली। नगर पंचायत जवाली के वार्ड नं-दो मकड़ाहन के बाशिंदों की बैठक मकड़ाहन में मंगल सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वार्डवासियों ने नगर पंचायत से उनके वार्ड को बाहर करने की मांग उठाई। मंगल सिंह ने कहा कि उनके वार्ड के लोग काफी गरीब है तथा लोग दिहाड़ी-मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के टैक्स भरने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि हम किसी भी सूरत में नगर पंचायत में नहीं रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उनके वार्ड का सर्वे करवाया जाए ताकि सच्चाई का पता चल सके। उन्होंने कहा कि अब पानी के नलकों पर भी मीटर लगाकर टैक्स वसूल करने की मुहिम छेड़ दी गई है, बिजली तो पहले ही महंगी मिल रही है तथा अब हाउस टैक्स थोप दिए गए हैं। कूड़ा उठाने की पर्ची भी काटी जाती है। लोगों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, कृषि मंत्री चंद्र कुमार से मांग की है कि हमें नगर पंचायत से बाहर करके पंचायत में शामिल किया जाए, ताकि टैक्सों से बचा जा सके।

# विधायक किशोरी लाल ने नवाजे कृष्णानगर स्कूल के होनहार, बोले- मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग है शिक्षा

अनंत ज्ञान, बैजनाथ



विधायक किशोरी लाल ने रविवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कृष्णानगर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जलन एवं पुष्प अर्पित कर के किया।

किशोरी लाल ने कहा कि शिक्षा मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग है और छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत से ही जीवन में लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता और सफलता प्राप्त करने का कोई शॉटकट नहीं होता। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता का आधार होती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी काल में अनुशासन, परिश्रम की आदत बनानी चाहिए, ताकि इसका लम्बे समय तक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए तथा उसी के आधार पर प्रतियोगी को परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए। किशोरी ने कहा कि चुनावों के समय जो वादे उन्होंने जनता से किए थे, उन्हें चरणबद्ध पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा में व्यापक विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ कॉलेज में 4 विषय स्नातकोत्तर कक्षाओं को आरंभ किया गया है। इससे यहां के स्थानीय बच्चे घर के पास उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने शिक्षा व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

### गृह मंत्री की टिप्पणी संविधान की हत्या

विधायक किशोरी लाल ने भाजपा गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर के लिए अपमानजनक टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की और इसे संविधान की हत्या करार दिया। किशोरी लाल ने कहा कि बाबा साहेब हमारे पूजनीय है, उन्होंने हमें सम्मान और स्वाभिमान से जीने का अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता हमेशा से बाबा साहेब और उनके संविधान का अपमान करती आई है।

# फतेहपुर अस्पताल बनेगा आदर्श स्वास्थ्य संस्थान: शांडिल

## स्वास्थ्य मंत्री ने किया फतेहपुर क्षेत्र का दौरा

अनंत ज्ञान, फतेहपुर

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल रविवार को विधानसभा फतेहपुर के एक दिवसीय दौरे पर रहे। उन्होंने सिविल अस्पताल फतेहपुर में कहा कि प्रदेश सरकार हर विधानसभा में एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनाने को प्रयासरत है जहां पर हर तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों को मिल पाएं। विधानसभा फतेहपुर में विधायक भवानी सिंह पठानिया द्वारा सिविल अस्पताल फतेहपुर को चिन्हित किया है, जिसे आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनाया जाएगा। जहां पर सभी तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों को मिलेंगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी प्रस्तावित आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में 6 -6 स्पेशलिस्ट तैनात किए जाएंगे। वहीं, आगामी 10 तारीख तक सभी आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में अल्ट्रासाउंड मशीने पहुंचाने का भी प्रयास रहेगा। वहीं, विधायक भवानी सिंह पठानिया ने कहा सबसे पहले सिविल अस्पताल फतेहपुर को आदर्श स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित करने उपरांत सिविल अस्पताल रैहन को विकसित किया जाएगा। उसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रे को विकसित करेंगे। सिविल अस्पताल फतेहपुर को इस लिए चुना गया है, क्योंकि फतेहपुर विधानसभा का मध्य स्थल पड़ता है।

## जवाली अस्पताल का किया निरीक्षण



जवाली। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल ने रविवार को सिविल अस्पताल जवाली का निरीक्षण किया तथा स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा भी लिया। सिविल अस्पताल जवाली में डेढ़ करोड़ की लागत से निर्मित ऑक्सीजन जेनेरेटर प्लांट तथा अल्ट्रासाउंड व एक्स-रे मशीन को भी देखा। लोगों ने कहा कि डेढ़ करोड़ की लागत से निर्मित ऑक्सीजन जेनेरेटर प्लांट अभी चालू नहीं हो पाया है तथा अल्ट्रासाउंड व एक्स-रे की सुविधा भी पिछले तीन सालों से नहीं मिल पा रही है। लोग अल्ट्रासाउंड व एक्स-रे करवाने के लिए निजी अस्पतालों या लैबों में जाने को मजबूर हैं। अस्पताल में रेडियोग्राफर व रेडियोलॉजिस्ट नियुक्त करने की मांग उठाई गई। ऑक्सीजन जेनेरेटर प्लांट को भी चालू करने की मांग उठाई। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया करवाने के लिए प्रयासरत है।

# विधायक से की अवैध खेती के लिए की बाड़बंदी हटाने की मांग

## कमलेश ठाकुर से मिला पंचायत गदूतर का प्रतिनिधिमंडल



देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर से मिलता पंचायत गदूतर का प्रतिनिधिमंडल।

अनंत ज्ञान टीम, गुलेर/जवाली

पौंग झील किनारे अवैध फसल के लिए गुलेर में की गई बाड़बंदी को हटाने के लिए लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल ग्राम पंचायत गदूतर प्रधान ठाकुर दास की अगुवाई में देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर से मिला। लोगों ने विधायक को बताया कि झील की खाली जमीन पर कुछ साधन संपन्न लोग ही अवैध खेती करके लाखों का मुनाफा चंद महीनों में कूट लेते हैं। इस खेती के लिए वन्य जीव अभ्यारण्य क्षेत्र में ट्रैक्टर से हल, कंबाइन से कटाई और फिर बचे हुए गेहूं के अवशेष को आग लगा देते हैं। इससे लाखों जीव जंतुओं की मौत हो जाती है, वहीं घास मारने की दवाई का प्रयोग करने से उनके पालतू पशु भी इसका शिकार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि डैम बनने से उजड़े गरीब लोगों को संपन्न लोग खेती नहीं करने देते और खुद ही सारी जमीन को बीज देते हैं।

पंचायत गदूतर के प्रधान ठाकुर दास ने कहा कि लोगों ने अवैध खेती के खिलाफ बाड़ बंदी को हटाने के लिए तीन बार मौके पर धरना-प्रदर्शन किया और वन्य प्राणी विभाग ने आश्वासन दिया था कि एक हफ्ते के अंदर नोटिस देकर बाड़ बंदी को हटा दिया जाएगा, लेकिन अभी तक बाड़बंदी को नहीं हटाया गया है। इससे लोगों में विभाग के खिलाफ रोष बढ़ता जा रहा है। प्रधान ने विधायक कमलेश ठाकुर से अवैध खेती के लिए की गई बाड़बंदी को हटाने की मांग रखी।

# सुशासन दिवस पर 171 मंडलों में होंगे श्रद्धांजलि कार्यक्रम: त्रिलोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

भाजपा के कार्यक्रम सुशासन दिवस व वीर बाल दिवस को लेकर रूपरेखा तैयार कर ली है। भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने धर्मशाला में रविवार को पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि 25 व 26 दिसंबर को महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इसमें भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में दिल्ली में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री व अन्य लोग श्रद्धांजलि अर्पित कार्यक्रम करेंगे। इसी कड़ी में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देशों के तहत हर बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।





पत्रकार वार्ता में जानकारी देते त्रिलोक कपूर।

हिमाचल प्रदेश में भी राज्य अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल के निर्देशों पर हर बूथ में पूर्व पीएम अटल की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। अटल का ये जन्मदिवस शताब्दी वर्ष है, इसके चलते ये कार्यक्रम साल भर चलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम रहते हुए प्रधानमंत्री सड़क योजना से जहा कल्पना नहीं की जा सकती, वहां सड़कें बनेंगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल के 171 मंडलों में समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उनकी मूर्तियों पर माल्यार्पण करके उनके मार्ग व दिशा पर चलने को प्रेरित किया जाएगा।

# शाहपुर में स्थापित होगा उद्यान विभाग का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस : पठानिया

## इसराइल के बागवानी विशेषज्ञों ने शाहपुर में किया भूमि का निरीक्षण

अनंत ज्ञान, शाहपुर



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शाहपुर में उद्यान विभाग का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा ताकि बागवानों को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बागवानी को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव मदद कर रही है तथा इसी दिशा में बागवानों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। रविवार को फल संतति एवं प्रदर्शन स्थल शाहपुर में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया तथा उद्यान विभाग हिमाचल प्रदेश भारत सरकार के अधिकारियों व इसराइली बागवानी विशेषज्ञों ने शाहपुर में उद्यान विभाग के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए जमीन का संयुक्त निरीक्षण किया गया। उद्यान विभाग की तरफ से डॉ. विद्याप्रकाश बैस, संयुक्त निदेशक उद्यान (मध्य जोन, मंडी), डॉ. कमनशील नेगी (उपनिदेशक उद्यान, डॉ.रितेश शर्मा (विषय वस्त्र विशेषज्ञ, रैत), डॉ. नीरज शर्मा (विषय वस्तु विशेषज्ञ सुलह) डॉ. अनित (विषय वस्तु विशेषज्ञ, धर्मपुर) एवं डॉ. सुनीत शर्मा उद्यान विकास अधिकारी, विकास खंड भारत सरकार की तरफ से भी आदित्य प्रताप यादव, अवर मलिन, एमआईडीएच, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार व इसरायली बागवानी विशेषज्ञों में उरी कविस्टन व ही यूवल एटयार उपस्थित थे। इस दौरान उपसचेतक केवल सिंह पठानिया ने भारत सरकार के अधिकारियों तथा इसराइली बागवानी विशेषज्ञों को इस केंद्र को शाहपुर में बनाने के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

**आह्वान** — राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में राजनीतिक दलों और सांसदों ने की तिब्बत के घटनाक्रमों पर चर्चा

# तिब्बत समर्थन में भारतीय नेताओं से एकजुट होने का आह्वान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

तिब्बत से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा के लिए अखिल भारतीय तिब्बत संसदीय मंच (एपीआईपीएफटी) और निर्वासित तिब्बती संसद के बीच दिल्ली में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों और 25 से अधिक सांसदों ने भाग लिया।

बैठक की शुरुआत सांसद और एपीआईपीएफटी के सह-संयोजक तापिर गाओ के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद निर्वासित तिब्बती संसद की उपाध्यक्ष डोलमा त्सेरिंग तेखांग ने तिब्बत में नवीनतम घटनाक्रम पर जानकारी दी। स्पीकर खेंपो सोनम तेनफेल, राज्यसभा सदस्य और एपीआईपीएफटी के पूर्व संयोजक सुजीत कुमार और लोकसभा सदस्य और एपीआईपीएफटी के संयोजक भर्तृहरि महताब ने भी अपने संबोधन दिए।



बैठक में भारतीय तिब्बत संसदीय मंच और निर्वासित तिब्बती संसद के पदाधिकारी।

इस बैठक के दौरान कई अन्य सांसदों ने भी तिब्बत मुद्दे के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। बैठक का समापन तिब्बत के लिए अखिल भारतीय संसदीय मंच द्वारा तिब्बत पर एक प्रस्ताव पारित करने के साथ हुआ।

तिब्बत के लिए अखिल भारतीय संसदीय मंच के सह-संयोजक तापिर गाओ ने अपने संबोधन में शून्यकाल के दौरान भारतीय संसद में दिए गए अपने बयान का स्वागत किया। इसमें उन्होंने भारत सरकार से दलाई लामा की संस्था को मान्यता देने और उन्हें भारत रत्न प्रदान करने का आग्रह किया था। उन्होंने दलाई लामा के पुनर्जन्म और उत्तराधिकार के लिए भारत द्वारा तैयारी के महत्व पर भी जोर दिया। खासकर चीन द्वारा अपने स्वयं के 15वें दलाई लामा को नियुक्त करने के प्रयासों के आलोक में, जैसा कि आज भारतीय संसद में कहा गया। उपसभापति डोलमा त्सेरिंग तेयखांग ने तिब्बत में नवीनतम घटनाक्रमों के बारे में जानकारी दी, जिसमें चीनी सरकार द्वारा तिब्बती बच्चों को तिब्बत के औपनिवेशिक बोर्डिंग स्कूलों में जबरन भेजने पर प्रकाश डाला गया।

उन्होंने चीन के मानवाधिकारों के हनन के जवाब में तिब्बतियों द्वारा किए जा रहे आत्मदाह विरोध प्रदर्शनों के साथ-साथ तिब्बत में चीन के चल रहे सिनिकीकरण प्रयासों में लागू की गई रणनीतिक नीतियों और अन्य मुद्दों पर भी बात की। तिब्बत के लिए सर्वदलीय भारतीय संसदीय मंच (एपीआईपीएफटी) में एक भावपूर्ण भाषण में, अध्यक्ष खेंपो सोनम तेनफेल ने तिब्बत और उसके मुद्दे के समर्थन में भारतीय राजनीतिक नेताओं को एकजुट करने में मंच की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

इस बैठक में एपीआईपीएफटी के संयोजक भर्तृहरि महताब ने भारत और तिब्बत के बीच मजबूत दोस्ती पर जोर दिया, तिब्बत की समृद्ध संस्कृति, धर्म और भाषा को रेखांकित किया, जो चीनी कब्जे के कारण विनाश के खतरे में है।

## न्यूज ब्रीफ

### केवीए सदस्यों को जिम्मेदारियों की जानकारी दी




**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश में चल रहे फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना चरण 2 जाइका ओडीए बिलासपुर में केवीए के सदस्यों को समुदाय प्रेरक के लिए प्रेरणा कार्यशाला का आयोजन जिला प्रबंधक इकाई हमीरपुर द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में बिलासपुर जिला के सात उप परियोजना के सदस्यों ने भाग लिया जिसमें उप परियोजना कोठी बटाला भरोली, कामलोटा, छकोह, सुसनाल भपराल और भक्तपुर के केवीए सदस्य शामिल रहे। कार्यालय में डॉक्टर आरएस ठाकुर व डॉक्टर देवेंद्र संख्यान ने उपस्थित के वीए सदस्यों को उनकी भूमिका और जिम्मेदारी के बारे में बताया।

### 28 को घुमारवीं में कैंपस इंटरव्यू का होगा आयोजन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला रोजगार अधिकारी राजेश मैहता ने जानकारी देते हुए बताया कि यशस्वी ग्रुप द्वारा क्रॉम्पटन ग्रीव्स इलेक्ट्रिकल लिमिटेड बद्दी, मोरपेन लैबोरेट्रीज बद्दी, ग्राइंडवेल नॉर्टन बरोटीवाला तथा एम टी ऑटोक्राफ्ट बरोटीवाला के लिए डिप्लोमा इंजीनियर तथा आई टी आई ट्रेनीज़ के 100 पदों हेतू 28 दिसंबर को उप रोजगार कार्यालय, घुमारवीं, मे 11 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी ट्रेड में आईटीआई अथवा डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल या मैकेनिकल इंजीनियरिंग होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि उमीदवार की आयु 18 से 25 वर्ष के पुरुष व महिला उम्मीदवार पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि मासिक मानदेय आईटीआई पास के लिए 14 हजार 5 सौ से लेकर 16 हजार रुपए तथा डिप्लोमा इंजीनियरिंग के लिए 15 हजार से लेकर 17 हजार होगा। इच्छुक उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित दिनांक 28 दिसम्बर को उप रोजगार कार्यालय, घुमारवीं में पहुंच कर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते है।

### कुक/हेल्पर्स के लिए कुकिंग कंपटीशन का आयोजन



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** मिड-डे मील योजना के तहत स्कूलों में बच्चों को स्वच्छ व स्वस्थ खाना परोसना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को कुक/हेल्पर्स के लिए कुकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। प्रारंभिक शिक्षा उप निदेशक कमलदेव शर्मा ने बताया कि सभी स्कूलों में मिड-डे मील योजना के तहत पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को दोपहर का भोजन परोसा जाता है। खाने के लिए पूरे सप्ताह का मेन्यू निर्धारित किया जाता है। इसके लिए सभी स्कूलों में कुक/हेल्पर नियुक्त किए गए हैं। जिला में कुकिंग कंपटीशन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए जिला विज्ञान पर्यवेक्षक कश्मीर सिंह ने बताया कि सदर खंड की प्रतियोगिता मंडी-माणवां, घुमारवीं-1 की डंगार, घुमारवीं-2 की घुमारवीं, झंडूता की बलघाड़, स्वारघाट की स्वारघाट तथा नयनादेवी की नयनादेवी स्कूल में आयोजित की गई। घुमारवीं-1 में डंगार स्कूल के शेर सिंह व सलाओं की प्रीतमा देवी, घुमारवीं-2 में त्यून खास की रीना व तल्याणा की रंजना, नयनादेवी में नयनादेवी स्कूल की अंजलि व लोअर मंडयाली की शीला, झंडूता में नखलेहड़ा की कमला व अमरोहा की गोदावरी, स्वारघाट में डढोग की नीलम व स्वारघाट के राममूर्ति/टिक्कर की कमलेश कुमारी तथा सदर ब्लॉक में ठौडू संदौली स्कूल की सरोज व लघट की पुरुषोत्तमा देवी ने क्रमशः पहला व दूसरा स्थान हासिल किया।

### बच्चों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में लहराया परचम



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कनैड में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला मटरू के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने झमाकड़ा डांस में प्रथम स्थान, बाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। इन उपलब्धियों के बल पर इन विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो 25 दिसंबर को सुन्नी, शिमला में आयोजित होगी। विद्यालय की मुख्य शिक्षिका अनीता देवी ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों और स्टाफ की कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और विद्यालय के साथ-साथ ब्लॉक का नाम रोशन करेंगे। इस उपलब्धि पर अभिभावकों और क्षेत्रवासियों ने भी खुशी जाहिर की और विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### जीव जंतु कल्याण पर लोगों को दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पशु अत्याचार निवारण समिति के संस्थापक सदस्य एवं भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के मनोनीत जीव जंतु कल्याण प्रतिनिधि सीताराम वर्मा ने छात्रों को जीव जंतु कल्याण बारे जानकारी प्रदान की। उनके द्वारा यह कार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हतगढ के छात्रों के भ्रमण के दौरान संपन्न किया। उन्होंने जानकारी दी कि सर्दियों में पशुओं की सुरक्षा, रोग उपचार, पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की अनुपालना कैसे सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आवाहन किया कि बेसहारा गोवंश पर हो रहे अत्याचार की रोकथाम के लिए सीपीसीए को सभी सहयोग करें।

# घुमारवीं को मिलेगी ट्रैफिक से निजात

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

घुमारवीं शहरवासियों को जल्द ही एक करोड़ बीस लाख रुपए की लागत से बन नई पार्किंग की सौगात मिलेगी। नगर परिषद घुमारवीं के एसडीएम कार्यालय और मेला ग्राउंड के समीप पार्किंग करीब एक वर्ष पहले बनकर तैयार हो चुकी है, जल्द ही नवनिर्मित पार्किंग का लोकार्पण होगा।

लोग काफी समय से इस पार्किंग के खुलने का इंतजार कर रहे हैं,क्योंकि इस पार्किंग से बाजार में लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से काफी राहत मिल सकती है वैसे भी यह शहर की पहली पार्किंग है जिसे नगर परिषद घुमारवीं संचालित करेगा।

घुमारवीं शहर में पार्किंग का अभाव होने के कण मजबूरन वाहन चालक नेशनल हाइवे या फिर तहसील परिसर को जाने वाली सडक़ के किनारे ही वाहन पार्क कर देते हैं। इससे कई बार यहां पर जाम की स्थिति भी बन जाती है तथा कई बार वाहन चालकों को इसका खामियाजा चालान कटवाकर भुगतान पड़ता है। नगर परिषद के अधिकारियों की माने तो इसका उद्घाटन तकीनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी करेंगे। इसको लेकर तिथि तय नहीं हो सकी है।



मेला ग्राउंड के समीप बनी हुई पार्किंग का दृश्य।

**एक साल पहले हो चुका है पार्किंग का काम पूरा**

- 1 करोड़ 20 लाख की पार्किंग की मिलेगी सौगात
- पार्किंग खुलने का अब इंतजार होगा खत्म

बताते चलें कि नगर परिषद घुमारवीं के अंतर्गत मेला ग्राउंड के पास नवनिर्मित पार्किंग का शिलान्यास नवम्बर 2020 को तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा किया गया था। लेकिन मई 2023 में तैयार हो चुकी यह पार्किंग उद्घाटन के इंतजार में धूल फांक रही है। (अनंत ज्ञान)



**करीब** एक करोड़ 20 लाख रुपए में तैयार हुई इस मल्टीस्टोरी पार्किंग में करीब 35 से 40 गाड़ियों के खड़े करने की जगह है। इस पार्किंग का काम करीब एक वर्ष पहले ही पूरा हो चुका है जिसके बाद संबंधित ठेकेदार द्वारा इस पार्किंग को विभाग को सौंपा जा चुका है। करीब एक वर्ष में इस पार्किंग को लोगों को समर्पित करने की बजाय पार्किंग की सबसे निचली मंजिल में कूड़ा रखने के लिए किया जा रहा था। वही इस पार्किंग को नगर परिषद लीज पर देनी की तैयारी कर रहा है।

### शीघ्र ही पार्किंग का होगा उद्घाटन : रीता सहगल

**नगर** परिषद घुमारवीं की अध्यक्ष रीता सहगल ने बताया कि घुमारवीं में मेला ग्राउंड के समीन बनी पार्किंग बनकर तैयार है। शीघ्र ही इस पार्किंग का उद्घाटन करवाकर लोगों को समर्पित कर दी जाएगी।

# टेपरा स्कूल में नवाजे मेधावी



मुख्य मेहमान को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिले की गौरवमयी बहादुरपुर धार के आंचल टेपरा में बसे राजकीय उच्च पाठशाला में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में समाजिक कार्यकर्ता मस्तम राम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

गौर हो कि मस्त राम ने टेपरा हाई स्कूल को गोद भी लिया है। स्कूल प्रबंधन की ओर से मुख्यातिथि को सम्मानित किया। राजकीय उच्च पाठशाला टेपरा की मुख्य शिक्षिका अमरती देवी ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी।

मुख्यातिथि ने विभिन्न गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। पांचवी कक्षा में प्रथम दिव्यांशी, द्वितीय कार्तिक तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले विकास ठाकुर, दसवीं कक्षा में प्रथम प्रिया ठाकुर, द्वितीय हंसराज तथा तृतीय नेहा को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में शिक्षकों में शामिल अरविंद कुमार, ज्ञान चंद, प्रदीप कुमार, रमेश कुमार, मुंशी राम, राकेश कुमार, सुरजीत सिंह, राम कृष्ण अन्य मौजूद थे।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एम्स बिलासपुर में जहरीली वस्तु को सेवन करने वाले एम्स बिलासपुर में जहरीली वस्तु को सेवन करने वाले पंजाब के एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस व्यक्ति को एम्स बिलासपुर में उपचारके लिए पहुंचाया गया था। लेकिन यहां पर इसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान दलबीर सिंह निवासी कोटला कीरतपुर साहिब, आनंदपुर साहिब पंजाब उम्र 30 साल के तौर पर हुई है। पुलिस मामले को लेकर आगामी कार्रवाई कर रही है। उधर, बिलासपुर डीएसपी मदन धीमान ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कारवाही शुरू कर दी है।

# एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

जिला के कंदरौर के समीप एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने ग्राम पंचायत कंदरौर की प्रधान सोमा देवी की शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी गई शिकायत में पंचायत प्रधान सोमा देवी निवासी कंदरौर ने कहा है कि गत देर सायं उसे किसी ने सूचना दी कि धार पुखर के शनिदेव मंदिर के पास एक व्यक्ति घायल अवस्था में गिरा पड़ा है। जिस पर जब वह मौके पर पहुंची तो देखा कि संबंधित व्यक्ति औंधे मुंह गिरा पड़ा था तथा उसके सिर से बहुत खून बह रहा था। जब उसका निरीक्षण किया तो उसकी पहचान संजीव कुमार निवासी स्योहला डाकघर जुखाला तहसील सदर के रूप में हुई।

संबंधित व्यक्ति पिछले काफी समय से कंदरौर क्षेत्र में मजदूरी करता था। संभावना जताई कि यह दुर्घटना अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से हुई है। अज्ञात वाहन चालक ने गाड़ी का टायर उस पर चढ़ा दिया था। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर थाना सदर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया।

डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि थाना सदर पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# 15 हजार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी**

हिमाचल प्रदेश विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में आज रविवार के दिन तेज ठंडी हवाओं के बावजूद 15 हजार के करीब श्रद्धालुओं ने माताजी के दर्शन किए अपने घर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

पजाब हिमाचल हरियाणा दिल्ली यूपी बिहार से भारी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचे और माता जी के दरबार में हाजिरी लगवाई। रविवार की छुट्टी के चलते मंदिर में श्रद्धालुओं का भारी हजूम उमड़ पड़ा। माता जी का मंदिर ऊंचे जयकारों से गुंजित हो उठा। हालांकि मंदिर के द्वारा सुबह 3 बजे दर्शनों के लिए खोल दिए गए थे। लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा।



नयना देवी मंदिर में दर्शन के लिए खड़े श्रद्धालु।

मंदिर न्यास के सहायक सुरक्षा इंचार्ज महेंद्र सिंह ने पत्रकारों को बताया कि पंजाब और समीपवर्ती क्षेत्रों में धुंध होने के कारण सुबह-सुबह श्रद्धालुओं कम संख्या में आए, लेकिन 11:00 बजे के बाद मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लग गया और लगातार श्रद्धालु भारी संख्या में माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। मंदिर न्यास द्वारा तैनत सुरक्षा कर्मियों और होमगार्ड के जवानों ने भारी भीड़ पर नियंत्रण बनाए रखा और पंजाब के श्रद्धालुओं के द्वारा मंदिर के मुख्य और निकासी द्वार पर चाय पानी की लंगर सेवा भी की जिसकी श्रद्धालुओं ने काफी सराहना की।

### डैहर चौक से ट्रक चुरा ले गए अज्ञात चोर

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बरमाणा थाना के अंतर्गत बीडीटीएस ढुलाई कार्य में कार्यरत ट्रक चोरी हुआ है। पुलिस ने मालिक की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मनेंद्र सिंह निवासी सलनू ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा है कि उसका ट्रक राहीघाट, शिमला में सीमेंट अनलोड करके आई थी। चालक केशव ने अपने घर के पास डैहर चौक पर गाड़ी खड़ी की थी। लेकिन अचानक ही यहां से अज्ञात लोग इसस गाड़ी को चुराकर ले गए हैं। उन्होंने कहा कि इस गाड़ी के साईड में एएससी लिखा हुआ है। गाड़ी को कोई अज्ञात लोग चुराकर ले गए हैं। डीएसपी हैडक्वार्टर मदन धीमान ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है।

### महिला प्रधान के साथ फेसबुक पर अभद्र व्यवहार करने पर केस

**बिलासपुर।** सदर थाना के अंतर्गत एक महिला पंचायत प्रधान के साथ फेसबुक पर अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। पुलिस ने पंचायत प्रधान की शिकायत के आधार पर एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार महिला पंचायत प्रधान ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसकी ही पंचायत के एक व्यक्ति द्वारा फेसबुक के माध्यम से उसके साथ अभद्र व्यवहार किया है। पंचायत प्रधान ने कहा है कि उसका घर भी जंगल के किनारे है और घर में अकेली ही रहती हैं। परिवार के सदस्य चंडीगढ़ रहते हैं। इस व्यक्ति से उसे खतरा भी बना हुआ है।

प्रधान ने कहा कि यदि उसके साथ कोई भी हादसा होता है तो उसके लिए यह संबंधित व्यक्ति जिम्मेदार होगा। पुलिस से आग्रह किया कि व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाए। डीएसपी हैडक्वार्टर मदन धीमान ने बताया कि मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सुक्खू सरकार का कर्मचारी विरोधी चेहरा उजागर : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि झूठी गारंटियों के सहारे सत्ता में आई कांग्रेस सरकार का असली चेहरा अब सामने आ चुका है। पुरानी पेंशन बहाल करने के नाम पर वोट बैंक की राजनीति करने वाली ये सरकार अब ऐसे पेंच फंसाकर कर्मचारियों का गला घोंटने जा रही है जिससे लाखों कर्मचारी प्रभावित हो चुके हैं। हमारे विरोध के बाबजूद कांग्रेस सरकार ने बहुमत के नाम पर सरकारी कर्मचारियों से जुड़े भर्ती और सेवा शर्तें विधेयक 2024 विधानसभा में पास कर दिया है।

जिन कर्मचारियों की सरकारी नियमित सेवा कम रही हो उनके वित्तीय लाभ कम हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अनुबंध कर्मचारी भी पब्लिक सर्विस कमीशन और राज्य चयन आयोग का इंटरव्यू पास करके आते हैं। सरकार की पॉलिसी के तहत दो साल बाद इन्हें नियमित किया जाता है। इन कर्मचारियों का यह पीरियड सीनियोरिटी और अन्य लाभों के लिए कंसिडर हो इसका लाभ कर्मचारियों ने कोर्ट में जाकर लिया है, लेकिन आज इस संशोधन को लाकर सरकार उनके बेनिफिट को छीन रही है। ये बिल्कुल कर्मचारी विरोधी संशोधन है। इससे इस सरकार का कर्मचारी विरोधी चेहरा उजागर हो चुका है। जयराम ठाकुर ने कहा कि ये चाहे रेट्रोस्पेक्टिव हो या प्रोस्पेक्टिव, किसी भी स्तर पर संशोधन लाने की कोई आवश्यकता नहीं थी।

कोर्ट से निर्णय होने के बाद आप संशोधन विधेयक लाए हैं, जो ठीक नहीं है। आप बहुमत में है इसलिए आपने इस संशोधन को पास कर दिया लेकिन वो कर्मचारी फिर कोर्ट जाएंगे। सरकार जो पैसा बचाने की बात कर रही है उससे ज्यादा पैसा वकीलों को दिया जाएगा।

# विनोद कुमार ने ज्योतिष विज्ञान में की एक नए युग की शुरुआत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- वरिष्ठ आचार्य के पद पर नियुक्त होने वाले पहले आचार्य

हमीरपुर जिला के एक छोटे से गांव पुरली के एक साधारण परिवार में जन्मे विनोद कुमार शर्मा ने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण से ज्योतिष विज्ञान में एक नए युग की शुरुआत की। प्रो. विनोद कुमार शर्मा की जीवन यात्रा एक प्रेरणादायक कहानी है जो हमें यह सिखाती है कि कठिन परिश्रम, समर्पण और जुनून से हम अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं।



उनका जन्म हमीरपुर जिले के बम सन उपमंडल के पुरली गांव में हुआ था और उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा राजकीय प्राथमिक विद्यालय पुरली और माध्यमिक शिक्षा राजकीय माध्यमिक विद्यालय कक्कड़ से पूरी की। इसके बाद उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली से प्राप्त की, जहां उन्होंने शास्त्री (बीए) और आचार्य (एमए) की उपाधियां अर्जित कीं। इसके बाद, उन्होंने शिक्षा शास्त्री (बीएड) की डिग्री श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली से प्राप्त की। प्रो. शर्मा ने विद्यावारिधि (पीएचडी) की उपाधि श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से प्राप्त की, जहां उन्होंने ज्योतिष विभाग में शोध कार्य किया।

वर्तमान में, प्रो. शर्मा श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में ज्योतिष विभाग के वरिष्ठ आचार्य (प्रोफेसर) के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपने शोध कार्य के दौरान कई पुस्तकें और शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और उन्हें कई प्रतिष्ठित संस्थानों से सम्मानित भी किया गया है। प्रो. शर्मा के मार्गदर्शन में 11 शोधार्थी विशिष्टाचार्य तथा 07 शोध छात्र विद्यावारिधि की उपाधियां प्राप्त कर चुके हैं। शर्मा द्वारा पुस्तकें और अनेक शोध-पत्र प्रतिष्ठित शोधपत्रिकाओं में प्रकाशित हैं। प्रो. शर्मा ज्योतिष विभागाध्यक्ष के रूप में सफल कार्यकाल पूरा कर चुके हैं।

वहीं विद्वत परिषद, अनुसंधानोपाधि समिति, अध्ययन मंडल समिति, प्रवेश समिति, चयन समिति, और सम्पादक मंडल आदि विविध समितियों के सदस्य हैं।

प्रो. शर्मा विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में उपकेंद्राध्यक्ष, केंद्राध्यक्ष और मुख्य परीक्षक के रूप में सफलता पूर्वक अपना उत्कृष्ट योगदान दे रहे हैं। प्रो. विनोद कुमार शर्मा, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग से वरिष्ठ आचार्य के पद पर नियुक्त होने वाले पहले आचार्य हैं।

# कहलूर प्रेस क्लब के सदस्य जरूरतमंदों की सेवा में बढ़ाएंगे हाथ



बैठक के दौरान मौजूद प्रेस क्लब के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

कहलूर प्रेस क्लब घुमारवीं द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संघ के करीब 15 सदस्यों ने भाग लिया । बैठक में सर्वप्रथम पत्रकार अश्विनी राणा के पिता के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त कर शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की गई।

इस बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही जिस तरह से आए दिन पत्रकारों पर झूठे मामले दर्ज किया जा रहे हैं उसे पर भी खेद व्यक्त किया गया। क्लब ने इसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला बताया और कहा पत्रकारों को अपने काम करने से रोकने की कोशिश की जा रही है और यह किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं होगा। भविष्य में इन सभी चीजों को लेकर आगे की रणनीति भी बैठक में तय की गई । इसके साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि क्लब पत्रकार साथी अश्वनी राणा के पिता के आकस्मिक निधन पर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करेगा।

निर्णय लिया गया कि क्लब के सभी सदस्य मिलकर क्लब के लिए फंड भी जमा करेंगे। सभी सदस्य मासिक 100 रुपए मासिक शुल्क के रूप में जमा करवाएंगे ताकि आने वाले समय में किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में उस फंड का प्रयोग किया जा सके। निर्णय लिया गया कि भविष्य में क्लब सभी साथी मिलकर जरूरतमंद लोगों की सेवा में अपना हाथ बढ़ाएंगे।

**अव्यवस्था** शहर में लगे कूड़े के ढेर, चारों ओर गंदगी का आलम

# घुमारवीं में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की योजना हांफी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर परिषद घुमारवीं के तहत शहर के लोग पिछले एक महीने से कूड़े की समस्या से जूझ रहे हैं। क्योंकि पिछले करीब एक महीने से नगर परिषद घुमारवीं लोगों के घरों से सुखा कूड़ा नहीं उठा पा रही हैं। जिससे स्वच्छता के बड़े-बड़े दावे करने वाली नगर परिषद की जमीनी हकीकत सामने आ रही है।

वहीं अब लोगों द्वारा नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। क्योंकि एक तरफ तो नगर परिषद ने खुले में कूड़ा फेंकने पर पांच हजार रुपए का जुर्माना रखा है।

वहीं दूसरी तरफ खुद नगर परिषद कूड़ा लेने से इनकार कर रहा है। ऐसे में लोग असमंजस में है कि पिछले एक महीने से घरों में सूखे कूड़े के लगे ढेरों का वह क्या करें। लोगों के लिए कूड़े को लेकर स्थिति बेहद खराब होती जा रही है। क्योंकि लोगों के घरों में सुखा कूड़ा इतना हो चुका है कि लोगों के लिए अब उसे घरों में रखना मुश्किल होता जा रहा है। हालांकि अब शहर में कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लगा शुरू हो चुके हैं और अगर यही स्थिति रही तो वह दूर नहीं जब शहर की हर गली मोहल्ले में कूड़े के ढेर नजर आने लगेंगे ।



बताते चले नगर परिषद ने घुमारवीं द्वारा पिछले चार पांच साल से डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने की योजना शुरू की थी। इसमें गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग कर लोगों के घरों से लिया जाता था, लेकिन अब यह योजना पूरी तरह से हांफ गई है।

### लोग कूड़ा रखने में असमर्थ

लोगों का कहना है कि पिछले 1 महीने से नगर परिषद द्वारा कूड़ा न लेने के कारण अब घरों में कूड़ा रखने में असमर्थ है। इसलिए उन्हें मजबूरन कूड़ा जलाना या इधर-उधर फेंकना पड़ेगा। जिसके लिए नगर परिषद जिम्मेवार होगा। नगर परिषद ने शहर की साफ सफाई कर लिए ठेकेदार के माध्यम से 35 सफाई कर्मचारी रखे हैं लेकिन शहर से दुखा कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है।

### सुखा कूड़ा लोगों के साथ नगर परिषद के लिए बना आफत

**लोगों** का कहना है कि पिछले एक महीने से नगर परिषद का कोई भी कर्मचारी सुखा कूड़ा नहीं ले रहा है । हालांकि नगर परिषद जिला कूड़ा लगातार लोगों से ले रहा है, लेकिन सुखा कूड़ा लोगों के साथ-साथ है नगर परिषद के लिए भी आफत बन गया है। जबकि नगर परिषद ने मार्च तक कूड़ा संयंत्र बनाने का दावा किया है। लेकिन फिलहाल सूखा कूड़ा नगर परिषद के लिए गले की फांस बन चुका है ।

> नगर परिषद के पास फिलहाल डंपिंग साइट न होने के कारण सूखे कूड़े को लेकर दिक्कत आ रही है। लेकिन नगर परिषद द्वारा सूखे कूड़े को लेकर योजना बनाई गई है जिसके तहत बड़े-बड़े बोरों में कूड़ा इकट्ठा कर उन्हें बांधकर रखा जाएगा।बोरे मंगवाए गए हैं एक-दो दिन में जैसे ही बोरे आ जाएंगे। सुखा कूड़ा लेना शुरू कर दिया जाएगा । तब तक लोग नगर परिषद का हयोग करें।
>
> **-खेमचंद वर्मा, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद, घुमारवीं।**

# सरकार शिक्षा के ढांचे को मजबूत कर रही : विवेक



कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य व अन्य लोग।

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

- राजकीय उच्च पाठशाला गाह घोड़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

राजकीय उच्च पाठशाला गाह घोड़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस समारोह में झंडूता कांग्रेस नेता एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव विवेक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान स्कूल पहुंचने पर विवेक कुमार का स्कूल स्टाफ सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया।

इस दौरान विवेक कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के ढांचे को मजबूत कर रही है। ताकि स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे नौनिहालों को बेहतर शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रतिस्पर्धा का दौर है, जिसके चलते बच्चों को कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। उन्होंने आह्वान किया कि बच्चे कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ें। वहीं, इससे पहले मुख्य अतिथि का स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया गया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। बच्चों ने हिंदी, पंजाबी, पहाड़ी सहित अन्य गीतों पर खूब धमाल माचाया।

इस दौरान स्कूल प्रशासन की ओर से स्कूल में डंगे के निर्माण की मांग रखी। इसके लिए साढ़े सात लाख रुपए की राशि स्वीकृत कर दी गई है। जल्द ही इसका कार्य शुरू हो जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कस्तूरबा छात्रावास की छात्राओं को बांटे ट्रैकसूट



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** उपमंडल सलूणी के अंतर्गत किहार में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में समाजसेवी प्रवीण टंडन द्वारा 100 बच्चियों को ग्राम ट्रैकसूट उनके पिता द्वारा स्वयं छात्रावास जाकर वितरित किए गए। इस आयोजन में समाजसेवी प्रवीण टंडन के युवा साथी भी मौजूद रहे। प्रवीण टंडन के पिता ने इस मौके पर जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है, जिसके मद्देनजर उन्होंने इस बालिका छात्रावास की नन्ही-मुन्नी बच्चियों को गर्म ट्रैकसूट बांटकर उनकी मदद की है। वहीं छात्रावास में पढ़ने वाली छात्राओं ने तथा छात्रावास प्रबंधन ने भी आए हुए सभी लोगों का तहे दिल से धन्यवाद किया तथा कामना की हुए भविष्य में भी ऐसे समाजसेवी कार्यों को अंजाम देते रहेंगे और जरूरतमंदों की सेवा हेतु आगे आते रहेंगे।

### भारत-पाक सीमा पर चलाया सर्च ऑपरेशन

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** भारत-पाक सीमा पर शनिवार रात ड्रोन मूवमेंट देखे जाने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई। इसके चलते रविवार सुबह से ही पाकिस्तान सीमा से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर बड़े स्तर पर सर्च अभियान भी चलाया जा रहा है। बॉर्डर क्षेत्र के अलग-अलग गांव में बीते दिनों संदिग्ध व्यक्ति देखे जाने की घटना के बाद अब भारत-पाक सीमा के नजदीक अंतर्राष्ट्रीय सीमा नजदीक ड्रोन एक्टिविटी की सूचना के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं और सुरक्षा अभियान शुरू कर दिया गया है। भारत-पाकिस्तान सीमा रेखा से लगभग आधा किलोमीटर की दूरी पर आसमान में ड्रोन मूवमेंट जैसे ही जवानों ने देखी तो तुरंत फायरिंग शुरू कर दी। जिसकी आवाज भी ड्रोन जैसी ही सुनाई दे रही थी। हालांकि अभी तक किसी प्रकार की कोई भी संदिग्ध गतिविधि सामने नहीं आई है। ड्रोन की सूचना मिलते ही रविवार सुबह सर्च भी चलाया गया है। सर्दी और धुंध के मौसम में पाकिस्तानी तस्कर घुसपैठ करने के नए नए तरीके अपनाने लगे हैं। हालांकि यह भी देखा जा रहा है कि पहले की भांति अब भी ड्रोन कोई तस्करी की खेप तो नहीं फेंक कर गया।



### घरोह स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि वर्तमान सरकार की ओर से भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन अनिवार्य बनाया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमना सरकार शिक्षा में गुणवत्ता पर भी विशेष बल दे रही है तथा विद्यालयों में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है। रविवार को उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घरोह के वार्षिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार बोर्डिंग स्कूल खोलने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि सुख शिक्षा योजना के तहत विधवा तथा एकल नारियों के बच्चों को भी शिक्षा के लिए आर्थिक मदद देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने स्कूल के मेधावी बच्चे सम्मानित भी किए।

# लूणा-छतराड़ी संपर्क मार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक की मौत

## तीन घायलों में से दो टांडा रेफर, एक का चंबा अस्पताल में चल रहा उपचार

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

लूणा-छतराड़ी संपर्क मार्ग पर रविवार सुबह करीब 11 बजे एक पिकअप दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार चार लोग बुरी तरह से घायल हो गए हैं। घायलों को स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू करके मेडिकल हॉस्पिटल चंबा भेज दिया, जहां तीन की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें टांडा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कांगड़ा रेफर किया गया। इनमें से एक की मौत रास्ते में ही हो गई।



हादसे में क्षतिग्रस्त हुई गाड़ी और साथ खड़ा ट्रक, जिस पर यह गाड़ी गिरी।

मृतक की पहचान विकास उर्फ विक्की पुत्र अंबिया राम गांव लूणा ग्राम पंचायत सैहली के रूप में हुई है। वहीं, दो घायलों सुभाष कुमार पुत्र रावण गांव तरेला पंचायत औराफाटी व रिंकू पुत्र विष्णु राम गांव तरेला पंचायत औराफाटी का टांडा में इलाज चल रहा है। वहीं, जम्मू-कश्मीर के बसौली निवासी रंजीत का उपचार मेडिकल कॉलेज चंबा में ही चल रहा है।

घटना के वक्त हादसे का शिकार पिकअप छतराड़ी से लूणा की तरफ आ रही थी कि अचानक चचीयां मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर 300 मीटर गहरी खाई में गिरकर पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर खड़े सीमेंट के ट्रक पर जा गिरी। गनिमत यह रही कि उस वक्त सीमेंट की गाड़ी में कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था, हालांकि इस दुर्घटना में ट्रक का करियर भी टूट गया है।

वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर तुरंत रेस्क्यू करते हुए घायलों को उठाकर निजी गाड़ियों में इलाज हेतु चंबा भेज दिया है। स्थानीय लोगों व ड्राइवर ने दुर्घटना के बाद तुरंत रेस्क्यू करते हुए समय रहते ही सभी घायलों को निजी गाड़ियों के सहारे मेडिकल कॉलेज चंबा भेज दिया। इस दौरान जिस भी चालक को पता चला उन्होंने बिना समय गंवाए अपनी गाड़ी को लगाकर घायलों को चंबा मेडिकल कॉलेज पहुंचा कर मानवता की नई मिसाल पेश की है। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों की इस दरियादिली की सभी लोग प्रशंसा कर रहे हैं। वहीं, पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## सड़क पर क्रैश बैरियर होते तो बच जाती अनमोल जान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**अनंत ज्ञान साइड स्टोरी**

रविवार को लूणा-छतराड़ी मार्ग पर हुए भीषण पिकअप हादसे में जहां एक व्यक्ति की मौत हो गई है और दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस सड़क पर यदि क्रैश बैरियर होते तो यह हादसा बिलकुल भी नहीं होता। जानकारी के मुताबिक जिस जगह यह हादसा हुआ है, वहां पर सड़क तंग है और कच्ची है। दुर्घटना स्थल पर देखने से पता चला है कि यहां पर गाड़ी पहले अंदर पहाड़ी से टकराई है, जिसके बाद सीधे ही पैरापिट और क्रैश बैरियर न होने के कारण गहरी खाई में गिर गई। हालांकि अभी कुछ साल पहले ही इस सड़क को सुधारीकरण के नाम पर 5 करोड़ से अधिक का बजट सरकार द्वारा दिया गया है, लेकिन मात्र कुछ जगहों पर ही क्रैश बैरियर लगाकर ही विभाग व ठेकेदार ने इस सड़क को अपने हालात पर छोड़ दिया है। इस सड़क का सही तरीके से निर्माण न होने पर कई बार ग्रामीणों ने भी विरोध किया था। हालांकि डीपीआर के मुताबिक इस सड़क पर पैरापिट व क्रैश बैरियर भी जरूरी थे, लेकिन विभाग में उनका डीपीआर के मुताबिक नहीं लगाया है, जिसका खामियाजा यहां पर आने जाने वाले रोज वाहन चालकों को उठाना पड़ रहा है।

हादसे में विकास कुमार उर्फ विक्की की मृत्यु होने से पूरे गांव में शोक की लहर है। विकास कुमार अपने मां-बाप की इकलौती संतान था। विकास कुमार अपने मां-बाप का बोझ उठाने के लिए मेहनत करने के लिए तैयार था, लेकिन को ऊपर वाले को कुछ और ही मजबूर था। विकास कुमार की माता भी काफी दिनों से बीमार है और पिता दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे था।

बता दें कि कुछ साल पहले भी यहां पर एक निजी बस का एक्सीडेंट हुआ था। जहां पर एक्सीडेंट हुआ था, वहां पर बस क्रैश बैरियर के सहारे रुक गई थी। उस समय हादसे के दौरान 50 से 60 सवारियां बस में स्वार थीं।

### हिंदुओं की आस्था का प्रतीक गोमाता इंसानी बेरुखी का शिकार

## चंबा जिले के बाजारों व जंगलों में बेसहारा छोड़े गोवंश पर पड़ रही प्रचंड ठंड की मार

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

हिंदुओं की आस्था का प्रतीक गाय जिसे सनातन धर्म में मां का दर्जा मिला है किंतु मौजूदा समय में यही गाय आज अपनी इंसानी बेरुखी का शिकार होती दिखाई दे रही है। जिला के सलूणी, तीसा, भरमौर, भटीयात एवं डलहौजी क्षेत्र में गोवंशों का बेसहारा घूमना आम सी बात हो गई है।

बता दें कि बीते दिनों तीसा भरमौर एवं चंबा से कुछ समाजसेवियों ने तस्वीरें सांझा करके प्रशासन तथा आम जनमानस को गोवंशों के मौजूदा हालातो से अवगत करवाया था किंतु आज का इंसान अपनी भागम भाग भरी जिंदगी से इतना व्यस्त हो गया है कि इन गोवंशों की तरफ किसी का भी ध्यान नहीं जा रहा है जो अपने



बुजुर्गों की परंपरा को निभाते हुए गोवंशों को पालते आ रहे थे आज वह भी इन को वंशों से कतराते नजर आ रहे हैं। गोवंश मात्र उनकी आमदनी का एक जरिया है। जैसे ही गऊ माता दूध देना बंद कर देती है या बूढ़ी हो जाती है वैसे ही वह गऊ या तो जंगलों में छोड़ दी जाती है या फिर बीच बाजार में बेसहारा यहां वहां मुंह मारती दिखाई देती है।

बता दें कि कई हिंदू संगठनों ने तो गौ रक्षा के लिए छोटे-मोटे संगठन बनाए हैं, बावजूद इसके भी हालात बद से बत्तर स्थिति में हैं। बीते कल उपमंडल सलूणी के अंतर्गत काले रंग की गाय को प्रचंड ठंड में कोई बीच रास्ते में छोड़कर चला गया, जिसको लेकर साथ लगते गांववासियों ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए स्थानीय प्रशासन तथा धार्मिक संगठनों को भी सूचित किया। इस बारे में जब धर्म गुरुओं से बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि दिसंबर महीना खत्म होने को आ गया है और अभी तक बर्फबारी तथा बारिश का नामोनिशान नहीं है, जिसका बड़ा कारण इंसानों का धर्म से विमुख होना भी है। गोवंशों का निराधार भी इसका एक बड़ा कारण है। (अनंत ज्ञान)

## डलहौजी के लिए विधानसभा का सातवां सत्र भी रहा निराशाजनक : मनीष सरीन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



**कहा, क्षेत्र की आवाज उठाने में फिर नाकाम रहे विधायक**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा का शीत सत्र समाप्त होते ही आम आदमी पार्टी प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने डलहौजी विधायक पर मोर्चा खोल दिया है। मनीष ने कहा कि विधानसभा का सातवां सत्र भी डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के लिए मुद्दाविहीन रहा। एक बार फिर सदन के पटल पर डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र की आवाज़ का न गूंजना विधानसभा क्षेत्र के लिए बहुत निराशाजनक है। मनीष सरीन ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि डलहौजी विधायक शीत सत्र में डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से संबंधित ज्वलंत मुद्दे जैसे डलहौजी धर्मशाला फोर लेन, डलहौजी अंतरराज्यीय बस अड्डा निर्माण, राजकीय महाविद्यालय बनीखेत भवन निर्माण विलंब, डलहौजी हवाई पट्टी निर्माण प्रस्ताव, पठानकोट डलहौजी रोपवे निर्माण प्रस्ताव, दो साल से लंबित डलहौजी नप पार्किंग निर्माण, नप डलहौजी व बिजली बोर्ड के मध्य बिजली बिल भुगतान को लेकर चल रहे मसले में मुख्यमंत्री की मध्यस्थता की मांग, किहार व सलूणी अस्पतालों में चल रहे डॉक्टरों के रिक्त पद, डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र में अल्ट्रासाउंड की सुविधा का न होना, डलहौज़ी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विभागों में रिक्तियां इत्यादि को विधानसभा के पटल पर रखेंगे। परंतु एक बार फिर विधायक ने डलहौजी विधानसभा क्षेत्र की जनता को निराश किया है। मनीष ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है की डलहौजी विधायक को सत्र के दौरान डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के मुद्दों से ज्यादा महत्वपूर्ण मुर्गे का कटआउट उठाना लगा। मनीष सरीन ने कहा कि डलहौजी विधायक की क्षेत्र के मुद्दों से संबंधित निरंतर चुप्पी अब विधानसभा क्षेत्र की जनता को अपने फैसले पर सोचने को मजबूर कर रही है।

## श्रम कानूनों को खत्म किया तो होगी राष्ट्रव्यापी हड़ताल : विजेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सीटू की राज्य स्तरीय दो दिवसीय राज्य कमेटी की विस्तारित बैठक रविवार को मंडी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विजेंद्र मेहरा ने की और राष्ट्रीय केंद्र से हिमाचल के प्रभारी के एन उमेश और डॉ कश्मीर सिंह ठाकुर बैठक में विशेष तौर पर उपस्थित हुए और कुल अस्सी सदस्यों ने भाग लिया।



बैठक के दौरान उपस्थित सीटू के सदस्य एवं पदाधिकारी।

**सीटू की राज्य स्तरीय दो दिवसीय राज्य कमेटी की विस्तारित बैठक संपन्न**

बैठक में संबोधन करते हुए के एन उमेश ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण कारपोरेट घरानों का लाभ कुल लाभ में से आजादी के बाद पहली बार पचास प्रतिशत से अधिक हो गया है और मज़दूरों का हिस्सा कम हुआ है।

केंद्र सरकार ने कारपोरेट घरानों के लाभ को और बढ़ाने के उद्देश्य से श्रम कानूनों को ख़त्म करके चार सहिंताओं में बदल दिया है लेकिन उसे वे आगामी नए वित्त वर्ष से लागू करने की योजना बना रहे हैं। ऐसा होता है तो उस स्थिति में मजदूर यूनियनें राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी में से पचास प्रतिशत में प्रदेश सरकार विभिन्न विभागों में ठेका व आउटसोर्स आधार पर भर्तियां करने की नीति लागू कर रही है और उन्हें निर्धारित न्यूनतम वेतन भी अदा नहीं किया जा रहा है और अब दस बारह साल से काम कर रहे मजदूरों की छटनी की जा रही है। इसलिए इनके लिए स्थाई नीति बनाई जाए।

सरकार ने अनुबंध समयावधि का वित्तिय लाभ न देने के लिए हाईकोर्ट के फैसले को निरस्त करने के लिए लाए अध्यादेश का भी विरोध किया है।

इस दौरान आंगनबाड़ी, मिड डे मील और आशा वर्करों को सरकारी कर्मचारी घोषित करने, रेहड़ी फहड़ी वालों, राष्ट्रीय उच्च मार्गों, फोर लेन, रेलवे मजदूरों को श्रम कानूनों के अनुरुप वेतनमान व सुविधा देने की भी मांग की गई है। मनरेगा में 200 दिन और 400 रुपए दिहाड़ी देने की भी मांग की गई। बैठक में विजेंद्र मेहरा, प्रेम गौतम, भूपेंद्र सिंह, राजेश शर्मा, राजेश ठाकुर, कुलदीप डोगरा, अजय डुलता, जगत राम, नीलम, बिमला, स्वदेश, जोगिंद्र, रंजन, अशोक कटोच, केवल कुमार, विजय शर्मा, सुदर्शना, सुरेंद्र आदि मौजूद थे।

## कुम्मी स्कूल में मनाया वार्षिक समारोह

**आदर्श, नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुम्मी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें बतौर मुख्यातिथि सेवानिवृत डीएसपी हिमाचल प्रदेश पुलिस पूर्ण चंद ठकराल उपस्थित रहे और उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं मैडल भेंट कर सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य कुशुम लता ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर सभी को स्कूल की गतिविधियों एवं उपलब्धियों बारे अवगत करवाया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने बेहतर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश कर सभी का मन मोह लिया इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गोपीचंद सहित बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

## बच्चे लक्ष्य निर्धारित कर सफलता करें प्राप्त : मनीष

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



समारोह के दौरान मुख्य अतिथि एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी व अन्य गणमान्य लोग।

दयानंद भारतीय पब्लिक स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में उपमंडल नागरिक अधिकारी (एसडीएम) मनीष चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह के दौरान उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि यह दिन बच्चों और स्कूल प्रशासन के लिए पिछले वर्ष की उपलब्धियों को सेलिब्रेट करने का मौका है।

एसडीएम ने कहा कि विद्यालय न केवल शिक्षा का माध्यम है, बल्कि नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाकर एक अच्छा नागरिक बनाने की भी प्रेरणा देता है। दयानंद भारतीय पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर क्षेत्र का पहला निजी विद्यालय है, जिसने शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान दिया है। समारोह में समर्पण को मुख्य थीम बनाया गया। मनीष चौधरी ने बच्चों और अभिभावकों से नशे के बढ़ते प्रभाव से सजग रहने और इसके खिलाफ सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत से सफलता प्राप्त करनी चाहिए।

इससे पहले स्कूल प्रबंधक ओम मरवाह ने मुख्य अतिथि को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य राकेश डोगरा ने विद्यालय की उपलब्धियों का ब्योरा प्रस्तुत किया। समारोह में पूर्व प्रधानाचार्य कर्नल शोभा सिंह, पूर्व एचएएस ओम प्रकाश ठाकुर, सचिव विजय जमवाल, रमेश बंटा समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक और शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांधा, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एसडीएम ने विद्यालय प्रशासन को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय की निरंतर उन्नति की कामना की।

### सूडोकु 0024 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0023 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## छात्रों को बताया पढ़ाई का महत्व

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**



कार्यक्रम के दौरान बच्चे प्रस्तुति देते हुए सामूहिक चित्र में ।

**हिम फ्लॉवर स्कूल लडभड़ोल में वार्षिक पारितोषिक समारोह संपन्न**

हिम फ्लावर पब्लिक स्कूल में रविवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौजूदा व्यापार मंडल प्रधान सुरेंद्र सोनी थे। बच्चों की प्रतिभा और अनुशासन पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि सुरेंद्र सोनी ने अपने संबोधन में छात्रों को पढ़ाई और अनुशासित जीवन के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि जीवन में अनुशासन और शिक्षा का संयोजन ही सफलता की कुंजी है।

इसके बाद वार्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। समारोह में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, गीत, और नाटक शामिल थे। बच्चों की प्रस्तुतियों ने मौजूद अभिभावकों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी ने छात्रों की प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य विकास उपाध्याय ने मुख्य अतिथि सुरेंद्र सोनी और उपस्थित अभिभावकों का धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि छात्रों का यह प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। कार्यक्रम के सफल आयोजन से विद्यालय परिवार और स्थानीय समुदाय में हर्ष का माहौल रहा।

## असंतुलित आहार हृदय रोगों के लिए जिम्मेदार : डॉ. प्रकाश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

जोगिंद्रनगर रविवार को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश चंद राणा ने कहा कि अव्यवस्थित जीवनशैली और असंतुलित आहार के कारण हृदय रोगियों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। जोगिंद्रनगर के सामुदायिक भवन में श्री हरि हर अस्पताल गुटकर और रोटरी क्लब के तत्वावधान में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में उन्होंने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य शिविर में मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टर प्रभात सिंह, डॉक्टर मानसी, और डॉक्टर संदीप ने अपनी टीम के साथ 342 मरीजों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की। 232 खून के नमूनों का परीक्षण किया गया। डॉ. राणा ने सुझाव दिया कि संतुलित आहार और रोजाना 30 मिनट व्यायाम को अपनाकर हृदय रोगों से बचा जा सकता है। शिविर का शुभारंभ रोटरी के चार्टर अध्यक्ष रणजीत सिंह कटोच ने किया, जबकि तलकेहड़ पंचायत की प्रधान शुचिका ने शिविर के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी।


अनंत ज्ञान


## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

23 दिसंबर, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** मार्गशीर्ष, **तिथि** अष्टमी (5:10): **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी (9:09), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** सौभाग्य (07:53) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:59-12:41), **राहुकाल** (08:28 -09:45)।

### विशेष दिन

- 23 दिसंबर : रुकमणी अष्टमी आज।
- 23 दिसंबर 2024 : वेंकष्टमी आज।

**मेष:** मिश्रित फलदायी होगा। परिश्रम अधिक और लाभ कम रहेगा। कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। यात्रा न करें, वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं।

**वृषभ:** कलात्मक कार्य में आपकी रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से सहयोग प्राप्त करेंगे। शेयर में निवेश कर सकते हैं, लाभ होगा।

**मिथुन:** आज जिम्मेदारियों को निभाने का दिन है। सुबह से ही अपने अंदर नई शक्ति और उर्जा महसूस करेंगे। संघर्ष के बाद सफलता मिलेगी एवं धन लाभ भी प्राप्त होगा।

**कर्क:** बुद्धि-विवेक से सफलता आपके कदम चूमेगी। दिन की शुरुआत कार्य-व्यवहार से जुड़ी समस्याओं को हल करने से होगी। मनोरंजन कार्य में समय अधिक बीतेगा।

**सिंह:** आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आज आपकी वाणी और व्यवहार वाद-विवाद का कारण बन सकता है। आज सभी कार्य सावधानीपूर्वक करें।

**कन्या :** आज सभी कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी। सभी जगह अनुकूल परिस्थिति निर्मित होगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे।

**तुला:** आपका शुभ होगा। धन लाभ के योग है। परिश्रम करेंगे और मनोवांछित फल प्राप्त करने के नतीजे सामने आते जाएंगे। किसी भी कार्य को करेंगे तो उसमें लाभ होगा।

**वृश्चिक:** आज बिना विचार किए साहसपूर्ण कार्य करें, सफलता साथ देगी। भावनात्मक संबंध स्थापित होंगे। परिवार में आनन्द और उल्लास का माहौल रहेगा।

**धनु :** मन चलायमान रहेगा। आज बिना सोच-विचार किए कोई कार्य न करें। अनावश्यक खर्च से बचें। शुभ कार्य आरंभ करने से पहले कुल देवी और देवता का ध्यान करें।

**मकर :** खर्च अधिक होंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। कुसंगति से बचें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वाणी संयम रखते हुए कार्य करें। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति के योग हैं।

**कुंभ :** आज दिनभर व्यस्तता रहेगी। आलस्य से मुक्ति मिलेगी और तरोताजगी के साथ कार्यक्षेत्र में जुटे रहेंगे। परिवार समेत धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं।

**मीन :** आज जितना विश्वास आप भाग्य पर करें उतना ही भरोसा स्वयं पर करें। आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने का सर्वोत्तम योग आज बन रहा हैं।

## समारोह में इनाम पाकर चहके मेधावी

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**



सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय धर्मपुर में सालाना समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में जिला पार्षद ईलाका भद्रोता चंद्र मोहन शर्मा, वशिष्ठ अतिथि रजत ठाकुर उपस्थित हुए, जबकि जिला पार्षद लौंगणी वार्ड जगदीश चंद बिट्टा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विद्यालय प्रधानाचार्य रंपा देवी ने मुख्यातिथि व समारोह में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया और विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इसी बीच कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पार्षद जगदीश चंद बिट्टा ने विद्यालय में स्मार्ट रूम बनाने के लिए 2 लाख और बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 5100 देने की घोषणा की और मुख्य अतिथि चंद्र मोहन शर्मा द्वारा विद्यालय उत्थान के लिए 3 लाख, बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए कार्यक्रम के लिए 21000 और विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा प्रतिज्ञा के लिए 5100 देने की घोषणा की।

## 'स्पर्श कार्यक्रम' के तहत जानी वृद्धों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



कार्यक्रम के दौरान मौजूद वृद्ध व अन्य।

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा बिलासपुर ने 'स्पर्श कार्यक्रम' के तहत भजवाण गांव में एक संवाद वृद्धजनों के साथ विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य समाज में वृद्धजनों की भूमिका, उनकी समस्याओं, और उनके अनुभवों को साझा करने के साथ-साथ उनकी उपयोगिता पर चर्चा करना था।

कार्यक्रम के दौरान, जिला शाखा बिलासपुर के सचिव अमित कुमार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य सरकार और वृद्धजनों के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करना है ताकि उनकी समस्याओं को समझा और उनका समाधान किया जा सके।

मां माता नेरसा देवी मंदिर विकास समिति ने इस कार्यक्रम के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी से संपर्क किया और वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने और जरूरतमंद लोगों को श्रवण यंत्र, स्टीकर, व्हीलचेयर आदि प्रदान करने का अनुरोध किया। रेड क्रॉस सोसाइटी ने यह भी निर्णय लिया कि उन गांवों में, जहां लोग सुविधाओं से वंचित हैं, वहां क्लस्टर स्थापित किए जाएंगे।

कार्यक्रम का सफल आयोजन मां माता नेरसा देवी मंदिर विकास समिति के सहयोग से किया गया। सचिव अमित ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और वृद्धजनों के कल्याण के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी की प्रतिबद्धता को दोहराया।

**मेहनत** करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता। - **चाणक्य**

## संपादकीय

# कैग ने दिखाया आईना

हिमाचल में कैग की रिपोर्ट ने बड़े पैमाने पर खुलासा किया है कि राज्य सरकार के वित्तीय प्रबंधन में कई कमियां हैं। रिपोर्ट में यह बताया गया है कि सरकार की वित्तीय नीतियों में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी है, जिससे राज्य के वित्तीय संसाधनों का दुरुपयोग हो रहा है। रिपोर्ट में इस बात की ओर भी संकेत किया गया है कि सरकार की कई परियोजनाओं में देरी और लागत में वृद्धि हुई है, जिससे राज्य के वित्तीय संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इसके अलावा, रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि सरकार की वित्तीय प्रबंधन में कई अनियमितताएं हैं, जैसे कि अनधिकृत खर्च और अनियमित भुगतान। इन खुलासों से यह स्पष्ट होता है कि हिमाचल सरकार को अपनी वित्तीय प्रबंधन में सुधार करने की आवश्यकता है, ताकि राज्य के वित्तीय संसाधनों का सही तरीके से उपयोग किया जा सके।


हिमाचल सरकार अपना वित्तीय प्रबंधन सुधारने के लिए कई कदम उठा सकती है, जैसे कि वित्तीय पारदर्शिता बढ़ाना, अनियमितताओं को रोकना, और वित्तीय नीतियों में सुधार करना। जब तक प्रदेश सरकार अपनी फिजूलखर्ची पर लगाम लगाने में कामयाब नहीं हो जाती तब तक प्रदेश में हालात ऐसे ही बने रहेंगे। हालांकि, ऐसा भी नहीं है कि प्रदेश की मौजूदा सुक्खू सरकार अपने खर्चो पर लगाम नहीं लगा रही हो। सरकार बेशक लगाम लगा रही है, लेकिन इसमें और ज्यादा तेजी और सुधार करने की जरूरी है। इसके साथ ही सरकार को अपनी आय के संसाधनों को भी खोजने और बढ़ाने की नितांत आवश्यकता है। हिमाचल प्रदेश का विकास कई क्षेत्रों में हो सकता है। पर्यटन हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी का सबसे बड़ा स्रोत है। हिमाचल में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में वास्तव में अपार संभावनाएं हैं। यहां की प्राकृतिक सुंदरता हर किसी का मन मोह लेती है। ऊपर से देवभूमि हिमाचल अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए विख्यात है। इस सांस्कृतिक विरासत से विदेशी भी रू-ब-रू होने के लिए दौड़े चलते आते हैं और ऐतिहासिक महत्व इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल बनाते हैं। हिमाचल सरकार भी पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है। जैसे कि चंडीगढ़-कुल्लू-धर्मशाला को जोड़ने वाले नए हवाई रूट का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इससे पर्यटकों के लिए हिमाचल पहुंचना आसान हो जाएगा और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा प्रदेश में अब फोरलेन का जाल भी बिछ रहा है। वहीं, हिमाचल में कई पर्यटन स्थल हैं जो अपनी सुंदरता और महत्व के लिए प्रसिद्ध हैं। जैसे कि शिमला, मनाली, धर्मशाला, कुल्लू और स्पीति जैसे स्थल। इन स्थलों को विकसित करने और पर्यटकों के लिए सुविधाएं प्रदान करने से पर्यटन क्षेत्र को और भी बढ़ावा मिल सकता है। हिमाचल प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने से पर्यटन क्षेत्र में विकास हो सकता है।

शुरू में सरकार को बेशक इसमें करोड़ों रुपए निवेश करने पड़ जाएं, लेकिन एक बार इन क्षेत्रों में निवेश करने के बाद कई सालों तक लगातार कमाई होती रहेगी। निश्चित रूप से इससे प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए नई तकनीकों और फसलों को अपनाने से कृषि क्षेत्र में विकास हो सकता है। कृषि हिमाचल की आर्थिकी को बढ़ाने में नया अध्याय जोड़ सकती है। हालांकि कृषि से लोग अब विमुख होने लगे हैं, क्योंकि उन्हें बंदर और आवारा पशु काफी परेशान कर रहे हैं। हालांकि सरकार इन समस्याओं के बार में गंभीरता से विचार कर रही है और उनके निदान के उपाय भी ढूंढ रही है, लेकिन किसानों को चाहिए कि वह अपने स्तर पर कुछ ऐसे उपाय करते रहें कि उन्हें अपनी बोई हुई फसल से कम से कम कुछ न कुछ वापस मिलता रहे। इससे उनका एक तरह से सर्किल चला रहेगा। बुनियादी ढांचे का विकास बेहद लाजिमी है। हालांकि पड़ोसी राज्यों के मुकाबले प्रदेश का ढांचा अच्छा है, लेकिन अभी भी सड़कें, बिजली, पानी और संचार जैसे बुनियादी ढांचे को और ज्यादा मजबूत करने की आवश्यकता है। इससे राज्य के विकास में मदद मिल सकती है। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार करने से भी राज्य की मानव संसाधनों को मजबूत करने में मदद मिल सकती है तथा राज्य में उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने से रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। ये सब उपाय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मददगार साबित हो सकते हैं। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# किसानों के मसीहा और भारत रत्न

**किसानों** के हक की बात संसद में उठाने वाले 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह की गिनती उत्तर प्रदेश की सियासत में बड़े सियासतदानों में की जाती है। वह दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। केंद्र में कई अहम विभागों को संभाला। मोरारजी देसाई की सरकार में जब वह गृह मंत्री बनाए गए तो उन्होंने इंदिरा गांधी को गिरफ्तार करवा दिया। कुछ महीनों में देश की सियासत बदली तो इंदिरा के समर्थन से चरण सिंह प्रधानमंत्री भी बने। हालांकि, वह किसी की शर्त के आगे झुके नहीं लिहाजा उनकी सरकार का पतन संसद में बहुमत साबित करने से पहले हो भी गया। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का परिवार भी राजनीति से जुड़ा हुआ है। 1967 में कांग्रेस छोड़ने के बाद वह जनता पार्टी का हिस्सा रहे। फिर 1980 के आते-आते उन्होंने अपनी राजनीतिक पार्टी लोकदल का गठन किया। चार साल बाद उन्होंने लोकदल को मिलाते हुए दलित मजदूर किसान पार्टी का गठन किया। बाद में यह लोकदल हो गया. बाद में यह दल राष्ट्रीय लोकदल हो गया. उनके बेटे अजित सिंह भी राजनीति में खासे कामयाब रहे। वह कई बार लोकसभा सांसद चुने गए और केंद्र में मंत्री भी बने। अजित सिंह के बेटे जयंत चौधरी भी राजनीति में आए और वर्तमान में सक्रिय भी हैं। चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसंबर, 1902 में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मेरठ जिले के नूरपुर में एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। वह पढ़ाई में बहुत अच्छे थे। राजनीति के मैदान में उन्हें बहुत जल्द कामयाबी मिल गई. महज 34 साल की उम्र में फरवरी 1937 में वह तत्कालीन संयुक्त प्रांत (आज उत्तर प्रदेश) की छपरौली (बागपत) सीट से विधायक चुने गए थे। ■



चौधरी चरण सिंह
**जन्म :** 23 दिसंबर, 1902
**मृत्यु :** 29 मई, 1987

## कविता

# संसद का यह हाल है



*शिव सन्याल मकड़ाहन*

संविधान अनुसार ही, नेता चुनते लोग।
नेता करते मौज हैं, सत्ता का सुख भोग।
आज इस संविधान पर, कलुषित करते बात।
संसद का यह हाल है, चलते गूस्से लात।
नेता भोंदू हो गए, करें न सोच विचार।
संविधान की नींदा करें, उन को है धिक्कार।
संविधान छवि देश की, लोकतंत्र की जान।
भीमराव ने दी हमें, एक नई पहचान।
आज उस के नाम पर, संसद में है शोर।
उस का दिया खा रहे, नेता करें न गौर।
जो मुख आता बक रहे, कैसे नेता आज।
दुनिया थू थू कर रही, कहा रही है लाज।
बात करो जी बैठ के, रहे देश का मान।
संसद गरिमा जानिए, काम का लो संज्ञान।
आपस के मतभेद से, संसद का नुकसान।
संपदा इस देश की, पाई पाई जान।
हो तरक्की देश की, जन हित रखिये ख्याल।
इसी में भला देश का, सच कहता सन्याल।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा में कई अड़चनें

## यथार्थ



लेखक : समरजीत
संपादक, अनंत ज्ञान

एक देश एक चुनाव की आहट दस्तक दे चुकी है। तैयारी तो करीब सात-आठ साल पहले ही शुरू हो चुकी थी, लेकिन जिस तरीके और तेजी से मोदी सरकार आगे बढ़ रही है उससे यह आभास हो रहा है कि सब ठीक रहा तो करीब छह दशक बाद भारत में एक बार फिर 'एक देश एक चुनाव' देखने को मिल सकते हैं।

विधि आयोग की ओर से 2018 में जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगर यह व्यवस्था वाकई लागू हो जाती है तो एक देश, एक चुनाव दो चरणों में लागू किए जाएंगे । पहला चरण लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए होगा और दूसरा चरण आम चुनावों के 100 दिनों के भीतर होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों यानी नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों के लिए होगा । बड़ी बात यह कि सभी चुनावों के लिए एक ही मतदाता सूची तैयार करनी होगी, जो आसान काम नहीं होगा । राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से भारत के चुनाव आयोग की ओर से मतदाता पहचान पत्र तैयार किए जाएंगे। पहले चरण में लोकसभा के साथ ही कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव और दूसरे चरण में बाकी राज्यों के विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं। हालांकि, इसके लिए कुछ विधानसभाओं का कार्यकाल बढ़ाना पड़ सकता है, जबकि कुछ विधानसभाओं को समय से पहले भंग भी करना पड़ सकता है। इसमें एक बड़ा पेंच यह भी है कि अगर किसी लोकसभा या विधानसभा को पांच साल पूरा होने से पहले ही भंग कर दिया गया तो एक देश, एक चुनाव का क्रम टूट भी सकता है।

वहीं, वीवीपैट और ईवीएम की सीमित संख्या बड़ी चुनौती बनेगी। एक साथ चुनाव कराने के लिए ज्यादा ईवीएम मशीनें खरीदनी पड़ेंगी। एक साथ चुनाव कराने के कई आर्थिक प्रभाव भी हो सकते हैं। सबसे पहले, यह चुनावी खर्च को कम कर सकता है, क्योंकि एक ही समय में सभी चुनाव आयोजित किए जाएंगे। इससे सरकार और राजनीतिक दलों के लिए चुनावी खर्च में कमी आएगी।

इसके अलावा, एक साथ चुनाव कराने से मतदान प्रक्रिया में भी सुधार हो सकता है। इससे मतदान केंद्रों पर भीड़भाड़ कम होगी और मतदान प्रक्रिया अधिक सुव्यवस्थित होगी। हालांकि, एक साथ चुनाव कराने के समक्ष कुछ आर्थिक चुनौतियां भी हो सकती हैं। सबसे पहले, यह चुनावी प्रक्रिया में अधिक समय और संसाधनों की आवश्यकता हो सकती है। इससे सरकार के लिए चुनावी प्रबंधन में अधिक खर्च हो सकता है। इसके अलावा, एक साथ चुनाव कराने से राजनीतिक दलों के लिए चुनावी अभियान में अधिक खर्च हो सकता है। इससे राजनीतिक दलों के लिए चुनावी अभियान में अधिक संसाधनों की आवश्यकता हो सकती है।




एक साथ चुनाव करवाने से सकल घरेलू उत्पाद का आकार साढ़े चार लाख करोड़ रुपए हो जाएगा। इतना ही नहीं, एक साथ चुनाव के दो वर्ष पहले और बाद में राजकोषीय घाटा 1.28 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा। इसके अलावा सरकारी खर्च 17.67 प्रतिशत तक बढ़ेगा। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने सभी हितधारकों और विशेषज्ञों के साथ चर्चा की और 191 दिन तक लगातार काम करने के बाद 18,626 पन्नों की रिपोर्ट तैयार की। इस रिपोर्ट में 2029 तक भारत में एक देश एक चुनाव करवाने की सिफारिश की गई है । देश में एक साथ चुनाव करवाने से संबंधित दो विधायक लोकसभा में पेश हो चुके हैं जिनका विपक्ष ने भारी विरोध किया। इसके बाद सरकार ने विधेयक को संसद की संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने की सिफारिश की और अध्यक्ष ने 31 सदस्यों वाली कमेटी गठित कर दी जिसके अध्यक्ष भाजपा सांसद पीपी चौधरी हैं । जितना आसान इस काम को समझा जा रहा है उतना है नहीं, क्योंकि भारत में एक देश एक चुनाव की अवधारणा को लागू करने में कई अड़चनें हैं। सबसे पहले तो संवैधानिक संशोधन ही सबसे बड़ी बाधा है । एक देश एक चुनाव को लागू करने के लिए अनुच्छेद-85 और अनुच्छेद-356 जैसे कई संवैधानिक प्रावधानों में बदलाव की आवश्यकता है। राजनीतिक सहमति भी जरूरी है। इस बदलाव पर सहमति जताने के लिए देश की हर मान्यता प्राप्त राज्य और राष्ट्रीय पार्टी को सहमति जतानी होगी । क्षेत्रीय पार्टियों के हित इसमें आड़े आ जाएंगे । यह संभव है कि मतदाता राज्य चुनावों के लिए भी राष्ट्रीय मुद्दों पर मतदान करें, जिससे बड़ी राष्ट्रीय पार्टियों को फायदा होगा और क्षेत्रीय पार्टियां हाशिए पर चली जाएंगी। एक साथ चुनाव कराने से चुनावी खर्च में कमी आएगी, लेकिन इसके लिए भी कई व्यवहारिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। चुनाव पर सरकारी खर्च 17.67 प्रतिशत होगा । 2019 में प्रति वोटर चुनाव खर्च 700 रुपए आया था, जबकि 2024 में यह बढ़कर 1400 रुपए प्रति वोटर हो गया है।

वहीं, सदन में बहुमत के समीकरण भी बनाने पड़ेंगे। सभी जानते हैं कि यह बिल संविधान संशोधन है, इसलिए ये तभी पास होंगे जब इन्हें संसद के दो-तिहाई सदस्यों का समर्थन प्राप्त होगा। लोकसभा में इस बिल को पास करवाने के लिए 362 और राज्यसभा के लिए सिर्फ 163 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता होगी। हालांकि, मौजूदा समय में राज्यसभा में 237 सदस्य हैं, इसलिए दो-तिहाई सदस्य 158 का बहुमत जरूरी है। संसद से पास होने के बाद इस बिल को कम से कम 15 राज्यों की विधानसभाओं के पास अनुमोदन के लिए भेजना पड़ेगा। यानी 15 राज्यों से इस बिल को पास करवाना भी जरूरी होगा। इसके बाद राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद ही लंबी प्रक्रिया के बाद बिल कानून बन पाएंगे।

हमारे देश में सालभर कहीं न कहीं कोई न कोई चुनाव चलता ही रहता है। एक देश एक चुनाव की परिपाटी दोबारा शुरू होने से कम कम इस झंझट से मुक्ति मिल जाएगी। हालांकि, ऐसा भी नीं है कि भारत में एक साथ चुनाव न हुए हुए हों। भारत में 1951 से लेकर 1967 के बीच हर पांच साल में लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते रहे, लेकिन यह परंपरा तब टूट गई जब कई राज्यों की सरकारें बीच में ही हांफ गईं और अपना बहुमत खो बैठीं। कई जगह मध्यावधि चुनाव करवाने पड़े। बार-बार चुनाव आचार संहिता लगाए जाने से विकास कार्यक्रमों में तक तरह से ठहराव पैदा हो जाता है। सरकारों को बार-बार विकास कार्यों के लिए मारामारी करनी पड़ती है।

सरकारी सेवाओं के कामकाज पर भी असर पड़ता है और चुनावी ड्युटी के लिए लंबे समय तक कर्मचारियों की तैनाती के चलते सेवाओं में उनकी भागीदारी कम हो जाती है। इस लिहाज से एक देश एक चुनाव की प्रक्रिया चुनाव सुधार की दिशा में बहुत बड़ा कदम साबित हो सकता है। हालांकि अभी इसमें भी कई तरह के व्यवधान हैं, जिन्हें दूर किए बिना कोई ठोस चीज सामने आना आसान नहीं होगा।

बहरहाल, इन तमाम झंझावतों के बीच एक देश एक चुनाव करवाना देश हित में सही प्रतीत होता है, क्योंकि इसके नुकसान कम और फायदे ज्यादा हैं। देशवासियों को इस चुनावी प्रक्रिया को पूरी तरह से समझने की जरूरत है, क्योंकि राष्ट्रहित किसी भी तरह के हित से हमेशा सर्वोपरि होता है। अगर राष्ट्र है और विकसित है तो उसका लाभ देश के हर नागरिक को अवश्य मिलेगा।

## नजरिया

# अनुबंध कर्मचारियों के हितों पर कानूनी चाबुक



लेखक : डॉ. रमेश शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

तपोवन में आयोजित विधानसभा सत्र के दौरान एक अहम विधेयक पारित हुआ है, जिस के अनुसार वर्ष 2003 के बाद नियुक्त हुए अनुबंध कर्मचारियों को नियुक्ति के दिन से सेवा लाभ नहीं मिल सकेंगे। कानूनी तौर पर तो यह ठीक होगा या नहीं होगा यह अलग विषय है, लेकिन यह वर्ग अचानक स्वयं को ठगा महसूस करने के साथ-साथ हतप्रभ भी है। संवेदनशील मुद्दे ने नई बहस को जन्म दिया है और कई प्रश्न खड़े किए हैं। सबसे पहले तो इस तरह के मामलों में यूनियनों को विश्वास में लिया जाता है। अगर उनकी सहमति है तो भी और अगर नहीं है तो भी एक नए अध्याय की शुरुआत मानी जानी चाहिए वैसे भी यूनियनों की संख्या और साख विगत वर्षों में चर्चा का क्षेत्र रहा है ।

दूसरा महत्वपूर्ण पहलू इस कानून के समय को लेकर सामने आता है। लगभग 1985 से विभिन्न नामों से नियुक्तियां होती रही हैं जिन को न्यायालयों ने नियमित किया है । 2003 के बाद की अनुबंध या अस्थाई नौकरियों के लिए ही इस तरह के कानून की जरूरत क्यों है अभी तक स्पष्ट नहीं है कदाचित नोटिफिकेशन के बाद स्पष्ट होगी। 2003 के बाद ही पुरानी पेंशन प्लान लागू हुई है।

लगभग 22 वर्ष के पश्चात इतनी ही अवधि के लिए एक पूर्व प्रभाव से विधेयक आना और उसे दो दशक के कर्मचारियों पर ही लागू करना अटपटा तो है ही भेदभावपूर्ण भी लगता है ।



पेंशन भत्ते और वरिष्ठता बदलेगी। आर्थिक बोझ भी पड़ेगा। प्रशासनिक व्यवस्था के समक्ष जटिलताएं आएंगी, लेकिन जहां तक ध्यान जाता है पूर्व सैनिकों सहित न्यायालय या प्रशासनिक कारणों से अनेक बार वरिष्ठता सूचियां बदली गई हैं। नौकरी के समय उनसे भी लिखवाया जाता था कि हम कुछ भी क्लेम नहीं करेंगे ।

यह इस बजह से भी अजीबोगरीब योजना है कि हज़ारों कर्मचारी जो कि लाभ की सूची और सेवानिवृत्ति के जश्न की तैयारी में थे अब परेशान हैं।

मूलत: सभी नौकरियां रिक्ति के अनुसार नियमित तौर पर भरी जानी चाहिए केवल नामकरण अलग अलग हैं सभी सरकारों की पहली पसंद अस्थाई नाम और जैसे तैसे स्थापित परंपरा का उल्लंघन करते हुए अपनों को लाभ पहुंचाना रहा है फिर चाहे लोकसेवा आयोग हो या अन्य व्यवस्था हो।

इस कानून को आगामी प्रभाव से भी लागू किया जा सकता था। निश्चित तौर पर एक वर्ग है जिस की प्रोमोशन आदि पर असर पड़ता है उनकी नियुक्तियां नियमानुसार हुई होती हैं, लेकिन इस सारे गुंजल की जिम्मेदारी किस की है इस की जड़ें कहां हैं उसका स्थाई समाधान भी यदि सरकार करती तो संशय न होता कि अब नियुक्तियां केवल स्थाई तौर पर होंगी तथा विधायी संस्थाओं के द्वारा नियमानुसार होंगी जैसा केन्द्र की अधिकांश एजेंसियां करती हैं ।

हिमाचल प्रदेश एक कर्मचारी प्रधान राज्य है। अल्पकालीन फायदे को ध्यान में रखते हुए व्यापक हित के विषय को जटिल बनाना अनुचित है हां यदि किसी समझौते के अनुसार या सर्वसम्मति से ऐसा निर्णय किया जाता तो यह स्वीकार्य हो सकता था और अभी तो लागू होने से पहले काफी समय भी लग सकता है संभव है कि तब तक सरकार को वक्त मिल जाए तथा संबंधित कानून के सभी पहलुओं को विचारपूर्वक समाविष्ट किया जा सके।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**हमारे** देश में भ्रष्टाचार एक गंभीर समस्या है जो समाज के लगभग हर क्षेत्र में व्याप्त है। यह न केवल आर्थिक विकास को प्रभावित करता है, बल्कि यह समाज में विश्वास और न्याय की भावना को भी कमजोर करता है। भ्रष्टाचार से सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचता है, जिससे देश के विकास कार्यों में बाधा आती है। भ्रष्टाचार से न्याय प्रणाली कमजोर होती है, जिससे अपराधी बच निकलते हैं और निर्दोष लोगों को सजा मिलती है। भ्रष्टाचार के बारे में जागरूक रहें और इसके खतरनाक पहलुओं को समझें। अपने जीवन में नैतिक मूल्यों का पालन करें और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाएं। सूचना का अधिकार का उपयोग करके सरकारी कार्यों में पारदर्शिता की मांग करें। भ्रष्टाचार विरोधी संगठनों का समर्थन करें और उनके प्रयासों में भाग लें। यदि आपको भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है, तो शिकायत दर्ज करें और इसके खिलाफ कार्रवाई की मांग करें। किसी भी काम के लिए किसी को कभी रिश्वत न दें, क्योंकि सरकारी कर्मचारी आमजन की सेवा के लिए ही होते हैं।

**सतीश, लंबागांव**

# संसद परिसर में भिड़ंत घटिया मानसिकता का प्रमाण



लेखक : सुखदेव सिंह
नूरपुर (कांगड़ा)

जनता माननीयों को चुनकर संसद इसलिए भेजती है कि वह जनहित में फैसले ले सकें। भारत के लोकतंत्र का ढिंढोरा पूरे विश्व में पीटा जाता है। संसद परिसर में जिस तरह सांसदों के बीच आपस में धक्का मुकी हुई वह बेहद शर्मनाक है। कुछेक सांसद इस भिड़ंत में चोटिल भी हुए हैं। देश की जनता जानना चाहती है क्या माननीय चुनकर इसलिए भेजे जा रहे कि वह संसद, विधानसभाओं में जनहित की बात करने के बजाए आपसी राजनीति में हमेशा उलझे रहें।

गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता भीम डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति दी गई टिप्पणी को पूरी तरह समझने की जरूरत है। कांग्रेस नेता लोकसभा चुनावों से पूर्व संविधान को खतरे में बताकर अपनी राजनितिक रोटियां सेंकते रहे हैं। कांग्रेस ने इसी मुद्दे को लेकर भाजपा को 400 पार का नारा पूरा नहीं करने दिया। हरियाणा, महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भाजपा द्वारा भगवा लहराना कांग्रेस को रास नहीं आ रहा है। कांग्रेस आलाकमान की मेहनत पर भाजपा निरंतर पानी फेरती जा रही है। कांग्रेस पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी हमेशा संविधान की किताब को लहराते हुए स्वयं को इसका संरक्षक बताने से गुरेज नहीं करते हैं। सविधान एक ग्रंथ की तरह इसका सम्मान किया जाना प्रत्येक भारतीय का दायित्व बनता है। संविधान को किताब की तरह समझकर उसे हमेशा दर्शाने का मतलब साफ है कि उसकी मर्यादा को समझने की बहुत जरूरत है। देश को आजाद हुए 75 वर्ष बीत जाने के बावजूद अब संविधान को खतरे में बताया जा रहा है। सच बात यह है कि केंद्र में सतासीन कांग्रेस सरकारों के समय सबसे अधिक संशोधन सविधान में हुए हैं। भारतीय संविधान केवल दलितों, वंचितों और पिछड़ों के लिए नहीं बनाया गया, यह सभी को समझने की जरूरत है।



देश में संविधान निर्माता भीम राव अंबेडकर की मूर्तियां तोड़े जाने पर तमाम नेता चुपी साध लेते हैं। जिस संविधान की वजह से लोग वकील बन पाते हैं अफसोस की बात ऐसे काले कोट वाले भी संविधान निर्माता की टूटती मूर्तियों के प्रति आवाज उठाना मुनासिब नहीं समझते हैं। देश की राजधानी में संविधान की प्रतियां सरेआम जलाई जाती हैं उस समय नेताओं को कोई चिंता नहीं होती है। देश को आजादी मिलने के उपरांत कांग्रेस ने भीम राव अंबेडकर को कानून मंत्री जरूर बनाया, मगर उसकी एक नहीं सुनी जाती थी। लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने भीम राव अंबेडकर को दो बार हार का सामना करवाकर अपनी टीस निकाली थी। आज वोट बैंक की राजनीति के चलते भीम राव अंबेडकर को नेता भगवान बता रहे हैं। सच बात यह है कि अंबेडकर की भगवान के प्रति आस्था नहीं थी। अंबेडकर ने कानून मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस दलितों को आरक्षण दिए जाने पर अंबेडकर से खुश नहीं थी। संविधान निर्माता महात्मा गांधी,पंडित जवाहर लाल नेहरू के धुर विरोधी रहे हैं। अंबेडकर लेखक होने के नाते वह हमेशा महात्मा गांधी की आलोचना किए करते थे। सन 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंबेडकर की फोटो भारतीय करंसी में अंकित करके उन्हें सम्मान दिए जाने का ऐलान किया था। केंद्र की सत्ता तीसरी बार हासिल करने बावजूद प्रधानमंत्री ने अपनी घोषणा को अमलीजामा नहीं पहनाया है। दलित समाज का उत्पीड़न आज भी जारी है। भीम राव अंबेडकर द्वारा लिखा कानून भी समानता का अधिकार पूरी तरह नहीं दिलवा पा रहा जो उनका अपमान किए जाने बराबर है।

अंबेडकर सविधान को जलाने तक को बाध्य हो गए थे। उनका मानना था कि किसी भी देश का संविधान तब तक जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सकता जब तक सरकारें ठीक नहीं होंगी। सरकारों ने आरक्षण का दायरा निरंतर बढ़ाया है। आज समाज का प्रत्येक वर्ग आरक्षण की मांग उठा रहा है। सरकारों की मजबूरी बन चुकी है कि वह आरक्षण का दायरा पूर्व की भांति सीमित रखने में नाकाम हैं। चुनावों में टिकट जाति आधार पर राजनितिक दल बांट रहे हैं। मंत्रिमंडल में नेताओं को जगह भी जातीय संतुलन बनाकर बितरित की जा रही है। देश में जातिवाद का कोढ़ जब तक खत्म नहीं होता आरक्षण आर्थिक आधार पर लागू नहीं हो सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बलिदानी परिवार के दशम गुरु गोबिंद सिंह जी



लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
स्वतंत्र लेखक, मंडी

तीन पीढ़ियों के बलिदानी गुरु गोबिंद सिंह हिंदू धर्म की रक्षा के लिए विशेष पहचान रखते हैं, क्योंकि इन्हीं के पिता नौवें गुरु तेग बहादुर, खुद दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी व इनके चारों बेटों ने अपने धर्म की खातिर बलिदान दे दिया था। परिवार के इतने बड़े बलिदान के बारे में भला कोई सोच भी सकता है?

बलिदानी गुरु गोबिंद सिंह का जन्म माता गुजरी व पिता गुरु तेग बहादुर के यहां 22 दिसंबर,1666 को पटना में उस समय हुआ था, जब पिता गुरु तेग बहादुर अपने धर्म के प्रचार में असम क्षेत्र की ओर गए हुए थे। तब इनका नाम गोबिंद राव रखा गया था। पटना से बालक गोबिंद राव के साथ समस्त परिवार वर्ष 1670 में पंजाब पहुंच गया और फिर आगे निकलते हुए पहाड़ी क्षेत्र में चक्क नानकी जो कि अब आनंदपुर नाम से प्रसिद्ध है, वर्ष 1672 में यहां पहुंच गए। यहीं पर बालक गोबिंद की सारी शिक्षा दीक्षा (संस्कृत व फारसी में) योग्य विद्वानों व शिक्षकों की देखरेख में हुई। यहीं पर इन्हें घुड़सवारी, तीरंदाजी, तलवारबाजी व युद्ध के तौर तरीकों आदि को अभ्यास के साथ सिखाया गया। साथ ही साथ धार्मिक आचार व्यवहार और आध्यात्मिक शिक्षा भी चलती रही। इसी मध्य जब गोबिंद अभी 9 वर्ष के ही थे तो इनके पिता गुरु तेग बहादुर जी के पास कुछ कश्मीरी पंडित मुगलों के विरुद्ध शिकायत लेकर पहुंच गए, जो कि उनको धर्म परिवर्तन को प्रेरित कर रहे थे।

बालक गोबिंद उस समय वहीं अपने पिता तेग बहादुर के पास ही था और उसने पिता से कश्मीरी पंडितों की सहायता करने को कह दिया। गुरु तेग बहादुर ने औरंगजेब से मिलकर बात करने का आश्वासन देकर पंडितों को वापस भेज दिया। उधर, औरंगजेब को इसकी सारी जानकारी पहुंच गई। और गुरु तेग बहादुर जी को दिल्ली पहुंचने से पूर्व ही गिरफ्तार कर लिया गया। फिर उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए कहा गया जिस पर उन्होंने मरना कबूल कर लिया, लेकिन अपने धर्म पर अडिग रहे। औरंगजेब ने 11 नवंबर 1975 को आदेश देकर गुरु तेग बहादुर जी का सिर धड़ से अलग करवा दिया। गुरु तेग बहादुर जी के इस बलिदान के पश्चात उनके बेटे गोबिंद सिंह को 29 मार्च,1676 को 10वें गुरु के रूप में गद्दी पर बैठा दिया और उनकी शिक्षा दीक्षा भी साथ चलती रही। गुरु गोबिंद सिंह जी के तीन विवाह हुए थे। पहला विवाह उनकी 10 वर्ष की उम्र में आनंदपुर के निकट के गांव बसंतपुर की जीतो नाम की लड़की से हुआ था, जिससे उनके तीन बेटे, जिनका नाम जुझार सिंह, जोरावर सिंह तथा फतेह सिंह था। दूसरी शादी 4 अप्रैल ,1684 को 17 वर्ष की आयु में आनंदपुर की सुंदरी नामक कन्या से हुई थी, जिससे केवल एक बेटा अजीत सिंह पैदा हुआ था। इसी तरह से तीसरी शादी 33 वर्ष की आयु में देवन नामक लड़की से 15 अप्रैल, 1700 में संपन्न हुई थी और इनसे गुरु जी की कोई औलाद नहीं थी।



उधर, सरहंद के नवाब वजीर खान ने 27 दिसंबर ,1704 को गुरु गोबिंद सिंह के दो बेटों जोरावर सिंह व फतेह सिंह को जिंदा दीवार में चिनवा दिया तो इसके पश्चात 8 मई,1705 को मुक्तसर के युद्ध में मुगलों को बुरी तरह से परास्त करके गुरु जी ने बदला ले लिया। औरंगजेब की मृत्यु के पश्चात ,गुरु गोविंद सिंह जी के प्रयासों से बहादुर शाह को गद्दी पर बैठाया गया, बहादुर शाह के साथ गुरु जी की अच्छी मित्रता थी, जिससे सरहद का नवाब (वजीर खान) गुरु जी व बहादुर शाह की निकटता से घबरा गया और फिर उसने गुरु जी को खत्म करने के लिए दो पठानों को नियुक्त कर दिया। इसी के चलते 7 अक्तूबर,1708 को नांदेड साहिब में गुरु जी इस संसार को छोड़कर चले गए। अंतिम समय उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब को शीश झुकाकर प्रणाम करते हुए व आगे का गुरु ग्रंथ साहिब सबके लिए, कहकर दिव्य ज्योति में लीन हो गए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### पशु स्वास्थ्य चिकित्सा व बांझपन पर लगाया शिविर



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पशुपालन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बलद्वाड़ा ब्लॉक के समैला गांव में एक दिवसीय पशु बांझपन शिविर का आयोजन किया। जिसमें स्थानीय पंचायत के पशुपालकों ने भाग लिया। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेंद्र सिंह जसवाल ने विभाग द्वारा पशुपालकों के कल्याण के लिए कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं बारे विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पशुपालकों को विभाग की विभिन्न सेवाओं व सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी गई। उन्होंने सर्दियों में पशुओं की देखभाल व पशुओं के खानपान और मवेशियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं बारे पशुपालकों के साथ वार्तालाप की गई। इस दौरान उन्होंने पशुओं में बांझपन और इसके निदान बारे पशुपालकों को जानकारी दी गई। डॉक्टर राजेंद्र सिंह जसवाल ने कहा कि पशुओं में बांझपन की समस्या बड़ी समस्या है तथा बांझ गाय, भैंस, बाछी का कैसे सही समय पर उपचार किया जा सकता है। उन्होंने पशुपालकों को इस बारे में जागरूक किया।

### ग्राम पंचायत सेरी में सुनी लोगों की समस्याएं



**अनंत ज्ञान, करसोग।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत उपमंडल स्तरीय शिविर का आयोजन करसोग उपमंडल की ग्राम पंचायत सेरी में एसडीएम करसोग गौरव महाजन की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में लोगों की समस्याओं को सुना गया तथा अधिकतर मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेरी में आयोजित शिविर में लगभग 8 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया। शेष शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों को प्रदान की गई।

### बेटियों को गोल्ड व सिल्वर मेडल से किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट में राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन द्वारा कन्या पाठशाला सरकाघाट में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बेटियां फाउंडेशन प्रदेश मीडिया प्रभारी हिमाचल प्रदेश आरके वर्मा ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन की राज्य उप समन्वयक राष्ट्रीय अवॉर्डी प्रेम कुमारी ठाकुर व विशेष अतिथि समाजसेवी बसंतपुर चोलथरा से बीडीसी विजय कुमार जिला मंडी के उप महासचिव के द्वारा बेटियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को करवाने का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन का बेटियों के विकास व सुरक्षा के लिए है। पढ़ाई में और खेलकूद प्रतियोगिताओं में अव्वल रही बेटियों को गोल्ड मेडल व सिल्वर मेडल तथा प्रशस्ति प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

### साईं फाउंडेशन ने भराड़ी स्कूल में बांटे ब्लेजर




**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भराड़ी (सजाओपीपलू) मंडी के सभी छात्र-छात्राओं को रविवार को साईं इटरनल फाउंडेशन, हिमाचल प्रदेश की ओर से ब्लेजर (कोट) बांटे। सभी विद्यार्थी फाउंडेशन द्वारा प्राप्त इस उपहार से काफी खुश हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य भोला दत्त कश्यप ने इस सहयोग के लिये फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य व मुख्य प्रबंध निदेशक इंजीनियर राज कुमार वर्मा का समस्त विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों व अभिभावकों की ओर से धन्यवाद किया। प्रधानाचार्य ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि फाउंडेशन द्वारा गत तीन वर्षों से निरंतर विद्यालय के विकास में भरपूर योगदान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त फाउंडेशन ने विद्यालय के 12 मेधावी छात्र-छात्राओं को 48000 की छात्रवृति भी उपलब्ध करवाई।

### चोलथरा में मेधावी छात्रों को किया प्रोत्साहित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की शहीद कैप्टन दीपक गुलेरिया उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चोलथरा के बोर्ड परीक्षाओं के मेधावियों को कर्नल रोशन लाल गुलेरिया मेधावी निजी छात्रवृति तथा स्वर्गीय कुसुम मेधावी निजी छात्रवृति के तहत गत वर्ष बोर्ड परीक्षाओं के मेधावियों को छात्रवृत्तियां प्रदान की गई। एक कार्यक्रम में कर्नल रोशन लाल गुलेरिया तथा स्वर्गीय कुसुम के सुपुत्र सेवानिवृत्त उप शिक्षा निदेशक संजय ठाकुर ने बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वालों छात्रों को यह छात्रवृत्तियां प्रदान की। दसवीं के सुजल ठाकुर तथा वंशज तथा बारहवीं की रैनी तथा सृष्टि को रोशन लाल गुलेरिया छात्रवृति से नवाजा गया। वहीं स्वर्गीय कुसुम मेधावी छात्रवृति के तहत 7500 रुपए की राशि व सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्रदान किया गया।



# हवाणू गांव में पानी के लिए हाहाकार

## एक किलोमीटर पैदल चलकर बावड़ी से बर्तन उठाकर लाना पड़ रहा है पानी

**आदर्श यादव, नेरचौक**

बल्ह विधानसभा क्षेत्र की बेहल पंचायत के हवाणू गांव में पेयजल की किल्लत के कारण हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीणों को करीब एक किलोमीटर पैदल चलकर बावड़ी से सर पर बर्तन उठकर पानी लाना पड़ रहा है।

गांव में पेयजल संकट पिछले कई माह से हैं। यह गांव अनुसूचित जनजाति बाहुल्य है। गांव में करीब 20 परिवार है जो पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। इस गांव के लिए जल शक्ति विभाग की साथ लगती पस्ता खड्ड से उठाऊ पेयजल योजना है। पेयजल स्रोत में पानी की कोई कमी नहीं है मगर विभाग के कर्मियों की लापरवाही के चलते ग्रामीणों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। गांव वासी बिना, रतनी, लता, बर्फी,माया, अनीता तथा तारा देवी ने बताया कि सोर्स में बहुत ज्यादा पानी है मगर विभाग के कर्मी दो-तीन दिन के बाद महज एक घंटा मोटर चलाते हैं। जिससे टैंक में पानी बहुत कम पहुंचता है।

**गांव में 20 परिवार पेयजल संकट से जूझ रहे**



नल में जल आने का इंतजार करती हवाणू गांव की महिलाएं।

इन गृहणियों ने बताया कि पानी की किल्लत की वजह से पशुओं को भी बावड़ी से लाकर पानी पिलाना पड़ रहा है।

इनका आरोप है कि संबंधित कनिष्ठ अभियंता को फोन करते हैं तो वह फोन नहीं उठाते हैं।

मजबूरन इन्होंने अधिशासी अभियंता बग्गी को ऑनलाइन शिकायत करने का मन मनाया है और यदि फिर भी उनकी समस्या का शीघ्र हल नहीं हुआ तो महिलाएं बर्तन लेकर अधिशासी अभियंता बग्गी का घेराव करेंगी।

> हवाणू गांव को सप्लाई करने वाले पंप में कुछ खराबी और इंटेक लाइन के चोक होने से कुछ दिनों से समस्या चल रही थी साथ में सर्दियों के मौसम में कम वोल्टेज की वजह से पंप भी कम चल रहा है इंटेक लाइन और पंप को ठीक कर दिया गया है एक-दो दिनों में गांव को सुचारू रूप से पेयजल सुविधा मिलना शुरू हो जाएगी।
> -विनय कुमार सहायक अभियंता जलशक्ति उपमंडल बग्गी।

### सीवरेज और पेयजल योजना पर खर्च होंगे 86 करोड़ : संदीप

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** नगर परिषद नेरचौक के वासियों को जल्द ही पेयजल सुविधा और सिवरेज सुविधा मिलने जा रही है। जल शक्ति विभाग द्वारा करीब 86 करोड़ रुपए की योजना तैयार की गई है जिसमें नगर परिषद क्षेत्र में सिवरेज सुविधा व पेयजल योजना को और बेहतर बनाने के लिए कार्य किया जाएगा। योजना की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है।



इन दोनों योजना के डिजाइन का रिसर्वे किया जा रहा है। सीवरेज योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के बाद डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम,मेनहोल चैंबर, हाउस कनेक्शन चैंबर व पंप हाउस बनाए जाएंगे। सिवरेज योजना का ट्रीटमेंट प्लांट जरलू मुहाल मे बनाया जाएगा जो की आधुनिक किस्म 3.36 एमएलडी का होगा।

नगर परिषद नेरचौक क्षेत्र में 35 करोड़ रुपए पेयजल योजनाओं के सुधार पर खर्च किए जाएंगे जिसमें नए पंप हाउस, वाटर स्टोरेज टैंक, फिल्टर बेड,नई राइजिंग लाइन, डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क आदि कार्यों को अंजाम दिया जाएगा।

अधिशासी अभियंता संदीप चौधरी जल शक्ति मंडल बग्गी ने कहा कि नगर परिषद नेरचौक में सीवरेज और पेयजल योजना पर लगभग 86 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

# सांसद कंगना रनौत के गांव भाम्बला में 30 घंटे से ब्लैक आउट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

मंडी की सांसद और प्रसिद्ध अभिनेत्री कंगना रनौत के गांव भांबला में पिछले 30 घंटो से ब्लैक आउट है पूरा गांव बिजली न होने के कारण अँधेरे में डूबा गया है। जिस कारण भांबला के ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति खासा रोष व्याप्त है। वहां पर शनिवार सुबह से लेकर खबर लिखे जाने तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। शनिवार और रविवार को बिजली न होने के कारण भारी ठंड में बूढ़े और बच्चे परेशान नजर आए।

**भारी ठंड में हुए लोग परेशान**

क्षेत्र में बिजली न होने के कारण कड़ाके की ठंड के बीच अपने घरों के लोगों को कामकाज निपटाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। वही विद्यार्थियों को रात को पढ़ाई करने में परेशानी हुई। वैसे भी क्षेत्र अघोषित कटों के कारण सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरी करने वाले लोगों को भी बिजली न होने के कारण परेशान होना पड़ रहा है।

बिजली संकट के कारण रविवार को भाम्बला में पानी की आपूर्ति भी नही हो पाई है। जिस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। आजकल क्षेत्र में भीषण सर्दी पड़ रही है। बिजली न के कारण भाम्बला में बिजली व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई। इसके चलते उपभोक्ता रूम हीटर, ब्लोवर व गीजर का लाभ नही ले पाये जिस कारण उन्हें भीषण सर्दी में ठिठुरना पडा।

स्थानीय पंचायत वासियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से सुबह के समय जब लोगों ने कामकाज के लिए जाना होता है तो सुबह 7 बजे बिजली का कट लगा दिया जाता है और लगभग एक दो घंटे तक लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। बच्चों को स्कूल जाने के लिए तैयार होने में परेशानी झेलनी पड़ती है। एक तरफ़ सरकार चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति का वादा करती है दूसरी तरफ अघोषित कट लगा दिए जाते हैं।

### ट्रांसफार्मर में खराबी बनी कारण : उमेश

**इस** समस्या बारे बिजली विभाग भांबला के कनिष्ठ अभियंता उमेश शर्मा ने बताया कि भाम्बला में पशु अस्पताल के नजदीक ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने के कारण भाम्बला के गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई है।रविवार को भी विभाग के कर्मचारी बिजली आपूर्ति को बहाल करने में जुट हुए है। जल्द ही बिजली की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# मंडी शहर में एटीएम कार्ड बदलकर ठगी

**अनंत ज्ञान, मंडी**

हिमाचल प्रदेश में एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामले में सदर मंडी के द्रंग क्षेत्र की एक महिला ठगी का शिकार होकर 50 हजार रुपए गंवा चुकी है।

जानकारी के अनुसार महिला शातिरों की शिकार मंडी शहर के चौहटा बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में बनी हैं। जहां महिला अपने पति के खाते से पैसे निकालने के लिए एटीएम गई थी और ठगों ने धोखे से उसका एटीएम कार्ड मांग कर बदल दिया। इसके उपरांत शातिरों ने उसका एटीएम कार्ड बदलकर वापस लौटा दिया, लेकिन जब महिला ने पति की ई-पासबुक को चेक किया तो उसके पति के खाते से 50 हजार रुपए निकाले पाए गए।

महिला को एटीएम में मौजूद ठगों द्वारा उसके एटीएम को धोखाधड़ी से बदल कर निकाले जाने का शक हुआ। शिकायतकर्ता महिला मीना कुमारी पत्नी बेसर सिंह निवासी गांव डवारडू डाकघर द्रंग तहसील सदर जिला मंडी ने मामले को लेकर पुलिस थाना सदर मंडी में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। एटीएम में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

### पटवारियों के पद खाली होने से लोग परेशान

**करसोग।** करसोग उपमंडल में 41 पटवार वृत्त में से 14 पटवारियों के पद रिक्त हैं। कई कानूनगो सर्किल में दो-दो पटवार वृत्त एक पटवारी के हवाले हैं।

तहसील करसोग में 9 पटवार वृत्त स्यांज बगड़ा, खन्योल बगड़ा, सराहन, सिहंज, अपर करसोग, डबरोट, परलोग, सरतयोला और स्वामाहूं खाली पड़े हैं। उपतहसील बगशाड के अंतर्गत शाकरा, तलेहन और काहनु पटवार वृत में भी पटवारियों के पद रिक्त चल रहे हैं। एसडीएम गौरव महाजन का कहना है कि रिक्त पड़े पटवारियों के पदों को भरने का मामला सरकार को भेजा गया है।

# सुशासन सप्ताह के तहत कार्यक्रम से नदारद रहे अधिकारी

**अनंत ज्ञान, पधर**

विकास खंड द्रंग की ग्राम पंचायत उरला में रविवार को सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आयोजित 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम दौरान विद्युत विभाग के अधिकारी नदारद रहे। जिससे शिकायतों को लेकर कार्यक्रम में पहुंचे लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर चढ़ गया। लोगों ने एसडीएम डॉ. भावना वर्मा से विभागीय अधिकारियों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने की मांग की। जिस पर त्वरित लिखित कार्रवाई के आदेश जारी किए गए। कार्यक्रम दौरान कुल 16 लिखित और चार मौखिक रूप से



**कारण बताओ नोटिस जारी**

लोगों द्वारा शिकायतें सामने लाई गई। जिनमें सबसे अधिक शिकायतें विद्युत विभाग से संबंधित थी। ग्रामीणों ने मंडी-पठानकोट एनएच में कोटरोपी घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त सड़क का मामला भी प्रमुखता से उठाया।

सास्ती और पंदलाही गांव के ग्रामीणों ने कोटरोपी नाले में बह चुके फुटब्रिज निर्माण की मांग उठाई। वहीं गैल गांव के ग्रामीणों ने बिजली की लो वोल्टेज समस्या के साथ नवनिर्मित पेयजल टैंक को कनेक्शन की मांग रखी।

### नदारद रहे अधिकारी के खिलाफ होगी कार्रवाई : डॉ. भावना

कार्यकारी उपमंडल अधिकारी एवं तहसीलदार डॉ. भावना वर्मा ने कहा कि कार्यक्रम से नदारद रहे विद्युत विभाग के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला उपायुक्त को इस बारे लिखित रूप से अवगत करवाया जाएगा।

# जबना चौहान युवाओं को करेंगी मोटिवेट

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

देश की सबसे कम उम्र की चर्चित पंचायत प्रधान रही जबना चौहान आगामी 28 दिसंबर को इंदौर मध्य प्रदेश में विविधता एवं समावेश पर विचार साझा करेंगी तथा युवाओं को संदेश देगी।

जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (जेआईएम)इंदौर में हो रहे इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में देश व दुनिया की चुनिंदा बड़ी हस्तियां भाग लेगी। जबना चौहान को इस कार्यक्रम के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया है। जबना 27 दिसंबर को चंडीगढ़ एयरपोर्ट से बाय एयर इंदौर के लिए रवाना होगी जहां 28 दिसंबर को जेआईएम में होने वाले कार्यक्रम में भाग लेंगी।

**देश व दुनिया की चुनिंदा हस्तियां होंगी कार्यक्रम में शामिल**



जबना चौहान।

जबना चौहान इससे पूर्व भी झारखंड, पुणे, मुंबई दिल्ली व चंडीगढ़ सहित कई राज्यों में सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों में भाग ले चुकी हैं।

बतौर पंचायत प्रधान जबना चौहान अपनी पंचायत में शराब बंदी व स्वच्छता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर देश भर में चर्चित रही है। यही नहीं इन्हें पीएम मोदी सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्री सम्मानित कर चुके हैं साथ ही फिल्म स्टार अक्षय कुमार ने भी स्वच्छता में बेहतर कार्य करने पर जबना को अपनी फिल्म टॉयलेट एक प्रेम कथा की प्रमोशन के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया था। अब हिमाचल की ये बेटी एक बार फिर से इंदौर में हो रहे अंतरराष्ट्रीय स्तर के टीईडीएक्स टॉक कार्यक्रम में भाग लेकर विविधता में समावेशन विषय पर अपने विचारों को साझा करेंगी तथा युवाओं को मोटिवेट करेगी।

### ट्रक और टाटा सूमो की टक्कर, 5 घायल

**मंडी।** मंडी-कुल्लू हाइवे पर देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें ट्रक और टाटा सूमो के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू ले जाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए प्रेम चंद, जो कि कुल्लू जिले के शारीडग मौहल के निवासी हैं, ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। हादसे में प्रेम चंद के साथ उसकी माता बालदासी, बुआ खीमदासी, बहन बिमला और सूमो चालक मुनीष गंभीर रूप से घायल हो गए।

# बेटियों को बांटे ट्रैक सूट, स्वेटर व स्कूल बैग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

शिक्षा खंड द्रंग-2 की राजकीय प्राथमिक पाठशाला गढ़गांव के शिक्षक ने दो छात्राओं को ट्रैक सूट, स्कूल बैग भेंट कर मिसाल पेश की है। वहीं राणा गारमेंट्स गुप्ता द्वारा दोनों छात्राओं को स्वैटर दिए गए, जिन्हें शिक्षक ने दोनों छात्राओं को मुहैया करवाया गया।

स्कूल के शिक्षक प्यार चंद सकलानी ने बताया कि स्कूल की दोनों छात्राएं बेहद गरीब परिवार से संबंध रखती है और उनकी मां बहुत समय पहले मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि दोनों छात्राएं सगी बहनें और पढ़ाई में भी होनहार है। बता दें कि शिक्षक प्यार चंद सकलानी ने बीते महीने स्कूल के सभी नौनिहालों को जूते व गर्म जुराबें भेंट की थी।



उधर स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान श्याम लाल ने कहा कि शिक्षक द्वारा नौनिहालों को भेंट देना काबिले तारीफ है।

# दो आरोपी चरस सहित गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

जिला मंडी के पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने दो आरोपियों के कब्जे से 1.411 किलोग्राम चरस बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम नाकाबंदी के दौरान ट्रैफिक चेकिंग के लिए किरतपुर-मनाली फोरलेन पर पुंघ में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने पंजाब रोडवेज की बस नंबर पीबी-11-सीजेड-5132 में सफर कर रहे आरोपी अशोक ठाकुर (30) पुत्र चेतराम निवासी गांव व डाकघर सैंज तहसील संगडाह सिरमौर और मनीष ठाकुर(24) पुत्र योगिंद्र गांव कंडोन कुशधार जामरा तहसील नाहन जिला सिरमौर के कब्जे से 1.411 किलोग्राम चरस बरामद की है।

**पंजाब रोडवेज की बस में सफर कर रहे थे आरोपी**

मामले में दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी सुंदरनगर नानक चंद ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया है। मामले में पुलिस आगामी कार्रवाई अमल में ला रही है।

### आग लगने से मकान जलकर हुआ राख

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल की ग्राम पंचायत टिकरू के सालंग गांव में शुक्रवार रात आग की एक घटना एक चार कमरों का स्लेटपोश मकान जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार टिकरू पंचायत के सालंग गांव में रोशन लाल ले मकान में बीती देर शाम अचानक आग लग गई। जिस कारण घर में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो गया।

रोशन लाल की माता इस घर में रहती थी और शुक्रवार को दिन में ही उनकी माता का देहांत हुआ था। आगजनी से लाखों का नुकसान आंका गया है।

# अर्चित चौहान आर्म्ड फोर्सिज के तीनों विंग्स में चयनित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धाड़ता क्षेत्र की ग्राम पंचायत टिहरा के मन्योह गांव के अर्चित चौहान पुत्र अनिल चौहान उर्फ भूट्टू ने आर्म्ड फोर्सिज के तीनों विंग्स में अपीयर होकर एक साथ इंडियन नेवी में सब लेफ्टिनेंट, एयरफोर्स में फ्लाइंग ऑफिसर और इंडियन आर्मी में लेफ्टिनेंट के पदों पर टेस्ट क्वालीफाई करके मेहनत, लग्न और संयम की नई मिसाल पेश की है। इस उपलब्धि के लिए धाड़ता क्षेत्र के बुद्धिजीवियों व अन्य लोगों ने अर्पित और उनके माता-पिता व परिवार जनों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।



अर्चित चौहान

राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के सदस्य एवं पूर्व ज़िला पार्षद भूपेंद्र सिंह, किसान उत्पादक संघ-एफपीओ धर्मपुर के अध्यक्ष सत्तपाल चौहान, अंतराष्ट्रीय एथलेटिक्स कोच भुपिंद्र भूप्पी, डॉ. पन्ना लाल, वेटरन इंडिया के राज्य अध्यक्ष रमेश तपवाल लखदाता दंगल कमेटी के प्रधान अश्वनी राणा सचिव यश पठानिया व्यपार मंडल के प्रधान मलकीत पठानिया हिमाचल किसान सभा के अध्यक्ष रणताज राणा और रामचन्द एफपीओ के महासचिव कुलदीप गुलेरिया, युद्धवीर ठाकुर, सूरत सकलानी, सुरेश पठानिया, सुरेश ठाकुर, राजेश कुमार, राहुल चौहान, करतार सिंह चौहान, रमेश पलसरा, कर्नल बिधि चंद, दीवान चन्द, रूपचंद, रमेल चंद, दीनानाथ पठानिया, संजीव ठाकुर, डीवी पठानिया अधिवक्ता पवन स्टॅलिन, ई जेसी शर्मा, सुखदेव शर्मा, रामचन्द ठाकुर, मेहर सिंह, वीरेन्द्र पठानिया, राजीव आर्य, विजय कुमार, विजय बन्याल, प्रेम सिंह, हरजीत सिंह, प्रवीण कुमार, यश पठानिया, लुद्दर सिंह, प्रकाश सकलानी, भाग सिंह लखरवालके अलावा प्रधान अंजू रागड़ा,बक्सी राम इत्यादि ने उन्हें इसके लिए बधाई दी है।

**सराहनीय** दिहाड़ी में 60 रुपए की बढ़ोतरी से आत्मनिर्भर हिमाचल की संकल्पना हो रही साकार

# महिला सशक्तिकरण की राह प्रशस्त कर रहा मनरेगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। मनरेगा कामगारों को इसके माध्यम से जहां घर-द्वार पर रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं, वहीं उनकी आर्थिकी भी सुदृढ़ हो रही है। पुरूषों के मुकाबले महिलाएं बढ-चढ़ कर मनरेगा कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण में योगदान दे रही हैं।

मुख्यमंत्री सुक्खू के आत्मनिर्भर हिमाचल के संकल्प से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक संबल मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने इस वर्ष सुखमय बजट पेश करते हुए मनरेगा दिहाड़ी 240 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपए की है, जो हिमाचल के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी बढ़ोतरी है।

इस वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने में गति मिल रही है। सरकार के इस कदम से मंडी जिला में ही डेढ़ लाख से अधिक ग्रामीण महिलाओं को सीधा लाभ पहुंचा है, जबकि दो लाख 42 हजार से अधिक मनरेगा कामगार इससे लाभान्वित हुए हैं।



### लोगों को मिल रहा रोजगार

**उपायुक्त** अपूर्व देवगन ने बताया कि मनरेगा के तहत मंडी जिला में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मांग के अनुरूप रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिला में 280 करोड़ की राशि व्यय कर 75 लाख 48 हजार के कार्य किए हैं।

### मनरेगा के तहत अब तक 280 करोड़ रुपए व्यय

**जिला** मंडी में अब तक मनरेगा के तहत 280 करोड़ 52 लाख रुपए की राशि खर्च की जा चुकी है। बालीचौकी विकास खंड में सबसे अधिक 33 लाख 16 हजार, गोहर विकास खंड में 30 लाख 55 हजार, धर्मपुर विकास खंड में 30 लाख 50 हजार, मंडी सदर में 29 लाख 53 हजार तथा सराज विकास खंड में 29 लाख 14 हजार रुपए की राशि खर्च की जा चुकी है।

### लोगों ने जताया प्रदेश सरकार का आभार

विकासखंड सदर की ग्राम पंचायत डवाहण के गांव कलोथर की कौशल्या देवी ने बताया कि वह मनरेगा में कार्य करती है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इस वर्ष मनरेगा की दिहाड़ी 240 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपये कर दी है। आमदनी बढ़ने से अब वह अपने परिवार का पालन-पोषण और अच्छी तरह से करने में सक्षम हुई हैं। उसकी आर्थिकी भी सुदृढ़ हुई है। इसके लिए वह मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए उनका आभार व्यक्त कर रही है।

### हिमाचल पेंशनर वेलफेयर एसो. की बैठक संपन्न

**नेरचौक।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन बल्ह खंड इकाई द्वारा स्थापना दिवस चौगान पैलेस भंगरोटू में मनाया गया। जिसमें 80 साल से ऊपर के वृद्ध जनों और नए सदस्यों को सम्मानित किया गया। बैठक में प्रधान बालक राम शर्मा ने पिछली कार्यकारिणी को भंग किया तथा आर सी चौहान और रोशन लाल कपूर को चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया।

सर्वसम्मति से प्रधान पद के लिए कुलदीप गुलेरिया, महासचिव नागेंद्र कपूर, वरिष्ठ उप प्रधान हरि सिंह चंदेल, कोषाध्यक्ष कृष्ण चंद्र चौहान के अतिरिक्त पूर्व कमेटी को ही बहाल रखा गया। वहीं जिला प्रधान एवं उपाध्यक्ष राज्य हरीश शर्मा और जिला सचिव रोशन लाल उपस्थित रहे।

# जोगिंद्रनगर में दिव्यांगों को वितरित किए कृत्रिम अंग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



दिव्यांगों के साथ प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग व अलिम्को के सौजन्य से जोगिंद्रनगर के रामलीला मैदान में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरित करने को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी एवं अधिवक्ता जीवन ठाकुर ने की। कार्यक्रम में उपमंडल जोगिंद्रनगर के कुल 37 दिव्यांगजनों को लगभग 3 लाख 19 हजार रुपए की राशि के 60 उपकरण जिनमें 15 व्हीलचेयर, 19 कान की मशीनें, 4 ट्राई साइकिल, 5 वॉकिंग स्टिक सहित अन्य सहायक उपकरण शामिल हैं, प्रदान किए गए। इस मौके पर जीवन ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को सशक्त कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए कृतसंकल्प है। तहसील कल्याण अधिकारी जोगिंद्रनगर चंदन वीर सिंह ने बताया कि सभी उपमंडलों में विशेष शिविरों में उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### धुसाड़ा में तेंदुए के खौफ से ग्रामीणों में दहशत

**हीना पठानिया, बड़ूही।** अंब उपमंडल के तहत पड़ते गांव धुसाड़ा में लगातार एक सप्ताह से तेंदुए ने अपना आतंक मचाना शुरू कर दिया है। जिसके चलते बीते कुछ दिनों में इस गांव के ग्रामीणों के कई जानवरों को तेंदुए ने अपना शिकार बनाया है। इस गांव के मोहल्ला फकीरा के शीलू मोहम्मद ने बताया कि पिछले सप्ताह मेरे बेटे बकरियां चराने के लिए जा रहे थे तो अचानक एक मेमने को तेंदुआ उठाकर ले गया ओर खा गया। अभी बीती रात मोहल्ले तराखना ओर लोहरा में कई लोगों ने अपने मकानों के इर्द-गिर्द तेंदुए को देखा है। मनदीप सिंह ने बताया कि तेंदुए ने उनके पालतू कुते को भी अपना शिकार बनाने की कोशिश की है, जैसे ही लोग इकट्ठे हुए तेंदुआ भाग गया। अभी इस मोहल्ले के लोग बुरी तरह सहमे हुए हैं और लोग बच्चों को स्कूल भेजने से भी डर रहे हैं। प्रधान नीरू बाला व इस गांव ग्रामीण मनदीप सिंह, दलजीत सिंह, हरदीप बाहड़ा, मांगे शाह, आदि ने प्रशासन से गुहार लगाई है तेंदुए को पकड़ करके कहीं दूर छोड़ दिया जाए ताकि ग्रामीण राहत की सांस ले सकें।

### इंटर स्टेट मास्टर प्रतियोगिता में शिवांश व मनराज सेकेंड

**अनंत ज्ञान, ऊना।** संतोषगढ़ के गोविन्द सिंह प्ले वे पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में अग्रणी सनिट कंप्यूटर सेंटर के संस्थापक सेवा सिंह ने शिरकत की। प्रधानाचार्य रुपिंद्र कौर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय हुई इंटर स्टेट मास्टर प्रतियोगिता में स्कूल के शिवांश सैनी व मनराज



कौर ने प्रदेशभर में दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल व भबीश ने तीसरा स्थान हासिल कर ब्रोज मैडम अपने नाम किया स्कूल मैनेजमेंट द्वारा बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में छोटे छोटे बच्चों ने अपन-अपनी प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया व प्ले स्कूल द्वारा फैशन प्रतियोगिता भी करवाई गई। इस अवसर पर एमडी सरदार गुरनाम सिंह, अध्यापिका कुसम, नेहा, प्रीति, अनीता, मोनिका, सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम पर हुई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश के डिजिटल प्रौद्योगिकी और शासन विभाग द्वारा लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम के तहत राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआइसी) के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम में जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आयोजित की जा रही 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त ऊना जतिन ने बताया कि इन कार्यशालाओं में जिला के सभी विभागों, बोर्डों और निगमों के कुल 163 अधिकारियों व कर्मचारियों को लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में जिला कोर्ट, उच्च कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में दायर होने वाले मामलों को लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम पर एंटर करने और उनकी मॉनिटरिंग के संबंध में प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने सभी विभागों, बोर्डों और निगमों के अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने विभाग से संबंधित कोर्ट केसों को एलएमएस पर दाखिल करना सुनिश्चित बनाने को कहा ताकि वे समय पर इन मामलों की मॉनिटरिंग कर सकें। ई-जिला प्रबंधक ऊना साहित शर्मा ने बताया कि लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम प्रशिक्षण कार्यशाला के छठे दिन ऊना जिला के सभी बोर्डों और निगमों के अधिकारियों को इस संबंध में प्रशिक्षण देकर जागरूक किया गया।

### 31 तक बिजली मीटर को आधार कार्ड से करवाएं लिंक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** विद्युत उपमंडल बसाल के तहत आने वाली सभी घरेलू उपभोक्ता 31 दिसंबर तक अपने विद्युत मीटर खाता संख्या को आधार कार्ड से लिंक (केवाइसी) करवाना सुनिश्चित बनाएं। यह जानकारी विद्युत उपमंडल बसाल के सहायक अभियंता इंजीनियर सुनील कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि केवाइसी करवाने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड और बिजली का नया और पुराना बिल जैसे दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा। केवाईसी के दौरान उपभोक्ता आधार कार्ड से लिंक मोबाइल साथ रखें। उन्होंने कहा यदि कोई उपभोक्ता केवाईसी करवाने में सहयोग नहीं करता है या केवाईसी नहीं करवाना चाहता तो भविष्य में वह उपभोक्ता बिजली के बिलों में मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह सकता है। इसके अतिरिक्त सुनील कुमार ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने माह नवंबर, दिसंबर या उससे पहले के महीनों के बिजली बिलों का भुगतान नहीं किया है वह निर्धारित समय पर भुगतान करना सुनिश्चित बनाएं अन्यथा बिजली का कनेक्शन बिना किसी अग्रिम नोटिस के काट दिया जाएगा।

### बाबा लाल जी पुरी की याद में भंडारा 24 को

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल के संस्थापक बाबा लाल जी पुरी की याद में वार्षिक भंडारा 24 दिसंबर मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गोंदपुर बनेहड़ा के समीप स्थानीय राधे कृष्ण सीताराम शिवपार्वती दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित होगा यह जानकारी भंडारा आयोजन समिति ने दी।

### पीपलू में खेल मैदान का भूमि पूजन आज

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा सोमवार को दोपहर दो बजे उपमंडल बंगाणा की पीपलू पंचायत के पीपलू में खेल मैदान का भूमि पूजन करके एक जनसभा को संबोधित करेंगे। विधायक विवेक शर्मा के निजी प्रेस सचिव ने जानकारी देते हुए बताया कि पीपलू पंचायत के युवाओं की पीपलू में खेल मैदान बनाने की वर्षो पुरानी मांग थी और विधायक के अथक प्रयासों से अब स्थानीय युवाओं को खेल मैदान बनाने की वर्षो पुरानी मांग को पूरा करते हुए विधायक खेल मैदान का सोमवार को विधिवत शिलान्यास करके कार्य शुरू करवाएंगे। उसके बाद नरसिंह नारायण मंदिर का निरीक्षण करके श्री गणपति पूर्ति स्थापना और उसके बाद एक जनसभा को संबोधित करेंगे और जन समस्याओं को सुनेंगे।

### पूर्व छात्र संगठन की बैठक का आयोजन



**अनंत ज्ञान, अंब।** महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब में रविवार को पूर्व छात्र संगठन की एक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 30 पूर्व छात्रों ने भाग लिया। प्राचार्य प्रोफेसर दर्शन कुमार ने बताया कि इस सभा में पूर्व छात्र संगठन का किस तरीके से महाविद्यालय की प्रगति के लिए योगदान हो सकता है। इस बारे में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में प्रेसिडेंट विकास कश्यप, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मनीष सरोच, वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर पवन पटियाल, वाइस प्रेसिडेंट पंकज सेठी, जनरल सेक्रेटरी प्रो. अमित कुमार शर्मा, तकनीकी सलाहकार, विवेक शर्मा, जॉइंट सेक्रेटरी, मनमोहन शर्मा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इनके अलावा एडवोकेट राजकुमार धनोतिया, गुरुकुल मैनेजमेंट समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गौतम, पंकज भारद्वाज, मनीष शर्मा, अनूप शर्मा, जनक राज, पंकज कुमार आदि उपस्थित रहे। इस बैठक में सभी ने बढ़-चढ़कर महाविद्यालय के विकास के लिए धन राशि का योगदान दिया। यह भी फैसला लिया गया की पूर्व छात्र संगठन की भविष्य में और ज्यादा बैठक की जाएगी।

### नशा निवारण को लेकर महिला मंडल ने बुलाई बैठक



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** बंगाणा क्षेत्र में नशे का प्रभाव रोकने के लिए महिला मंडल आगे आने लगे हैं। रविवार को ग्राम पंचायत बल्ह की महिला मंडल बल्ह की बैठक हुई। इस बैठक में महिला मंडल बल्ह की महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और इस बैठक में महिला मंडल की प्रधान मोनिका रानी व सचिव किरण देवी ने सभी महिलाओं को जागृत किया कि बच्चों को नशे न करने पर जोर दिया। निर्णय लिया गया कि अगर कोई नशे करता पकड़ा जाए तो उच्च अधिकारियों को सूचित किया जाए। इसके साथ-साथ स्वच्छता के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर प्रधान मोनिका रानी व सचिव किरण देवी, सीमा देवी, मोना रानी, ज्योति देवी, मंजू देवी, प्रवीण कुमारी, सरोज कुमारी, नीलम कुमारी, प्रियंका शर्मा और तृप्ता देवी सभी शामिल रहे।

# टैक्स जमा नहीं करवाया तो ब्लैक लिस्ट होगा वाहन

## 15 दिनों के भीतर वाहन मालिक करे टैक्स का भुगतान, अन्यथा होगी सख्त कार्रवाई: सोनू गोयल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल अधिकारी बंगाणा सोनू गोयल ने व्यावसायिक वाहन मालिकों को सख्त निर्देश देते हुए अंतिम अल्टीमेटम जारी किया है। उन्होंने कहा कि उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी व्यावसायिक वाहन मालिक जिनका वाहन टैक्स बकाया है, वे आगामी 15 दिनों के भीतर अपने वाहन का टैक्स अनिवार्य रूप से जमा करवा दें। यदि निर्धारित समय-सीमा में वाहन का टैक्स जमा नहीं कराया गया, तो संबंधित वाहनों को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि विभागीय स्तर पर भी वाहन मालिकों को पहले कई बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं, लेकिन वे इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अब सभी वाहन मालिकों से टैक्स का भुगतान करने के लिए अंतिम अल्टीमेटम जारी किया जा रहा है। यदि वाहन मालिक द्वारा टैक्स का भुगतान समय पर जमा नहीं किया गया, तो वाहन को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। ब्लैकलिस्ट किए गए वाहनों पर आगे किसी भी प्रकार की अनुमति या वैधता नहीं दी जाएगी। रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस अथॉरिटी बंगाणा में विभिन्न प्रकार के वाहनों का विवरण जिन्होंने टैक्स का भुगतान नहीं किया है।

एचपी 20ए 9521 मालवाहक वाहन, एचपी78-0292 मालवाहक वाहन, एचपी 78-7044 मालवाहक वाहन, एचपी 19ए-3833 मालवाहक वाहन, एचपी 20 सी-0189 मालवाहक वाहन, एचपी 21 सी-6340 मालवाहक वाहन, एचपी 23बी-7354 मालवाहक वाहन, एचपी 23 बी-7886 मालवाहक वाहन, एचपी 29बी-0238 मालवाहक वाहन, एचपी 55 ए-2128 मालवाहक वाहन, एचपी 67-0661 मालवाहक वाहन, एचपी 67-5031 मालवाहक वाहन, एचपी 68-2318 मालवाहक वाहन, एचपी 72-2084 मालवाहक वाहन, एचपी 78-0134 मालवाहक वाहन, एचपी 78-0366 मालवाहक वाहन, एचपी 78-0658 मालवाहक वाहन, एचपी 78-0683 मालवाहक वाहन, एचपी 78-0705 मालवाहक वाहन, एचपी 78-0776 मालवाहक वाहन, एचपी 78-0895 मालवाहक वाहन, एचपी 78-0935 मालवाहक वाहन, एचपी 78-1173 मालवाहक वाहन, एचपी 78-1734 मालवाहक वाहन, एचपी 78-1741 मालवाहक वाहन, एचपी 78-2038 मालवाहक वाहन, एचपी 78-2206 मालवाहक वाहन, एचपी 78-2282 मालवाहक वाहन, एचपी 78-4076 मालवाहक वाहन, एचपी 78-6759 मालवाहक वाहन, एचपी 78-6892 मालवाहक वाहन, एचपी 78-7532 मालवाहक वाहन, एचपी 78-7618 मालवाहक वाहन, एचपी 78ए-1193 मालवाहक वाहन, एचपी 20ए-3478 ट्रैक्टर, एचपी 21बी-4069 ट्रैक्टर, एचपी 36बी-1835 ट्रैक्टर, एचपी 36सी-2446 ट्रैक्टर, एचपी 67-3344 ट्रैक्टर, एचपी 69-2136 ट्रैक्टर, एचपी78-0204 ट्रैक्टर, एचपी 78-0506 ट्रैक्टर, एचपी 78-0577 ट्रैक्टर, एचपी 78-0701 ट्रैक्टर, एचपी 78-0704 ट्रैक्टर, एचपी 78-0714 ट्रैक्टर, एचपी 78-0855 ट्रैक्टर, एचपी 78-1104 ट्रैक्टर, एचपी 78-1143 ट्रैक्टर, एचपी78-1189 ट्रैक्टर, एचपी 78-1906 ट्रैक्टर, एचपी 78-2215, एचपी 78-2693 ट्रैक्टर, एचपी 78-2783 ट्रैक्टर, एचपी78-2952 ट्रैक्टर, एचपी 78-2963 ट्रैक्टर, एचपी78-3245 ट्रैक्टर, एचपी 78-4629 कैंपर वैन, एचपी 78-3763 मालवाहक वाहन, एचपी 78ए-0384 मालवाहक वाहन, एचपी 78-0874 अर्थ मूविंग उपकरण, एचपी 78-4944 निर्माण उपकरण वाहन, एचपी 78-7452 निर्माण उपकरण वाहन, एचपी 78-7621 निर्माण उपकरण वाहन, एचपी 55ए-4342 खुदाई यंत्र आदि।

### क्या कहते हैं एसडीएम गोयल



**एसडीएम** सोनू गोयल ने सभी वाहन मालिकों से बकाया टैक्स जमा कराने की अपील की है। सोनू गोयल ने कहा कि मैं सभी वाहन मालिकों से अनुरोध करता हूं कि वे नियमानुसार अपने टैक्स का भुगतान करें और किसी भी प्रकार की परेशानी से बचें। यह कदम शासन की ओर से व्यवस्था को सुचारु रखने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए उठाया जा रहा है।

## लठियाणी के एचएस पटियाल एसएसबी में बने डिप्टी कमांडेंट

**अनंत ज्ञान, लठियाणी**

जिला ऊना के बंगाणा उपमंडल के अंतर्गत लठियाणी पंचायत के गांव राजली बनियाला के निवासी प्रकाश चंद पटियाल के ज्येष्ठ पुत्र होशियार सिंह पटियाल निवासी राजली बनियाला सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में डिप्टी कमांडेंट पर पदोन्नत हुए हैं। होशियार सिंह पटियाल की पदोन्नति पर पूरे क्षेत्र में खुशी है। असम राज्य में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के क्षेत्रीय मुख्यालय में सशस्त्र सीमा बल के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें अशोक चिह्न लगाकर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में नई जिम्मेदारी सौंपी।



नवनियुक्त डिप्टी कमांडेंट होशियार सिंह पटियाल ने कार्यभार संभालने के बाद एसएसबी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सम्मिलित सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के वरिष्ठ अधिकारियों और जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि अब उनकी जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। देश की रक्षा के साथ-साथ केंद्र सरकार द्वारा उन्हें जो कार्य सौंपा गया है, वह उसे बखूबी निभाएंगे। उनके गांव राजली बनियाला में डिप्टी कमांडेंट होशियार सिंह पटियाल के परिजनों को बधाइयां दे रहे हैं। पटियाल के पिता प्रकाश चंद पटियाल एसएसबी से सेवानिवृत्त हुए हैं और बेटा अंकित पटियाल एसएसबी में सेवाएं दे रहा है। कुटलैहड़ क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा, पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह भुट्टो, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, जिला परिषद सत्या देवी, ग्राम पंचायत लठियानी के प्रधान जोगिंद्र शर्मा पौणु, उपप्रधान निर्मल सिंह, पंचायत समिति सदस्य सदस्य( लठियाणी- तनोह) जोगिंद्र देव आर्य एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने होशियार सिंह पटियाल को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में डिप्टी कमांडेंट का कार्यभार संभालने पर बधाई दी है।

## विधायक बबलू से मिले यूथ कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने नवनिर्वाचित यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों को बधाई दी है। रविवार को लोकनिर्माण विभाग के अंब स्थित विश्राम गृह में ब्लाक कांग्रेस की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विधायक सुदर्शन बबलू ने ब्लाक की नए चुने गए पदाधिकारियों को माता की चुनरी पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही केक और मिठाई खिलाकर उन्हें यह नवीन



दायित्व मिलने पर बधाई व शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि यूथ कांग्रेस पार्टी की रीढ़ हैं। कहा कि नवनिर्वाचित टीम बहुत ही ऊर्जावान व मेहनती है। उन्होंने युवा कांग्रेस के नव निर्वाचित पदाधिकारियों से उम्मीद जताई कि कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करने के लिए कार्य करेंगे और अधिक से अधिक युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ेंगे। कहा कि यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी प्रदेश सरकार की नीतियों को धरातल पर लेकर जनता को अवगत करवाएं और पार्टी के प्रचार-प्रसार के लिए कड़ी मेहनत करें।

इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शर्मा, यूथ कांग्रेस चिंतपूर्णी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमन जसवाल, उपाध्यक्ष राहुल सूर्याल, महासचिव उदय शर्मा, ब्लाक अंब के अध्यक्ष अनमोल शर्मा, नगर पंचायत अंब के अध्यक्ष आलिब शैखू, जिला यूथ कांग्रेस के महासचिव आयुष शर्मा, नंदपुर पंचायत के प्रधान श्रवण कुमार बिट्टू, चुरूडू के पूर्व प्रधान राजिंद्र कुमार, गुरदेव भुल्लर, देवराज, पार्षद रितेश शर्मा, राजेश शर्मा रज्जू, तनुज ठाकुर, निशा शर्मा, शुभम व काशव सहित अर्शु उपस्थित रहे।

### एचपीयू के बंगाणा ब्लॉक के चुनाव संपन्न

## विपिन साजन सर्वसम्मति से चुने ब्लॉक अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जोगिंद्र देव आर्य की निगरानी में जिला ऊना के बंगाणा ब्लॉक के चुनाव संपन्न हुए। जिसमें करीब 15 से ज्यादा मीडिया कर्मियों ने भाग लिया और विपिन साजन को ब्लॉक बंगाणा का अध्यक्ष चुना गया। वहीं, राजेश ठाकुर को महासचिव, विनोद शर्मा मुख्य संरक्षक, अजय ठाकुर कानूनी सलाहकार, अभिषेक कुमार उपाध्यक्ष, राम सिंह सचिव, रणधीर सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

ब्लॉक बंगाणा के नवनियुक्त अध्यक्ष विपिन साजन ने प्रदेश एवं राष्ट्रीय यूनियन ओर जर्नलिस्ट यूनिट के सभी पदाधिकारियों एवं समस्त वरिष्ठ सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम ब्लॉक बंगाणा की पूरी कमेटी को साथ लेकर संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य संगठन को मजबूत करना ओर ब्लॉक बंगाणा का यह मीडिया यूनिट कैसे आगे बढ़े। इस पर ईमानदारी से कार्य करेंगे।

जिलाध्यक्ष भारत भूषण धीमान ने कहा कि पत्रकारों के हित के लिए गठित नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के बैनर तले हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट प्रदेश में रणेश राणा के नेतृत्व में कार्य कर रही है। जिसके तहत जिला ऊना में चल रही चुनावी प्रकिया के तहत जिला के सभी ब्लॉकों में चुनाव प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इससे पहले दौलतपुर-गगरेट ओर अंब ब्लॉक में चुनावी प्रकिया पूरी को जा चुकी है। इसी कड़ी के तहत आज बंगाणा ब्लॉक में भी एचपीयूजे की इकाई गठित की गई। जिसमें विपिन साजन को अध्यक्ष चुना गया है।

## दुल्हन की तरफ सजाया गया बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन

**बंगाणा।** उत्तरी भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन गांव थानाखास के गद्दी नशीन बाबा अशोक ठाकुर ने बताया कि बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन आज से होगा। चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम शुरू होने जा रहा है। और 26 दिसंबर तक चार चलेगा।

मंदिर के प्रमुख सेवादार एवं गद्दी नशीन अशोक ठाकुर ने बताया कि आज बाबा पहाड़िया बाबा भरथरी माता ज्वाला जी को प्रसाद देकर निमंत्रण दिया जाएगा। वहीं, 24 दिसंबर को मंदिर परिसर में सुबह 9 से दोपहर तीन बजे तक बाबा पहाड़िया जी का कीर्तन दरबार सजेगा और 25 दिसंबर को सुबह 8 बजे तनद पूजन होगा। ओर 9 बजे मंदिर परिसर में श्री सत्य नारायण कथा होगी। उसके बाद 11 बजे से दो बजे तक मंदिर परिसर में कीर्तन दरबार सजेगा। उन्होंने बताया कि 26 दिसंबर को सुबह 9 बजे मंदिर परिसर में हवन यज्ञ होगा। दस बजे मंदिर परिसर में बाबा पहाड़िया जी के गुणगान का बड़ा कीर्तन दरबार सजेगा। जिसमें पंजाब की बुलंद आवाज अश्वनी वर्मा बाबा पहाड़िया जी का गुणगान करेंगे। ग्यारह बजे बाबा पहाड़िया जी की सवारी निकलेगी। बाबा अशोक ठाकुर ने बताया कि चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था रहेगी। ओर खाने ओर ठहरने का विशेष प्रावधान होगा।

### विधायक विवेक शर्मा का प्रेस विजिट





ऊना जिले के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक विवेक शर्मा ने नगरोटा बगवां स्थित 'अनंत ज्ञान' प्रेस परिसर का विजिट किया। उनका टोपी-मफलर पहनाकर स्वागत किया और स्मृति स्वरूप मां चामुंडा का चित्र भेंट किया। सामूहिक चित्र में एचआरटीसी के मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा, अखबार के सीईओ विशाल धीमान, संपादक समरजीत, प्रोडक्शन हेड पुरुषोत्तम चंद, रीत वशिष्ट तथा 'अनंत ज्ञान' टीम के अन्य सदस्य। (बाएं) 'अनंत ज्ञान' अखबार का अवलोकन करते विधायक विवेक शर्मा।

## गगरेट स्कूल के बाहर गंदा पानी बना समस्या, स्कूल प्रशासन मूकदर्शक



प्रिंसिपल बोले मामूली समस्या

**अनंत ज्ञान, ऊना**

स्कूलों के आसपास स्वच्छता की खस्ताहालत को लेकर समाचार सुर्खियों में रहते हैं, वहीं बीते दिनों राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गगरेट के बाहर लंबे समय से जमा गंदा पानी जमा रहने से जहां छात्रों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह साबित होने की आशंका बनी हुई है वही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल के साथ भी स्कूल का गंदा पानी जमा रहने से गंदगी का आलम नजर आया। जिसको लेकर स्कूल प्रशासन मूकदर्शक के भूमिका में नजर आया वहीं इस गंदगी के चलते दुर्गंधयुक्त वातावरण बना नजर आया जब इस अव्यवस्था के बारे स्कूल प्रिंसिपल से प्रतिक्रिया लेनी चाही तो उनका कहना था ये तो छोटी से समस्या है।

## बंगाणा के डुमखर में हुआ राज्य स्तरीय हैमर बॉल टीम का ट्रायल



**अनंत ज्ञान, लठियानी**

उपमंडल बंगाणा के क्रिकेट स्टेडियम डुमखर में हैमर बॉल हिमाचल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से हैमर बॉल एसोसिएशन के सौजन्य से राज्य टीम का चयन का ट्रायल आयोजित किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में बंगाणा के समाज सेवी पंकज कतना ने शिरकत की। आर्य स्कूल बंगाणा के प्रबंधक एवं पंचायत समिति सदस्य जोगेंद्र देव आर्य, कोच सुमित शर्मा, यशवीर सिंह हिमाचल चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य नरेश शर्मा, राममुरारी, भूषण , जतिंदर उपस्थित रहे ।

कोच यशवीर ने बताया कि अंडर 17 नेशनल हैमर बॉल चैंपियनशिप आगरा में 26 दिसंबर से 29 दिसंबर को आगरा में होने जा रही है, हिमाचल प्रदेश की टीम का चयन किया गया। मुख्यातिथि पंकज कतना ने कहा हैमर बॉल एसोसिएशन को बधाई देते हुए कहा कि आज के समय में युवाओं को नशे से दूर रखने ओर पढ़ाई के साथ साथ खेलों में रुचि बढ़ाने का काम कर रहे हैं। जो एक सराहनीय कदम है। पंकज ने कहा कि आज के समय में समाज को चिट्टे का नशा खोखला करता जा रहा हैं। हर दिन पुलिस प्रशासन द्वारा चिट्टे के आरोपी पकड़े जा रहे हैं। यह आरोपी स्कूल कॉलेज के पास युवाओं को चिट्टे की गर्त में धकेलने का काम कर रहे हैं। इस नशे की गर्त से बचने के लिए हमें समाज के युवाओं को पढ़ाई के साथ साथ खेलों एवं अन्य गतिविधियों में रुचि बढ़ाने के लिए प्रेरित करना होगा।

टीम में हैमरबाल हिमाचल प्रदेश की घोषणा आयुष शर्मा, तन्मय, संजित जसवाल, आर्यन राणा, उत्कर्ष राणा, अभिनव भाटिया, सूर्यांश धीमान, आदर्श शर्मा, अभि, सात्विक शर्मा, पुनीत , अर्णव , संयम ठाकुर, रोहित शर्मा, उदय बाली, गुरबीर सिंह , इत्यादि को टीम में शामिल किया गया।

**आयोजन** युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेल प्रतियोगताएं जरूरी

## कुरियाला में युवाओं के लिए बनेगा बेहतर खेल मैदान

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के नील कंठ महादेव क्लब कुरियाला द्वारा लगातार चौथे वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में तीस से ज्यादा टीमें भाग ले रही हैं। रविवार को कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो ने मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यातिथि का आयोजकों द्वारा भव्य स्वागत के साथ सम्मानित भी किया गया।

भुट्टो ने क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वर्तमान समय में नशे ओर चिट्ठे से युवाओं को दूर रखने के लिए खेल प्रतियोगताओं का होना जरूरी है। समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। तभी समाज नशे की कुरीतियों से दूर हो सकता है।

उन्होंने कहा कि कुरियाला में युवाओं के खेल प्रतियोगताओं के लिए एक बेहतर खेल मैदान तैयार करवाया जाएगा। भुट्टो ने कहा कि मैं खुद 25 वर्षों से लगातार रोजाना बैडमिंटन खेलता हूं और रोजाना खेल मैदान में ओर युवाओं को खेल के लिए प्रेरित करता हूं। भुट्टो ने नील कंठ महादेव क्लब कुरियाला को खेल प्रतियोगिता के लिए 21000 की नकद राशि प्रदान की। इस खेल प्रतियोगिता में हर खिलाड़ी के खाने का विशेष प्रावधान है। विजेता टीम को 15 हजार उपविजेता टीम को 11 हजार बाकी कुछ टीमों ओर खिलाड़ियों को अलग वेस्ट ओर खिलाड़ी इनाम रखें है। अभी तक कुछ क्रिकेट मैच शुरू हुए हैं।

इस मौके पर जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा, भाजपा नेता बलराम बबलू, संतोष सैनी, राजेंद्र मलांगड़, उपप्रधान सूरम सिंह,उपप्रधान जीवन शर्मा, हर्ष कौशल, बीडीसी सदस्य राज कुमार के अलावा बड़ी संख्या में पंचायत प्रधान,उपप्रधान एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



कुरियाला में युवाओं के साथ देवेंद्र भुट्टो, व अन्य।

# मनाली के सक्षम ने देशभर में किया हिमाचल का नाम रोशन

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला कुल्लू के मनाली के सक्षम ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। ओएमजी बुक ऑफ रिकॉर्ड मुंबई में सक्षम का तीसरी बार नाम दर्ज हुआ है। महज 5 वर्ष की उम्र में सक्षम ने 195 देशों के झंडे, उनकी भाषा, मुद्रा और अधिकांश देशों की राजधानी और सभी देशों के नाम की स्पेलिंग सहित याद कर ली है। इतना ही नहीं इस बच्चे को मानचित्र पर कौन सा देश कहां पर हैं इस बात की भी पूरी जानकारी है। बता दें कि इससे पहले, सक्षम ने दो नेशनल रिकॉर्ड बनाए हैं।






पहला रिकॉर्ड तब बना था, जब बच्चे ने महज 15 महीने की उम्र में अल्फाबेट सीख लिया था, जिसके लिए इसे मिरेकल ब्वॉय का टाइटल मिला था। दूसरा रिकॉर्ड कार संग्रह का था। 3 साल की उम्र तक सक्षम ने 250 से अधिक कारों के टॉयज का संग्रह कर लिया था और कौन सी कर का मॉडल किस कंपनी का है, इस बात की भी उसे पूरी जानकारी थी। इतना ही नहीं इस बच्चे को पूरे देश के आरटीओ नंबर की भी जानकारी है। सक्षम की इस असाधारण उपलब्धि ने सभी को चकित कर दिया है और उन्हें चमत्कार बालक का खिताब दिया गया है। उनकी प्रतिभा और मेहनत ने उन्हें देश का गौरव बना दिया है। सक्षम अपने माता-पिता के साथ मनाली में रहते हैं। सक्षम के पिता सागर एक हेल्थ कोच हैं तथा माता स्नेहा ठाकुर एक होटलियर और पेरेंटिंग कोच हैं। सक्षम मात्र यूकेजी कक्षा का छात्र है। सक्षम के माता-पिता इस उपलब्धि के लिए काफी खुश हैं और इसके लिए उन्होंने परमात्मा का आभार व्यक्त किया। उनका कहना है कि सक्षम ने 5 महीने की उम्र से ही किताबे पकड़ना शुरू कर दी थी और 15 महीने की उम्र में तो वो अल्फाबेट सिख चुका था। 3 साल की उम्र में सक्षम ने 500 से ज्यादा इंग्लिश के शब्द सिख लिए थे। सक्षम का कहना है कि वो एस्ट्रोनॉट बनकर स्पेस में जाना चाहते हैं। (अनंत ज्ञान)

## 24 घंटे में 5050 वाहनों में 18100 पर्यटकों ने निहारी लाहौल की वादियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

- विंटर सीजन ने पकड़ी रफ्तार, सभी छोटे-बड़े होटलों में छाई रौनक
- डीजे व कुल्लवी नाटी पर थिरक रहे पर्यटकों के कदम

24 घंटे में 5050 वाहनों में 18100 पर्यटकों ने लाहौल की वादियां को निहारा। हालांकि मौसम की बेरुखी के चलते घाटी में बर्फ के दीदार नहीं हो रहे हैं, लेकिन पर्यटक भारी संख्या में कोकसर, अटल टनल, कुठ बिहाल, सिस्सू व जिस्पा पर्यटन स्थल का रुख कर रहे हैं।

पर्यटन नगरी मनाली में विंटर सीजन ने रफ्तार पकड़ ली है। सभी छोटे-बड़े होटलों में रौनक छा गई है। पर्यटकों के कदम डीजे व कुल्लवी नाटी में थिरक रहे हैं। 24 घंटे में बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटक वाहनों का आंकड़ा भी 1300 के पार हुआ है। तीन दिन में प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों से एक हजार से अधिक वाहन मनाली पहुंचे। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि 24 घंटे के भीतर 3464 पर्यटक वाहन आए, जबकि 3150 घाटी से बाहर गए। कुठ बिहाली से पागल नाला के बीच 12000 पर्यटक, पागल नाला से घेपन मंदिर तक 3600 पर्यटक, जबकि कुठ बिहाल से ग्रांफू की ओर 5600 पर्यटक आए। लाहौल घाटी में कुल 18100 पर्यटकों ने दस्तक दी। उन्होंने कहा कि सिस्सू को तीन स्केटर में बांटा गया है। पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था का ध्यान रखा जा रहा है। पर्यटकों से आग्रह है कि पुलिस के दिशा-निर्देश का पालन करें और नदी किनारे न जाएं।

## आरती बनी वुमन एडवेंचर एसोसिएशन की अध्यक्ष



वुमन एडवेंचर एसोसिएशन की बैठक में मौजूद नई कार्यकारिणी के सदस्य व अन्य।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

आरती ठाकुर को वुमन एडवेंचर एसोसिएशन की अध्यक्ष बनाया गया है। रविवार को आयोजित बैठक में सभी सदस्यों ने नई कार्यकारिणी का गठन किया। कृतिका ठाकुर को उपाध्यक्ष, सविता बोध को सचिव, शालिका ठाकुर को सह सचिव, शांति देवी को कोषाध्यक्ष, जबकि दीक्षा ठाकुर व प्रीति ठाकुर को प्रेस सचिव बनाया गया है।

एसोसिएशन की संस्थापक सदस्य कृष्णा ठाकुर ने कहा कि महिलाओं के उत्थान व पर्यवरण के क्षेत्र में काम करने के उद्देश्य से उन्होंने वुमन एडवेंचर एसोसिएशन का गठन किया था। इस वर्ष गुलाबा व कोठी में पौधरोपण किया। उन्होंने बताया कि वनों की रक्षा के लिए एसोसिएशन की सदस्य यथासंभव प्रयास कर रही हैं। वनों को आग से बचाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। बैठक में साल भर के कार्य की योजना भी बनाई गई। एसोसिएशन की सदस्य पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के साथ-साथ पर्वतारोहण अभियान सहित विंटर गेम्स में भी बढ़-चढ़कर भाग लेंगी। अध्यक्ष बनी आरती ठाकुर ने सभी सदस्यों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग से एसोसिएशन को मजबूती प्रदान की जाएगी और अधिक से अधिक गतिविधियों को आयोजित किया जाएगा।

## बस स्टैंड आनी में गीत-संगीत से कलाकारों ने नशे पर किया प्रहार



कलाकार गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक से ने नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए।

**अनंत ज्ञान, आनी**

नेशनल एक्शन प्लान ऑन ड्रग डिमांड रिडक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिला कल्याण विभाग कुल्लू द्वारा रविवार को बस स्टैंड आनी व खनाग में नशीले पदार्थों व मादक द्रव्यों के खिलाफ एक जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

इसमें कला मंच बंजार के कलाकारों ने गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित लोगों का मनोरंजन करते हुए नशे की बुराइयों, इसके दुष्प्रभावों व नशा विरोधी कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इन कार्यक्रमों में मंच के कलाकार रमेश कुमार, बीएस राणा, टेला सोनी, नरेंद्र मेहता, देवी भास्कर, देव माईकल तथा रीना द्वारा समूहगीत, गांव-गांव, शहर-शहर में यह अभियान चलाना है, छोड़ नशे की बुरी आदतें, सब को यह समझाना है। छोड़ी दे मेरे सजना शराबो रा नशा साथ ही नुक्कड़ नाटक, नशे को छोड़, बढ़ें जिंदगी की ओर के द्वारा समाज में फैल रहे नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## शशांक मोडल स्कूल गोजरा शिक्षा के नए आयाम छू रहा : नकुल खुल्लर

**अनंत ज्ञान, मनाली**

अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस विजेता ताज बड़ागढ़ रिजॉर्ट्स एंड सपा के निदेशक नकुल खुल्लर ने कहा कि शशांक मोडल स्कूल गोजरा शिक्षा के नए आयाम छू रहा है। वह आज शशांक माडल स्कूल के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्यातिथि विचार व्यक्त कर रहे थे।

29 साल के अंतराल में शशांक माडल स्कूल ने दो वैज्ञानिक, आठ डॉक्टर, 33 इंजीनियर, भारतीय सेना में दो ऑफिसर सहित दर्जनों अध्यापक दिए हैं। इतनी बड़ी उपलब्धियां स्वयं बयां कर रही हैं कि स्कूल निरंतर गुणात्मक शिक्षा की ओर अग्रसर है। लगातार बदलते शैक्षिक परिदृश्य में स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाने के प्रयास की जरूरत है। शिक्षक समाज का संवदेनशील व्यक्ति है। विद्यार्थी शिक्षकों से हर वक्त संपर्क में रहना चाहते हैं। इसलिए स्कूलों को कार्यालयीन कामकाज से वास्तव में मुक्त कर शिक्षण को प्रभावी बनाने पर जोर देना होगा। उन्होंने स्कूल के सभी विद्यार्थियों, अध्यापकों व अभिवावकों को वार्षिकोत्सव की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।



स्कूल के प्रधनाचार्य नरान्तक शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और स्कूल में आयोजित हुई साल भर की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि स्कूल गुणात्मक शिक्षा की ओर निरंतर ध्यान दे रहा है। सीनियर वर्ग में रोहन व अनन्या को सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के खिताब से सम्मानित किया गया। जूनियर वर्ग में विवान व शिवानी सम्मानित हुई। आटो दौड़ में टीना व निशांत, बोरी दौड़ में मनीष व नारमा, तीन टांग दौड़ में साक्षी सृष्टि व आदित्य व शिवम आगे रहे। कुर्सी दौड़ में साक्षी, जबकि बैलून प्रतियोगिता में तेंजिन ने बाजी मारी।

## जीवनशैली का सूत्र ध्यान :डॉ. कुंवर

**अनंत ज्ञान, आनी**

सर्वपल्ली राधाकृष्णन बीएड/एमएड संस्थान, नोगली, रामपुर बुशहर में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर व्याख्यान एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के 150 प्रशिक्षु स्टूडेंट्स ने भाग लिया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. मुकेश शर्मा ने विश्व ध्यान दिवस को मनाने की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।



राजकीय महाविद्यालय, आनी के प्राचार्य एवं चर्चित साहित्यकार डॉ. कुंवर दिनेश सिंह इस अवसर पर मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने दैनिक जीवन में ध्यान की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. ओम राठौर ने ध्यान के महत्तव पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर संस्थान की प्रधानाचार्य सीमा भारद्वाज सहित अन्य शिक्षक व गैर-शिक्षक कर्मी भी मौजूद रहे। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. मुकेश शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि विश्व ध्यान दिवस को एक अंतरराष्ट्रीय उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक कल्याण के लिए ध्यान के लाभों को बढ़ावा देना है। मुख्य वक्ता के रूप में आनी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अतिचिंतन और अहंकार जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों को त्यागने और ध्यान को अपने जीवन में अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ध्यान हमारे शरीर और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है और शांति को बढ़ावा देता है। डॉ. कुंवर दिनेश ने ध्यान को आज के युग में तनाव से लड़ने का सशक्त माध्यम बताया और सकारात्मक जीवनशैली का सूत्र बताया डॉ. ओम राठौर ने प्रशिक्षुओं को ध्यान की क्रियाओं के बारे में जानकारी दी और कहा कि 25 वर्षों से वे प्रदेश में ध्यान का अभ्यास करवा रहे हैं। इसके बाद सभी ने मिलकर ध्यान की क्रियाएं कीं। कार्यक्रम के समापन पर संस्थान की प्रधानाचार्य डॉ. सीमा भारद्वाज ने ध्यान के लाभों पर अपने विचार व्यक्त किए और उत्सव में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।

## भुंतर पुल निर्माण से जाम की समस्या से मिलेगा छुटकारा : समिति

**अनंत ज्ञान भुंतर**

भुंतर सुधार समिति की बैठक रविवार को गुरुद्वारा साहिब भुंतर में समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। भुंतर पुल निर्माण को लेकर भुंतर सुधार समिति ने खुशी जाहिर की और प्रदेश सरकार का आभार जताया। समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप व उपाध्यक्ष मनीष कौंडल ने कहा कि भुंतर की सबसे जटिल समस्या संकरा पुल से लगने वाले जाम की थी, जिसे भुंतर सुधार समिति सभी के सहयोग से लगातार उठाती रही।

केंद्र व राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन के समक्ष पुल की समस्या 2015 से लगातार ध्यान में लाती रही है। यहां तक की सत्याग्रह के साथ सड़क पर उतरकर भुंतर सुधार समिति ने समाजसेवियों व जनता के साथ मिलकर काफी बड़ा संघर्ष किया। स्थानीय विधायक सुंदर सिंह ठाकुर विधानसभा में इस मुद्दे को प्रमुख्त से उठाते रहे और रैली द्वारा पुल की अर्थी भी निकली। वहीं, पुल को लेकर भुंतर सुधार समिति लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह से भी समय-समय पर मिलती रही।



गुरुद्वारा साहिब भुंतर में सुधार समिति भुंतर की बैठक में मौजूद लोग।

विक्रमादित्य सिंह ने समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों को पुल निर्माण का भरोसा दिलाया था, जो अब पूरा होता नजर आ रहा है। 30 सालों के लंबे संघर्ष के उपरांत पुल निर्माण शुरू होने जा रहा है इस जनहित कार्य से सभी लोग खुश हैं। समिति ने भुंतर में डबल लेन पुल निर्माण शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू, लोकनिर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह, स्थानीय विधायक सुंदर सिंह ठाकुर व प्रशासन का धन्यवाद किया और कहा कि दी गई 3 महीने की अवधि के अंदर पुल निर्माण पूरा होगा, हमें पूरी उम्मीद है। वहीं, भुंतर सुधार समिति के सदस्यों ने बैठक में फोरलेन में लगे टोल प्लाजा पर भी चर्चा की। समिति के सदस्यों ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिनी गडकरी ने 60 किलोमीटर के दायरे में आने वाले टोल टैक्स को फ्री किया है। डोलू नाला और टकोली में दो टोल बैरियर हैं, जिन्हें आपदा के बाद बंद किया था, लेकिन जानकारी के अनुसार अब दोबारा शुरू करने की प्रक्रिया जारी है, जबकि यह फ्री होने चाहिए। समिति ने सर्वसम्मिति से प्रस्ताव पारित किया कि केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार 60 किलोमीटर टोल टैक्स फ्री होना चाहिए।

इसके लिए जल्द ही केंदीय मंत्री नितिन गडकरी को डीसी कुल्लू के माध्यम से मांग पत्र प्रेषित किया जाएगा। वहीं, सुधार समिति ने पुलिस थाना भुंतर द्वारा नशा माफिया पर लगातार कार्रवाई का स्वागत किया है। बैठक में भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप, उपाध्यक्ष मनीष कौंडल, कोषाध्यक्ष ऋषि राज, महिला विंग की अध्यक्ष नीना घई, सचिव मीना जसवाल, प्रवक्ता नीलम घई आदि उपस्थित रहे।

## 12 बोतलें अवैध शराब की बरामद



**आनी।** पुलिस थाना ब्रो की टीम ने गश्त के दौरान पनाशा मोड़ के पास एक व्यक्ति से 12 बोतलें अवैध शराब की बरामद की हैं। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि पुलिस ने एक गश्त के दौरान पनाशा मोड़ के पास शोभा राम निवासी पनाशा डाकघर पोशना तहसील निरमंड जिला कुल्लू के कब्जे से 12 बोतलें देसी शराब मार्का ऊना नंबर-वन बरामद करने में सफलता पाई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है व मामले में जांच की जा रही है।

## लोत राम बने प्रयोगशाला कर्मचारी संघ बंजार के अध्यक्ष, प्रेम सिंह सचिव



लारजी रेस्ट हाउस में प्रयोगशाला कर्मचारी संघ बंजार की बैठक में मौजूद चुने हुए सदस्य व अन्य ।

**अनंत ज्ञान, सैंज**

प्रयोगशाला कर्मचारी संघ बंजार की बैठक लारजी रेस्ट हाउस में संपन्न हुई।

इस अवसर पर जिला प्रयोगशाला के प्रधान घनश्याम शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर नई कार्यकारणी का गठन किया गया, जिसमें लोत राम को प्रधान चुना गया, जबकि उपप्रधान जय वंती व नरोत्तम राम को चुना गया। प्रेम सिंह सचिव, कोषाध्यक्ष, हेत राम सहसचिव, चेत राम कारदार, नोक सिंह को मुख्य सलाहकार व पूर्ण चंद को प्रेस सचिव चुना गया। कार्यकारिणी में चमन, दिवान, सुंदर सिंह, महेंद्र सिंह, लाल चंद, दिला राम, वृकम चंद, रोशन लाल, अनिरुद्ध सिंह को चुना गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित प्रधान लोत राम ने कहा कि संघ के सदस्यों ने जो उन पर विश्वास किया है, उस पर खरा उतरने का सफल प्रयास रहेगा। संघ की सभी मांगों पर गौर फरमाया जाएगा और सरकार तक सारी मांगें पहुंचाई जाएंगी। वेसिक-पे, पद नाम की मांग व ग्रेड -पे की मांग सरकार से जोर-शोर से उठाई जाएगी। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश प्रयोगशाला संघ के उपाध्यक्ष भोला राम, ओम दत्त महासचिव जिला कुल्लू भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उधर लोत को संघ का अध्यक्ष चुने जाने पर बंजार खंड में खुशी का माहौल है और सभी कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी है।

## क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज ने क्लाथ स्कूल में उपहार देने से की क्रिसमस मनाने की पहल



क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं राजकीय केंद्र प्रारंभिक पाठशाला क्लाथ का दौरा करती हुईं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज ने क्रिसमस के उपलक्ष्य पर राजकीय केंद्र प्रारंभिक पाठशाला क्लाथ का दौरा किया गया। साथ ही क्लाथ वृद्धाश्रम का दौरा भी किया।

क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज के सभी टीचर्स एसोसिएट डायरेक्टर कुमारी ज्योति मार्या मसीह के अलावा शिवानी शर्मा, प्रोमिला, भुवनेश्वरी कश्यप, अनुजा कोहली, थूली शर्मा, कुमारी प्रिया ठाकुर, कुमारी सनैना शर्मा, रुचिका, दीपिका, पूजा, समृति, प्रोमिला ठाकुर, रोहिणी और छात्राएं राजकीय केंद्र प्रारंभिक पाठशाला क्लाथ व वृद्धाश्रम के विजिट का हिस्सा बने साथ ही उपहार एवं मिठाइयां बांटकर क्रिसमस मनाने की शुरुआत की। क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने उन्हें कैरोल सुनाकर और सेंटा बनकर उनका मनोरंजन किया और बदले में ढेर सारा आशीर्वाद और मुसकाने पाईं। अंत में क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज के टीचर्स ने सभी को क्रिसमस की बधाई दी।

**आयोजन** जनव्यापी जागरूकता अभियान के तहत नग्गर विकास खंड में कार्यक्रम का किया आयोजन

## नाटक से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

नेशनल एक्शन प्लान ऑन ड्रग डिमांड रिडक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत नशीले पदार्थों व मादक द्रव्यों के खिलाफ जिला प्रशासन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिला कल्याण विभाग व सूचना एवं जन संपर्क विभाग कुल्लू के संयुक्त तत्वावधान में चलाए जा रहे जनव्यापी जागरूकता अभियान के तहत नग्गर विकास खंड में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

मन्नत कला मंच कुल्लू के कलाकारों ने मनाली माल रोड व पतलीकूहल बाजार में गीत, संगीत व नाटक के माध्यम से जनता को नशे की बुराइयों, इसके दुष्प्रभाव व इससे बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में मंच के कलाकार, नवनीत भारद्वाज, मानचंद, खूब राम, गोपाल, अशोक, शीतल, चंपा, डिंपल आदि द्वारा समूहगीत, गांव-गांव शहर-शहर में यह अभियान चलाना है, छोड़ नशे की बुरी आदतें, सब को यह समझाना है लोकगीत, छोड़ी दे मेरे सजना शराबो रा नशा,साथ ही नुक्कड़ नाटक नशे को कहें ना, जिंदगी को कहें हां के द्वारा समाज में फैल रहे आधुनिक नशे जिनमें हीरोइन, चिट्टा, ब्राउन शुगर आदि के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी।




गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नग्गर विकास खंड में कलाकार लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए।

हलाण-2 पंचायत की प्रधान सीमा देवी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि नशा आज एक गंभीर सामाजिक बुराई का रूप धारण कर चुकी है। इस तरह के अभियान से लोगों को बेहतरीन जानकारी पहुंच रही है। जिला कल्याण अधिकारी कुल्लू गिरधारी लाल शर्मा ने कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि नशा आज एक गंभीर सामाजिक बुराई का रूप धारण कर चुकी है। स्वास्थ्य विभाग कुल्लू द्वारा भुंतर में सरकारी नशा मुक्ति केंद्र स्थापित किया गया है तथा युवा परामर्श केंद्र भी चलाया जा रहा है, जहां पर डॉक्टर सत्यव्रत वैद्य नशे के आदी युवा वर्ग व अन्य लोगों का सफलतापूर्वक ईलाज कर रहे हैं, उन्होंने अपील की कि लोग नशे के आदी लोगों को यहां लाएं, ताकि उनका इलाज कर उन्हें समाज की मुख्य धारा के साथ जोड़ा जा सके।

## सृष्टि के रचयिता देव श्रीबड़ा छमाहूं का डोघर गांव पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत



**अनंत ज्ञान, बंजार**

नए रथ में विराजमान होने के बाद अपनी यात्रा में निकले सृष्टि के रचयिता एवं सृष्टि के पालनहार देव श्रीबड़ा छमाहूं डोघर गांव पहुंचे। यहां पर गांव वासियों ने देवता का भव्य स्वागत किया।

देवता के पुजारी धनेश गौतम ने बताया कि देवता के साथ धामणी छमाहूं, पराशर ऋषि व नए रथ में सवार हुई महाशक्ति तोतला माता भी साथ रहे। इसके अलावा देव श्री बड़ा छमाहूं के गण देवता खोड़ू, खरीड़ु, वनशीरा, भउणी आदि भी देवता के साथ हमेशा चलते हैं। गांव में पहुंचने पर देवता का स्वागत फूलों की बरसात व आतिशबाजियों से हुआ। पूरे लाव-लश्कर के साथ ढोल-नगाड़ों की थाप पर देवता की जलेब अपनी परिक्रमा में गुजर रही है। इसके पहले देवता की भव्य जलेब गांव फगवाना, ओड़ीधार, नाउली, कोटला, धराखरी, धामण, लारजी, शैलउड़ी, चकुरठा, दलयाड़ा, पढारणी आदि गांवों का दौरा कर चुके हैं। देवता 16 प्रविष्ट को दियाली के दूसरे दिन स्वर्ग प्रवास के लिए रवाना होंगे, जबकि नव संवत को स्वर्ग प्रवास से लौटने के बाद कोटला गांव में नव संवत का भव्य आयोजन होगा।

इसके बाद फगवाना गांव में नव संवत मनाया जाएगा और फिर से देवता अपनी परिक्रमा तय समय अनुसार करेंगें। देवता के रथ का पुनर्निर्माण हुआ और मूल स्थान दलयाड़ा में दो माह तक यह कार्य पूर्ण किया गया। इसके वाद दलयाड़ा गांव में 12, 13 व 14 दिसंबर को भव्य आयोजन हुआ और चार छमाहूं यहां उपस्थित रहे, जबकि 65 देउल से भी देवता की भेंटें लेकर देउलू यहां पहुंचे। इसके बाद देवता अपनी हारयान की परिक्रमा पर निकले।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत

**बीबीएन।** जोघो पुलिस चौकी के तहत भटोली चौक से बघेरी रोड के पास एक ट्राले द्वारा स्कूटी को टक्कर मारे जाने पर एक महिला की मौत हुई है। जानकारी के अनुसार एक ट्राला ने तेज रफ्तारी से स्कूटी को ओवर टेक करते हुए टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी पर सवार महिला को सिर और शरीर पर काफी चोटें आईं, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से सरकारी अस्पताल नालागढ़ पहुंचाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान बग्गो देवी घोलोवाल तहसील नालागढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर जाकर घटनास्थल का दौरा किया। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला पुलिस बद्दी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

### आउट ऑफ सिलेबस प्रश्न आने से छात्र सकते में

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आठवीं कक्षा की परीक्षा में इस बार अधिकतर प्रश्न आउट ऑफ सिलेबस आया। इससे छात्र सकते में आ गए। वहीं, इससे शिक्षा बोर्ड की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। हालांकि अब आउट ऑफ सिलेबस वाले प्रश्नों की जगह स्कूल, शिक्षकों को सिलेबस से प्रश्न डालने का अधिकार दिया है। वहीं शुरू के हिंदी और गणित के प्रश्नपत्र में आउट ऑफ सिलेबस आए प्रश्नों के ग्रेस मार्क्स देने की बात कही जा रही है। इस मामले को लेकर शिक्षा उपनिदेशक देशराज शारदा ने इस मामले में प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि आउट ऑफ सिलेबस प्रश्नों की जगह शिक्षकों को कोई सिलेबस से प्रश्न देने की छूट दी गई थी। शुरू के प्रश्न पत्रों में आउट ऑफ सिलेबस के प्रश्नों के ग्रेस मार्क्स दिए जाएंगे। ग्रेस विद्यार्थी दिल लगा कर पढ़ते हैं। रात, दिन अच्छे नंबर लाने के लिए मेहनत करते हैं, ताकि उन नंबरों के आधार पर उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके, लेकिन उसके बावजूद भी वहीं शुरू बच्चे अच्छे नंबर आने की उम्मीद नहीं है, जिसका सबसे बड़ा मुख्य कारण है कि प्रश्न पत्र में कुछ ऐसे प्रश्न डाल दिए जाते हैं, जो पाठ्यक्रम में शामिल ही नहीं हैं। जब इस बारे में उपनिदेशक जगदीश चंद नेगी से पूछा तो उन्होंने भी माना कि परीक्षा में कुछ प्रश्न पाठ्यक्रम के बाहर से आए थे, जिस पर उच्च अधिकारियों ने ग्रेस मार्क्स देने की बात कही है। वहीं अब संबंधित अध्यापकों को प्रश्न भी बदलने की शक्ति दे दी है।

### नौणी विवि में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया

**सोलन।** राष्ट्रीय गणित दिवस मनाने के लिए डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के मूल विज्ञान विभाग ने अपने स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के विज्ञान संस्थान में गणित विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. शशि कांत मिश्रा विशिष्ट वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर बागवानी महाविद्यालय के डीन डॉ. मनीष शर्मा मुख्यातिथि थे। कई अकादमिक पुरस्कारों से सम्मानित डॉ. मिश्रा भारत के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों में अध्ययन बोर्ड और अकादमिक परिषद के सदस्य हैं। 'निर्णय लेने के लिए अनुकूलन उपकरण और कृषि विज्ञान और कृषि व्यवसाय प्रबंधन में गणित के अनुप्रयोग' शीर्षक वाले अपने व्याख्यान के दौरान, डॉ. मिश्रा ने भारत में गणित के समृद्ध इतिहास पर प्रकाश डाला, गणितीय खोज में टीम वर्क के महत्व पर जोर दिया और दुनिया भर के प्रसिद्ध गणितज्ञों के योगदान पर चर्चा की। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. आशु चंदेल और डॉ. राकेश गुप्ता ने किया, जिन्होंने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया।

### कुमारहट्टी में एड्स के खिलाफ किया जागरूक

**सोलन।** एमएम यूनिवर्सिटी, सोलन के रजिस्ट्रार अजय सिंघल ने बताया कि महर्षि मार्कंडेश्वर कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कुमारहट्टी-सोलन में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस वर्ष एड्स दिवस का थीम है 'सही रास्ता अपनाएं: मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार'। नर्सिंग कॉलेज की डीन और प्रिंसिपल डॉ. जसबीर कौर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वाइस प्रिंसिपल हरप्रीत कौर ने बताया कि इस दिन को मनाने का मुख्य लक्ष्य एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता फैलाना और इस भयानक बीमारी से संबंधित सभी मिथकों को खत्म करने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। प्रिंसिपल डॉ. जसबीर कौर ने कहा कि एचआईवी लोगों को खतरनाक नहीं बनाता है, इसलिए आप उनसे हाथ मिला सकते हैं और उन्हें गले लगा सकते हैं।

# क्रिसमस व न्यू ईयर मनाने के लिए पर्यटकों से गुलजार कसौली व चायल

**आर मोहन चौहान, सोलन**





क्रिसमस और न्यू ईयर में बर्फबारी के आस लिए पिछले कुछ दिनों में हिमाचल के प्रवेश द्वार परवाणू होते हुए कसौली, सोलन, चायल और शिमला में बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। इससे होटल कारोबारियों में भी उत्साह है। क्रिसमस और न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर शिमला की तर्ज पर कसौली, सोलन और चायल में भी होटलों को विशेष रूप से सजाया गया है। साथ ही पर्यटकों के आकर्षण को डीजे पार्टी और बोन फायर के खास इंतजाम किए गए हैं।

पर्यटकों के वेलकम के लिए होटल इंडस्ट्रीज में काफी पहले से तैयारियां शुरू कर दी थी पर ड्राई स्पेल के चलते पर्यटक निराश हैं। हालांकि आगामी दिनों में बर्फबारी की संभावना जताई गई है। वहीं, सोलन पुलिस ने जाम से निपटने के लिए तैयारियां कर दी हैं। हाईवे पर जाम न लगे इसके लिए यातायात पुलिस को जगह-जगह तैनात कर दिया गया है। साथ ही पर्यटकों को रोड साइड में किसी तरह की हुड़दंगबाजी रोकने को भी पुलिस मुस्तैद रहेगी। इस बीच कसौली और चायल के होटलों में पर्यटकों की आवभगत के लिए क्रिसमस केक, डीजे पार्टी और बोनफायर जैसे कार्यक्रम रखे गए हैं। इससे होटल में आने वाले अतिथियों के लिए क्रिसमस केक तैयार किया गया है। इस बार पर्यटकों के आकर्षण के लिए होटल में 25 दिसंबर से 15 जनवरी तक होटल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सोलन पेरागॉन होटल के चेयरमैन सुंदर वर्मा का कहना है कि होटल में क्रिसमस और न्यू ईयर को सेलिब्रेट करने के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। होटल में आने वाले मेहमान डीजे और बोन फायर का भी मजा ले सकेंगे। वहीं, पर्यटन नगरी कसौली व चायल में तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। कारोबारियों द्वारा होटलों को रंग-बिरंगी लाइटों व फूलों से सजाया गया है। क्रिसमस पर्व मनाने के लिए बाहरी राज्यों से भारी संख्या में पर्यटक शनिवार से ही पहुंचने शुरू हो गए हैं। इस वर्ष क्रिसमस का पर्व सप्ताहांत पर होने के चलते बाहरी राज्यों से भारी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने की उम्मीद है।

रविवार को भी पर्यटन नगरी कसौली के बाजार पर्यटकों से गुलजार रहे। हालांकि होटल कारोबारियों का कहना है कि कोविड के चलते बीते वर्षों के मुकाबले इस बार अधिक संख्या में पर्यटक पहुंचेंगे। होटल संघ कसौली की माने तो शनिवार-रविवार को यहां के होटलों में 80 प्रतिशत तक आक्यूपेंसी दर्ज की गई, जबकि रविवार को सभी होटल पैक हैं। वहीं, चायल में भी क्रिसमस के लिए सभी होटल पैक बताए जा रहे हैं। अब आगामी दिनों में नववर्ष तक होटलों में पर्यटकों की भीड़ रहने की संभावना है। होटल कारोबारियों द्वारा पर्यटकों के लिए कई लुभावने के लिए आफर भी रखे गए हैं। रविवार को होटलों में क्रिसमस पार्टियां शुरू हो चुकी हैं। सोमवार को इस विशेष दिन को सेलिब्रेट किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

> क्रिसमस मनाने के लिए प्रदेश में पर्यटक पहुंचने शुरू हो गए हैं। पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए हैं। किसी भी तरह की हुड़दंगबाजी पर पुलिस की नजर रहेगी।
> **गौरव सिंह, एसपी सोलन।**

## मेले-त्योहारों की सांस्कृतिक संध्याओं में हिमाचली कलाकारों को मिले तवज्जो : आर्य



सामाजिक कार्यकर्ता ओम आर्य प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए, साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, परवाणू**

सामाजिक कार्यकर्ता ओम आर्य ने प्रेस वार्ता कर कहा कि हिमाचल प्रदेश के अंदर जितने भी कार्यक्रम चाहे सरकारी मेले या प्राइवेट इवेंट या मेले हो, आयोजकों को बाहर के कलाकारों को लाखों रुपए देने में कोई समस्या नहीं होती और अपने हिमाचल के कलाकारों को छोटी सी रकम देने में बहाने बनाते हैं।

हिमाचल में भी बहुत से कलाकार हैं, जो ऊंचे स्तर पर पहुंच चुके हैं। उन्हें ही हर कार्यक्रम में मौका दिया जाता है, इसमें हमें कोई आपत्ती नहीं क्योंकि वो उनकी मेहनत और संघर्ष का फल है, जो उन्हें मिलना भी चाहिए पर एक कलाकार वो भी है, जो संघर्ष कर रहे होते हैं और उन्हें मेलों में अपना कार्यक्रम देने के लिए भीख मांगनी पड़ती है, कि हमें एक मौका दे दो। राजनीति तय करती है कि किस कलाकार को प्रोग्राम में बुलाना है और किसे नहीं। इसका मैं पूर्णता विरोध करता हूं। एक नार्मल कलाकार की कुछ बातें मैं आपसे साझा कर रहा हूं, जिसका परिवार चलता है उसकी गायिकी से कार्यक्रम मिला, तो उसका खर्चा चलेगा, वरना पूरे परिवार को भूखा ही सोना पड़ता है सत्य है पर कड़वा है। हम यह ज्ञापन एसडीएम कसौली महेंद्र पाल के माध्यम से मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे कि एक ऐसी कार्यकारिणी का गठन किया जाए, जिसमें यह सुनियोजित किया जाए स्थानीय कलाकारों को भी उनकी लोकप्रियता और उनकी योग्यता के आधार पर हर प्रोग्राम में गाने का अवसर प्राप्त हो।

## गाताधार स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक नहीं होने से लोग परेशान : प्रताप रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**



सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि अति दुर्गम क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाताधार में पिछले दो महीने से कोई भी चिकित्सक कार्यरत नहीं है, जिसकी वजह से इस स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं।

रावत ने बताया कि इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्षेत्र की 6 पंचायतों के लोग अपना उपचार करवाने आते हैं, लेकिन चिकित्सक न होने से यहां के स्थानीय लोगों को उपचार करने के लिए 40 किलोमीटर दूर संगड़ाह जाना पड़ता है, यह क्षेत्र बर्फीला क्षेत्र है बर्फ पड़ने के कारण सड़क संपर्क मार्ग भी बंद रहता है यदि कोई व्यक्ति अचानक बीमार हो गया, तो उस व्यक्ति को 25 किलोमीटर दूर पीठ पर उठाकर डलियानू ले जाना पड़ता है। गाताधार में सन् 1996 में अंतर शोथ जैसी भयानक बीमारी फैली थी, जिस कारण उस समय बीमारी के कारण 16 लोगों की जान गई थी।

रावत ने सरकार को चेतावनी देते हुए बताया कि यदि सरकार ने इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जल्द चिकित्सक की नियुक्ति नहीं की, तो हम सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन में भी कोई गुरेज नहीं करेंगे। इतना ही नहीं उपस्वास्थ्य केंद्र संगना में पिछले दो वर्षों से ताले लगे हुए हैं, यहां पर स्वास्थ्य कर्मचारी न होने से भवन भी गिरने की स्थिति में है।

## अतीत का गौरव बातल पुस्तक का विमोचन 25 को

**अर्की।** उपमंडल के ग्राम बातल में 25 दिसंबर बुधवार को अतीत का गौरव-बातल पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। स्थानीय निवासी विख्यात संगीतकार एवं आकाशवाणी के सेवानिवृत्त निदेशक स्वर्गीय एस शशि के पुत्र पंकज द्वारा पुस्तक का विमोचन किया जाएगा।

शिक्षाविद रामलाल शास्त्री समारोह की अध्यक्षता करेंगे। सेवनिवृत्त प्रधानाचार्य कैलाश भार्गव एवं चेतराम भार्गव द्वारा लिखित इस पुस्तक में बातल ग्राम के इतिहास व गांव में प्रमुख हस्तियों द्वारा संचित उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है। इसमें वर्ष-1847 के पश्चात का विस्तृत विवरण संकलित है। समारोह के दौरान स्कूली छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

## ठोडो मैदान पर बघाट कबड्डी लीग का हुआ आगाज

# पहले मैच में युवा खेल समिति ने माउंटेन गर्ल्स को 11 अंकों से हराया

**अनंत ज्ञान, सोलन**



सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान पर रविवार से बघाट कबड्डी लीग का शुभारंभ किया गया। लीग में सोलन की 8 ब्वॉयज व 6 गर्ल्स टीमें भाग ले रही हैं।

लीग के पहले दिन महिला कबड्डी के तीन मुकाबले खेले गए। इन मुकाबलों में युवा खेल समिति, बीबीएन गर्ल्स व माउंटेन गर्ल्स ने अपने पहले मैच को जीत कर अगले मुकाबले में अपनी दावेदारी पेश की। वहीं, माउंटेन गर्ल्स, हिमालयन गर्ल्स व शूलिनी सेवन को हार का भी सामना करना पड़ा। प्रतियोगिता में महिला टीमों के दो पूल बनाए गए हैं। इनमें हर टीम को अपने पूल में दो मुकाबले खेलने होंगे, जिसमें दोनों पूल से टॉप दो-दो टीमों का चयन सेमीफाइनल मुकाबले के लिए किया जाएगा। ऑल कबड्डी लवर द्वारा प्रायोजित इस लीग के इवेंट मैनेजर अरुण कुमार ने बताया कि लीग की पुरुष विजेता टीम को एक लाख रुपए व ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 50 हजार रुपए व ट्रॉफी इनाम में दी जाएगी। महिला कबड्डी लीग के इनाम को बढ़ाकर विजेता टीम को 31 हजार रुपए व ट्रॉफी, उपविजेता टीम को 21 हजार व रुपए दिया जाएगा। सोलन मुख्यालय में पहली बार इस तरह की लीग का आयोजन हुआ है। पहला मैच युवा खेल समिति व माउंटेन गर्ल्स के बीच खेला गया, जिसमें युवा खेल समिति द्वारा 11 अंकों के अंतर से जीत दर्ज की गई। दूसरे मुकाबले में बीबीएन गर्ल्स की टीम ने हिमालयन गर्ल्स को 5 अंकों के अंतर से मात दी। लीग का तीसरा मुकाबला शूलिनी सेवन व माउंटेन गर्ल्स के द्वारा खेला गया। मुकाबले में माउंटेन गर्ल्स ने 6 अंको से जीत दर्ज की।

## बुघार स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

# वंदना सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के पुरस्कार से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुघार में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में पंचायत प्रधान चाखड़ गुरुदेई ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

समारोह में प्रधानाचार्य रेखा राठौर ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और विद्यार्थियों की उपलब्धियों को साझा किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन जीत लिया। अंग्रेजी प्रवक्ता दीपक ठाकुर द्वारा रचित व निर्देशित संगीत नाटक शहीद का आखिरी खत ने उपस्थित लोगों की आंखें भर दीं। पंचायत प्रधान गुरुदेई ठाकुर ने शैक्षिक व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कक्षा 12वीं से वंदना ठाकुर को सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार दिया गया। इस समारोह में पूर्व प्रधान विजय ठाकुर आसपास के गांव के सेवानिवृत्त अधिकारी, विभिन्न पाठशालाओं के प्रधानाचार्य, स्कूल इंचार्ज व अध्यापकगण, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य व विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी भाग लिया।

## संजय को मैन ऑफ द मैच

**सराहां।** पच्छाद स्पोर्ट्स क्लब द्वारा पच्छाद ओपन क्रिकेट कप-2024 का शुभारंभ रविवार को घिनौघड़ क्रिकेट स्टेडियम रुनजा में आयोजित किया गया, जिसमें कृषि विपणन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष बलदेव भंडारी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा पंचायत जामन के उपप्रधान राजेंद्र शर्मा ने बतौर विशेषातिथि शिरकत की।

चैंपियनशिप के दूसरे राउंड में यूनाइटेड वेटर्स एसोसिएशन पच्छाद चैप्टर के उपाध्यक्ष प्रीत पाल ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर पहले राउंड में एचपीसीए क्रिकेट अकादमी, क्लोह इलेवन, टीएलबी, हंटर इलेवन, ब्रदर इलेवन व ठाकुरद्वारा की टीम ने भाग लिया, जिसमें क्लोह इलेवन, टीएलब व ठाकुरद्वारा ने जीत हासिल कर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। इस दौरान प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीणों में गहरा उत्साह रहा और दर्शकों ने इस प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण भी देखा। मैच में क्लोह इलेवन के अमन, टीएलबी के अमन व ठाकुरद्वारा के संजय को पहले राउंड के मैचों में मैन ऑफ द मैच दिया गया। इस अवसर पर राम मोहन शर्मा ने मैच की कमेंट्री की।

## प्राइमरी स्कूल मांगू में समग्र शिक्षा के अंतर्गत विद्यांजलि कार्यक्रम आयोजित

# नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, अर्की**



समग्र शिक्षा के अंतर्गत विद्यांजलि कार्यक्रम के आयोजन पर मौजूद लोग।

प्राइमरी स्कूल मांगू में समग्र शिक्षा के अंतर्गत विद्यांजलि कार्यक्रम एवं समुदाय जागरूकता शिविर खंड स्तरीय का आयोजन किया गया, जिसमें 50 प्रतिभागियों ने शिरकत की।

कार्यक्रम का प्रारंभ केंद्राध्यक्ष विजय गुप्ता ने सभी के स्वागत तथा चर्चित किए जाने वाले विषय बिंदुओं की जानकारी देकर किया। प्रधानाचार्य अर्की एवं खंड परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 व समुदाय की स्कूलों में प्रखर भागीदारी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के स्रोत व्यक्ति भगत राम ठाकुर ने खेल-खेल में शिक्षा, निपुणलक्ष्य प्राप्ति के लिए योजना, विद्यांजलि कार्यक्रम के तहत उन सभी लोगों को रजिस्टर्ड करना, जो स्कूलों में किसी न किसी रूप में अपना योगदान दे रहे हैं उसकी जानकारी देते हुए कहा कि कोई भी शिक्षा संस्थान समुदाय के सहयोग से ही उन्नति कर सकता है तथा बच्चों में संस्कार व नैतिक मूल्यों का समावेश परिवार से ही संभव है इसलिए, पहली शिक्षक मां होती है। प्रतिभागियों ने भी अपने विचार रखे तथा नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चर्चा की गई।

# 150 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



पंचायत रौडी और अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट ने मिलकर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 150 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण, जांच, परामर्श और निशुल्क दवाइयां वितरित की।

शिविर का शुभारंभ पंचायत प्रधान रोडी रीना शर्मा, डॉ. रुचि शर्मा और भूपेंद्र गांधी ने दीपोत्सव से किया। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने श्रवण रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, न्यूरोलॉजी, आंख रोग और हड्डी रोग के मरीजों को दवाइयां प्रदान की। डॉ. रुचि शर्मा ने लोगों की भागीदारी के लिए आश्वस्त किया कि गंभीर और रेफरल मरीजों को स्पर्श मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल शिमला में न्यूनतम शुल्क पर व्यवस्था की जाएगी। मुख्य निर्माण अधिकारी अंबुजा सीमेंट लिमिटेड दाड़लाघाट मुकेश सक्सेना ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन समय-समय पर संचालित किया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक अंबुजा फाउंडेशन भूपेंद्र गांधी ने कहा कि अंबुजा फाउंडेशन सतत प्रयासरत रहेगा, ताकि लोगों की भागीदारी सुनिश्चित बनी रहे। इस मौके पर पंचायत प्रधान दाड़लाघाट बंसी राम भाटिया, हरदेव शर्मा, मदन शर्मा, सुनीता शर्मा, अनीता शर्मा, सुनीता देवी, रजनी देवी, बिमला देवी आदि मौजूद रहे।

## कौलांवाला भूड़ व सलाणी कटोला में सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत नाहन विकास खंड की पंचायत कौलांवाला भूड़ व सलाणी कटोला में कार्यक्रम आयोजित हुए।

इसमें कलाकारों ने गीत व नाटक के माध्यम से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती पर विशेष बल देते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 15 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है और सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के उत्पादों को प्राथमिकता के आधार पर खरीदने के साथ पूरे देश में गेहूं और मक्का के लिए सबसे अधिक 40 और 30 रुपए का समर्थन मूल्य तय किया है। सरकार ने गाय व भैंस के दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य को भी बढ़ाकर क्रमशः 45 और 55 रुपए किया है। कलाकारों ने अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक समुदाय के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत 2483.20 करोड़ की राशि व्यय की जा रही है तथा समाज में अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन के लिए सरकार द्वारा 50 हजार रुपए की राशि प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में पंचायत सलाणी कटोला की प्रधान अनिता देवी, उपप्रधान कौलांवाला भूड़ अनील ठाकुर, वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार, श्यामा देवी व कंवर पाल सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## हिम जन कल्याण जागरूक समिति ने किया हिमाचल उत्कृष्ट समारोह का आयोजन

# समाज में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सोलन**





हिम जन कल्याण जागरूक समिति की तरफ से सम्मानित किए गए गणमान्य लोग।

हिम जन कल्याण जागरूक समिति द्वारा हिमाचल उत्कृष्ट समारोह कालीबाड़ी हाल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में इंदिरा गांधी खेल परिसर में वॉलीबाल कोच सतीश शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

समिति की अध्यक्ष रंजना ठाकुर व अन्य सदस्यों ने मुख्यातिथि का अभिवादन किया और बीते वर्षों में किए गए कार्य तथा आगामी वर्षों की योजना के बारे में बताया। वहीं, कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे लोकगीत नाटी, महिला मंडल की नाटी आदि प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा स्कूली बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं। इस कार्यक्रम के दौरान समिति द्वारा शिमला के विभिन्न समाजसेवी संगठनों, समाजसेवी एवं विभागों को उनके समाज में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। वहीं, मुख्यातिथि ने समिति के कार्य प्रणाली तथा उनकी दूरदर्शिता की प्रशंसा की। मुख्यातिथि ने कहा कि हिम कल्याण समिति द्वारा हिमाचल को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। संस्कृति से दूर जा रहे बच्चों को फिर से जोड़ने के लिए समिति द्वारा जो मंच प्रदान किया जा रहा है, इसके लिए समिति के सदस्य बधाई के पात्र हैं। इस कार्यक्रम के अंत में समिति के सभी सदस्यों द्वारा मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के साथ आए गणमान्य लोगों का भी हिम जनकल्याण जागरूक समिति की अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष रंजना ठाकुर, महिला सुरक्षा की अध्यक्ष निशा भंडारी, प्रमोद कुमार, प्रदेश प्रवक्ता रमेश ठाकुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष रजत शर्मा, उपाध्यक्ष पवन मिहास, महासचिव जिला शिमला ममता कलम, जिला महासचिव सिरमौर ओमराज शर्मा, जिला सलाहकार सिरमौर देवीदत्त आदि मौजूद रहे।

**जागरूक**

## सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध सांस्कृतिक दलों द्वारा सोलन के विभिन्न गांवों में लोगों को किया जागरूक

# 'व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भर होता हिमाचल' के बारे में लोगों को बताया

**अनंत ज्ञान, सोलन**



कलाकार गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक से विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए।

सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध सांस्कृतिक दलों द्वारा सोलन के विभिन्न गांवों में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक से अनुसूचित जाति वर्गों के कल्याण के लिए कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा उपस्थित जन-जन को नशा निवारण के विषय में भी जागरूक किया।

पूजा कला मंच बाड़ीधार (सोलन) के कलाकारों ने सोलन विकास खंड की पंचायत जाड़ली के गांव बड़ोग तथा पंचायत कक्कड़ड़ी के गांव रड़ियाणा में लघु नाटिका 'व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भर होता हिमाचल' के माध्यम से लोगों को सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों को अवगत करवाया कि किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने गाय व भैंस के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ौतरी की है। गाय का दूध 38 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 45 रुपए प्रति लीटर तथा भैंस का दूध 47 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 55 रुपए प्रति लीटर किया गया है।


अक्षिता लोक नृत्य सांस्कृतिक युवा मंच के कलाकारों ने सोलन विकास खंड की पंचायत शमरोड़ तथा सलोगड़ा में गीत-संगीत के माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। युवाओं को अवगत करवाया कि नशे से दूरी बनाएं और अपनी शारीरिक व मानसिक मजबूती पर ध्यान केंद्रित करें। शिव शक्ति कला मंच कुनिहार के कलाकारों द्वारा धर्मपुर विकास खंड की पंचायत गोयला तथा ढकरियाणा में नुक्कड़ नाटक से ग्रामीणों को राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्टअप योजना के बारे में अवगत करवाया। ग्रामीणों को अवगत करवाया कि इस योजना के प्रथम चरण में प्रत्येक पंचायत से 10 किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि रसायन मुक्त खेती को बढ़ावा दिया जा सके। झनकार म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने कंडाघाट विकास खंड की पंचायत वाकना तथा सैंज में गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व नीतियों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर पंचायत कक्कड़ड़ी के प्रधान रोशन लाल, पंचायत देवरा के प्रधान रूप सिंह ठाकुर, पंचायत वाकना के प्रधान हरजिंद्र कुमार, पंचायत शमरोड़ के प्रधान नंद राम, पंचायत जाड़ली के उपप्रधान रमेश कश्यप, पंचायत वाकना के उपप्रधान लीला दत्त आदि मौजूद रहे।

## मुद्दाविहीन राजनीति कर रहा विपक्ष : मुसाफिर

**अनंत ज्ञान, सराहां**

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जी आर मुसाफिर ने कहा कि हिमाचल में विपक्ष और भाजपा के नेता मुद्दाविहीन राजनीति कर रहे हैं, जो कि निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा के अंदर और बाहर भाजपा के नेता जिस तरह का आचरण और नारेबाजी कर सदन का समय बर्बाद कर रहे हैं, वह हिमाचल के हित में नहीं है। अच्छा होता कि विपक्ष प्रदेश हित से जुड़े मामलों को विधानसभा में उठाते, लेकिन इसके विपरीत कभी समोसा, कभी जंगली मुर्गा जैसे बेफिजूल बातों को कर और उस पर वाकआउट कर जहां समय की बर्बादी कर रहे हैं। वहीं, प्रदेश की जनता में उपहास का केंद्र बन रहे हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि आप इन व्यर्थ की बातों को छोड़कर प्रदेश के विकास में सरकार का सहयोग करें, जिसके लिए वह केंद्र से हिमाचल आपदा प्रबंधन के 12000 करोड़ और टूरिज्म सेक्टर के लिए हिमाचल के बजट दिलाने में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री सुक्खू ने सदन के अंदर और बाहर दोनों जगह विपक्ष के सवालों का तथ्यों के साथ उत्तर देकर अपनी कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी की मिसाल पेश की है, उनकी दूरदर्शिता व कड़े फैसले लेने के निर्णयों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि 2032 में हिमाचल भारत का सबसे समृद्ध और आत्मनिर्भर प्रदेश बनेगा।




# पंजाब निकाय चुनाव में पटियाला में आम आदमी पार्टी को मिली जीत

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब के सत्तारूढ़ दल आम आदमी पार्टी (आप) ने पटियाला नगर निगम चुनाव में जीत हासिल की है, लेकिन लुधियाना और जालंधर नगर निगम में बहुमत पाने से चूक गई। इसके बावजूद 'आप' इन दोनों नगर निगमों में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

नगर निगम चुनाव के नतीजों के मुताबिक, अमृतसर और फगवाड़ा चुनाव में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। पंजाब में पांच नगर निगम अमृतसर, जालंधर, लुधियाना, पटियाला और फगवाड़ा तथा 44 नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के चुनाव के लिए शनिवार को मतदान हुआ था। 'आप' पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के गढ़ पटियाला में अपना महापौर चुनने के लिए तैयार है।

'आप' ने पटियाला के कुल 53 वार्ड में से 43 पर जीत हासिल की है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस केवल चार-चार वार्ड ही जीत पाई जबकि शिरोमणि अकाली दल ने दो वार्ड जीते। लुधियाना नगर निगम में 95 वार्ड हैं, जिनमें 'आप' ने 41 वार्ड जीते हैं जबकि कांग्रेस ने 30 वार्ड, भाजपा ने 19, शिअद ने दो और निर्दलीय उम्मीदवारों ने तीन वार्ड जीते हैं। लुधियाना नगर निगम में बहुमत न हासिल कर पाना सत्तारूढ़ के लिए एक झटका है क्योंकि उसके दो मौजूदा विधायक अशोक पराशर और गुरप्रीत गोगी की पत्नियां नगर निगम चुनाव हार गई हैं।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु की पत्नी भी लुधियाना नगर निगम चुनाव में हार गईं। जालंधर नगर निगम चुनाव में 'आप' सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। इसने कुल 85 वार्ड में से 38 वार्ड पर जीत हासिल की है जबकि कांग्रेस ने 25, भाजपा ने 19, बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) ने एक और निर्दलीय उम्मीदवारों ने दो वार्ड पर जीत हासिल की।

फगवाड़ा और अमृतसर नगर निगम में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया और वह यहां सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

अमृतसर नगर निगम के कुल 85 वार्ड में से कांग्रेस ने 40 वार्ड पर जीत हासिल की जबकि 'आप' ने 24 वार्ड जीते। वहीं, भाजपा ने नौ, शिअद ने चार और निर्दलीय उम्मीदवारों ने आठ वार्ड पर जीत हासिल की।

फगवाड़ा नगर निगम पर किसी भी पार्टी का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। यहां के 50 वार्ड पर कोई भी राजनीतिक दल आधे से अधिक सीट नहीं जीत पाया। हालांकि, कांग्रेस 22 वार्ड जीत कर यहां सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। 'आप' की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी ने निकाय चुनाव में इतिहास रच दिया है क्योंकि इसने नगर निगम, नगर परिषदों और नगर पंचायतों के 977 वार्ड में से 50 प्रतिशत से अधिक पर जीत हासिल की है।

अरोड़ा ने एक बयान में कहा, ''यह शानदार जीत आप की जन-समर्थक शासन व्यवस्था और पारदर्शी राजनीति के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।''

शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में 65.85 प्रतिशत मतदान हुआ है और 3,300 से अधिक उम्मीदवार मैदान में थे।

## जेल से बाहर आए पंजाब के पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु

**एजेंसी, चंडीगढ़**



टेंडर घोटाले में फंसे पंजाब के पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु को दो दिन पहले पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार मामले में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने का आदेश दिया है। साथ ही ईडी से जुड़े मामले में भी उन्हें जमानत दी थी। जमानत मिलने के दो दिन बाद आशु रविवार शाम को जेल से बाहर आ गए हैं। जेल से बाहर आने के बाद आशु का लुधियाना स्थित घर पहुंचने पर परिवार व समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान मीडिया से बात करते हुए भारत भूषण आशु ने कहा कि भगवान का शुक्रिया करता हूं। क्योंकि सच्चाई की जीत हुई है। क्योंकि झूठ ज्यादा दिन नहीं चलता। आशु ने कहा कि आने वाले दिनों में वह राजनीति के बारे में चर्चा करेंगे। उनपर जो झूठे केस दर्ज हुए थे वह रद्द हो गए हैं। इस पर भी वह अपनी बात रखेंगे।

## शहीदी दिवस पर लगाया दूध का लंगर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



आज चंडीगढ़ के सेक्टर 37-सी में स्थित कश्यप राजपूत धर्मशाला में 22 दिसंबर 2024 को अमर शहीद बाबा मोती राम मेहरा जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में एक स्मरणोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर दूध का लंगर लगाया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के लंगर जैसे कि सैंडविच, केले, मठी, मटर, बिस्किट आदि शामिल थे।

## सांस्कृतिक भावना का उत्सव मनाया



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** बैंकर्स क्लब चंडीगढ़ द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के स्थानीय प्रधान कार्यालय, सेक्टर-17, चंडीगढ़ में एक प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संध्या, संगम-2024 का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बैंकिंग समुदाय के लिए एक जीवंत मंच साबित हुआ, जिसमें एकजुटता, प्रतिभा और सांस्कृतिक भावना का उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम की शोभा बैंकर्स क्लब के सम्मानित गणमान्य व्यक्ति यों की उपस्थिति ने बढ़ाई, जिनमेंविवेक श्रीवास्तव, अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, कृष्ण शर्मा, उपाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, रघुनाथ बी., उपाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड (पंजाब); निवेदिता तिवारी, उपाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड (हरियाणा); राजेश प्रसाद, सचिव एवं महाप्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक और चंडीगढ़ के विभिन्न प्रमुख बैंकों के अधिकारी शामिल थे।

## 'संघर्ष की आपबीती' किताब का विमोचन




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत के पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गाधी हिमाचल प्रदेश में वूलेन खादी को बड़े पैमाने पर बढ़ाबा देकर हिमाचल को वूलेन खादी उत्पादों का हब बनाना चाहते थे ताकि हिमाचली विशुद्ध ऊनी उत्पादों को एक ब्रांड के रूप में उभारा जा सके और इन उत्पादों को अंतराष्ट्री मार्किट में उतारा जा सके। इसके लिए उन्होंने खादी और ग्रामोद्योग आयोग को विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के लिए कहा था। इस बात का खुलासा खादी और ग्रामोद्योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी दास ने अपनी आत्मकथा पर लिखित पुस्तक 'संघर्ष की आपबीती' में किया है। प्रसिद्ध समाज सेवी एवं गांधीवादी विचारक लक्ष्मी दास की आत्मकथा का विमोचन पिछले हफ्ते पद्म विभूषण एवं पूर्व केंद्रीय मन्त्री डॉ. कर्ण सिंह ने कोंस्टीटूशनल क्लब नई दिल्ली में किया।

## असम में 20 करोड़ मूल्य का मादक पदार्थ जब्त

**एजेंसी, गुवाहाटी**

असम के कछार जिले में 20 करोड़ रुपए मूल्य का मादक पदार्थ जब्त किया गया और इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक सूचना के आधार पर पुलिस महानिरीक्षक पार्थसारथी महंत के नेतृत्व में एक अभियान प्रारंभ किया और रविवार तड़के सिल्कोरी रोड पर मोटरसाइकिल से जा रहे एक व्यक्ति को रोका और उसके पास से याबा की गोलियां तथा हेरोइन जब्त की। महंत ने बताया कि याबा की 60 हजार गोलियां और 125 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। याबा की गोलियां मुख्यतौर पर मेथाम्फेटामाइन और कैफीन के मिश्रण से बनाई जाती हैं और इन्हें 'क्रेजी मेडिसिन','नाजी स्पीड' आदि नाम से भी जाना जाता है।



**मामले में एक गिरफ्तार**

पुलिस ने इस मामले में साहिल अहमद लस्कर को गिरफ्तार किया और मोटरसाइकिल जब्त कर ली।

पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 20 करोड़ रुपए है।

## 10 किलो हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने अमृतसर जिले में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक सीमापार गिरोह का भंडाफोड़ करके हुए दो व्यक्तियों की गिरफ्तार किया है और 10 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोग पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपक में थे।

गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'एक बड़ी सफलता में अमृतसर पुलिस ने सीमा पार से मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया और पाक स्थित तस्करों से जुड़े दो व्यक्तियों (सुखदेव सिंह और अवतार सिंह) को गिरफ्तार किया तथा 10 किलोग्राम हेरोइन बरामद की।'

## अंबेडकर के खिलाफ निंदनीय भाषा पर कांग्रेस ने किया शाह के खिलाफ प्रदर्शन

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

डॉ. बाबा भीम राव अंबेडकर को संसद में देश के गृह मंत्री अमित शाह ने अपमान भरे शब्द कहे, जो निंदनीय है। इस निंदनीय भाषा के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस वार्ड नंबर-19, रामदरबार की अध्यक्षा सोनिया गुरचरण सिंह और प्रदेश सचिव बिरेंद्र रॉय के नेतृत्व में अमित शाह का पुतला माजरा चौक पर फूंका गया।



इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष एचएस लक्की ने कहा की देश के गृह मंत्री अमित शाह को अपने शब्दों के लिए माफी मांगनी चाहिए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सभी सदस्यो के अलावा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, सभी सीनियर सिटिजन के सदस्यों के अलावा निवासियों ने इस विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया।

इस मौके पर सोनिया गुरचरण सिंह और बिरेन्द्र रॉय ने कहा की अमित शाह की मानसिकता संकुचित हो गई है, इसलिए बाबा साहेब के बारे ऐसी घटिया बयान दे रहे है, इसलिए बीजेपी को चहि की ऐसे संकुचित सोच वाले नेता को पार्टी से बर्खास्त करे ताकि देश का माहौल खराब न हो। इस मौके पर बी एन तिवारी, ओम पाल चौटाला, गीता राम, सोनू खान, ओम कैलाश, सुरिंदर कुमार, अखिलेश ठाकुर, ऋषि तुसम्बर, सतीश कुमार आदि प्रदर्शन में शामिल हुए।(अनंत ज्ञान)

## दिल्ली में जहरीली हवा से राहत नहीं



नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में हवा की गुणवत्ता जहरीली बनी हुई है। रविवार सुबह सात बजे दिल्ली के कई इलाकों का एयर इंडेक्स 400 के पार दर्ज किया गया, जो वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) की 'गंभीर' श्रेणी में आता है। राजधानी के आनंद विहार में एक्यूआई 427, अशोक विहार में 430 और जहांगीरपुरी में 441 रिकॉर्ड किया गया। एक्यूआई की ओर से एनसीआर में ग्रेप-4 की पाबंदियां लागू करने के बावजूद वायु प्रदूषण पर लगाम नहीं लग पा रही है।

## महिला सम्मान, संजीवनी योजना की रजिस्ट्रेशन आज से

**नई दिल्ली।** दिल्ली की महिलाओं और बुजुर्गों के लिए खुशखबरी है। दिल्ली में सोमवार से महिला सम्मान और संजीवनी योजना के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने इसकी घोषणा की है। केजरीवाल ने कहा कि हाल ही में हमने दो योजनाओं की घोषणा की थी, एक महिला सम्मान योजना, हमारी महिलाओं की सुविधा के लिए हमने घोषणा की थी कि हम उनके बैंक खातों में 2,100 रुपए जमा करेंगे। इसका पंजीकरण कल से शुरू हो रहा है। दूसरी घोषणा संजीवनी योजना की थी। इसके तहत 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज मिलेगा। मध्यम वर्ग की कोई सुध नहीं लेता। रिटायरमेंट के बाद कई परिवारों में बुजुर्गों की कोई सुध नहीं लेता। अब आप सरकार उनका इलाज कराएगी। इस योजना का पंजीकरण भी आज से शुरू हो जाएगा।

## अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत ने गलती से मार गिराया लड़ाकू विमान, दोनों पायलट सुरक्षित

**दुबई।** अमेरिकी नौसेना के एक युद्धपोत ने 'गलती से' एफ/ए-18 लड़ाकू विमान को मार गिराया, जिसमें दो पायलट सवार थे। अमेरिकी सेना ने बताया कि एक पायलट को मामूली चोटें आई हैं, लेकिन यह घटना इस बात को रेखांकित करती है कि इस क्षेत्र में अमेरिकी और यूरोपीय सैन्य गठबंधन की गश्त के बावजूद हूती विद्रोहियों की ओर से पोतों पर लगातार हमलों के कारण लाल सागर गलियारा कितना खतरनाक हो गया है।

# देश-विदेश

## मोदी सरकार ने निर्वाचन आयोग की शुचिता को किया नष्ट : खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण को रोकने के लिए चुनाव नियम में बदलाव करने को लेकर रविवार को सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि यह निर्वाचन आयोग की संस्थागत शुचिता को नष्ट करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की 'व्यवस्थित साजिश' का हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की ओर से निर्वाचन आयोग की निष्ठा को जानबूझकर खत्म किया जाना संविधान और लोकतंत्र पर सीधा हमला है। सरकार ने चुनाव नियमों में बदलाव करते हुए सीसीटीवी कैमरा और वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण को रोक दिया है, ताकि उनका दुरुपयोग रोका जा सके। निर्वाचन आयोग (ईसी) की सिफारिश के आधार पर, केंद्रीय कानून मंत्रालय ने सार्वजनिक निरीक्षण के लिए रखे गए 'कागजात' या दस्तावेजों के प्रकार को प्रतिबंधित करने के लिए चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93(2)(ए) में संशोधन किया है। खड़गे ने कहा कि चुनाव संचालन नियमों में मोदी सरकार का दुस्साहसिक संशोधन निर्वाचन आयोग की अखंडता को नष्ट करने की उसकी व्यवस्थित साजिश के तहत किया एक और हमला है।

## मोदी और शाह के खिलाफ अपशब्दों के इस्तेमाल के मामले में सपा नेता गिरफ्तार

**बलिया, (उप्र)।** बलिया जिले की भीमपुरा थाना पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अपशब्दों का उपयोग करने और पुतला दहन करने के आरोप में समाजवादी पार्टी (सपा) के एक नेता समेत 12 ज्ञात और 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने रविवार को आरोपी सपा नेता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उप निरीक्षक वरुण कुमार राकेश की तहरीर पर शनिवार की रात सपा नेता फतेह बहादुर यादव समेत 12 ज्ञात और 10 अज्ञात लोगों को खिलाफ तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## इसराइल ने गाजा पर फिर बरसाए बम, 20 की मौत

**एजेंसी, गाजा**



**गाजा** पट्टी में इसराइली हमलों में कम से कम 20 लोग मारे गए। फिलिस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

गाजा शहर में विस्थापितों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर हुए हमले में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई, जिनमें चार बच्चे भी शामिल हैं। इसराइली सेना ने कहा कि उसने वहां शरण लिए हमास आतंकवादियों को निशाना बनाया। 'अल-अक्सा शहीद' अस्पताल के अनुसार, शनिवार देर रात दीर अल-बला में एक घर पर हुए हमले में कम से कम आठ लोग मारे गए। अस्पताल के पास स्थित नासिर अस्पताल के अनुसार, रविवार को आधी रात के बाद दक्षिणी शहर खान यूनिस में हुए हमले में दो और लोग मारे गए। इन हमलों पर सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है।

## भारत में चिप क्षेत्र में काफी अवसर, विनिर्माताओं से लिथोग्राफी उपकरण के लिए कर रहे हैं बात: कैनन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**जापान** की इमेजिंग और ऑप्टिकल उत्पाद क्षेत्र की प्रमुख कंपनी कैनन का मानना है कि उसके पास भारत में सेमीकंडक्टर लिथोग्राफी उपकरण (मशीन) के लिए अच्छे अवसर हैं। इसका इस्तेमाल चिप निर्माण में होता है।

कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तोशियाकी नोमुरा ने कहा कि कंपनी भारत में सुविधा लगाने के लिए कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। हालांकि, नोमुरा ने यह नहीं बताया कि उसकी किन कंपनियों के साथ बातचीत चल रही है, लेकिन उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में व्यापक अवसर हैं, क्योंकि कई चिप विनिर्माता अब भारत को सेमीकंडक्टर विनिर्माण के लिए एक नए गंतव्य के रूप में देख रहे हैं।

नोमुरा ने बताया कि बहुत सारे चिप विनिर्माता भारत को एक नए विनिर्माण स्थल के रूप में देख रहे हैं। हम अपने उत्पाद और सेवाएं देने के लिए उन सभी चिप विनिर्माताओं के साथ चर्चा कर रहे हैं।

## ब्राजील में बस और ट्रक की टक्कर, 38 लोगों की मौत

**साओ पाउलो।** दक्षिण-पूर्वी ब्राजील के मिनास गेरैस राज्य में बस और ट्रक की टक्कर में 38 लोगों की मौत हो गई। मिनास गेरैस अग्निशमन विभाग ने बताया कि इस हादसे में घायल 13 अन्य लोगों को टियोफिलो ओटोनी शहर के पास के अस्पतालों में ले जाया गया। बताया जा रहा है कि बस साओ पाउलो से चली थी और उसमें 45 यात्री सवार थे।

## अंबेडकर से जुड़ी शाह की टिप्पणी पर कांग्रेस का उतावलापन स्वार्थ की राजनीति: मायावती

**एजेंसी, लखनऊ**

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने संसद में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बारे में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की कथित अपमानजनक टिप्पणी पर रविवार को प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि इस मामले पर कांग्रेस का उतावलापन विशुद्ध छलावा व स्वार्थ की राजनीति है।

मायावती ने 'एक्स' पर कहा कि शाह द्वारा संसद में अंबेडकर का अनादर किए जाने को लेकर देश भर में लोगों में भारी आक्रोश है, लेकिन बाबा साहेब उपेक्षा व देशहित में उनके संघर्ष को हमेशा आघात पहुंचाने वाली कांग्रेस का इसको लेकर उतावलापन विशुद्ध छलावा व स्वार्थ की राजनीति है।

## सेबी ने 'फ्रंट रनिंग' मामले में 9 कंपनियों पर ठोंका जुर्माना, 21 करोड़ की अवैध कमाई जब्त

**एजेंसी, मुंबई**

**पूंजी** बाजार नियामक सेबी ने पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के इक्विटी डीलर सचिन बकुल दगली और आठ अन्य इकाइयों से जुड़ी एक 'फ्रंट-रनिंग' योजना का भंडाफोड़ किया है। इन लोगों ने इस योजना के जरिये 21.16 करोड़ रुपए का अवैध लाभ कमाया था।

सेबी ने एक अंतरिम आदेश के जरिए सचिन बकुल दगली और आठ अन्य इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया और उनके द्वारा अर्जित अवैध लाभ को जब्त कर लिया। सेबी ने कुछ इकाइयों की ओर से बड़े ग्राहकों के पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस



कंपनी लिमिटेड के लेन-देन में संदिग्ध 'फ्रंट रनिंग' की जांच की थी। जांच का मकसद यह पता लगाना था कि क्या संदिग्ध इकाईयों ने डीलरों या कोष प्रबंधकों सहित सहित अन्य लोगों के साथ मिलीभगत करके बड़े ग्राहकों के लेन-देन में फ्रंट रनिंग की थी। इस तरह इन लोगों ने सेबी के पीएफयूटीपी (धोखाधड़ी और अनुचित व्यापार व्यवहार निषेध) नियमों और सेबी अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया था। जांच की अवधि एक जनवरी, 2021 से 19 जुलाई, 2024 तक थी। अपनी जांच में सेबी ने पाया कि पीएनबी मेटलाइफ में अधिकांश लेन-देन से संबंधित निर्णय निष्पादन के लिए सचिन दगली को सौंपे गए थे।

नियामक ने पाया कि सचिन बकुल दगली (इक्विटी डीलर, पीएनबी मेटलाइफ) और उनके भाई तेजस दगली (इक्विटी सेल्स ट्रेडर, इन्वेस्टेक) ने पीएनबी मेटलाइफ और इन्वेस्टेक के संस्थागत ग्राहकों के आगामी ऑर्डर के बारे में गोपनीय, गैर-सार्वजनिक जानकारी प्राप्त की।

## चीन की बाइडेन को चेतावनी आग से खेल रहा अमेरिका

**एजेंसी, बीजिंग**

**ताइवान** को चीने के खिलाफ अमेरिका की ओर से लगातार सैन्य मदद पहुंचाए जाने की घटना को बीजिंग ने बेहद गंभीरता से लिया है। चीन ने इस बाबत अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को बड़ी चेतावनी दे डाली है।

चीन ने साफ कहा कि ताइवान को सैन्य मदद करके अमेरिका आग से खेल रहा है। चीन का यह कड़ा संदेश अपने आप में बहुत कुछ कहता है। चीन के इस बयान के बाद अमेरिका के साथ एक बार फिर तनातनी बढ़ने लगी है। बता दें कि चीन सरकार ने अमेरिका की ओर से ताइवान को सैन्य बिक्री और सहयोग देने की नई घोषणाएं किए जाने के बाद रविवार को



विरोध जताया और अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि वह 'आग से खेल रहा है।' अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को रक्षा से जुड़े साजो सामान और सेवाओं तथा ताइवान के लिए सैन्य शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए 57 करोड़ 10 लाख डॉलर तक के प्रावधान को मंजूरी दी। इसके अलावा रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सैन्य बिक्री के लिए 29 करोड़ 50 लाख अमरेकी डॉलर की मंजूरी दी गई है।

## भारत दूसरों को अपने फैसलों पर वीटो लगाने की अनुमति नहीं दे सकता : एस जयशंकर

**एजेंसी, मुंबई**

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत कभी भी दूसरों को अपने फैसलों पर 'वीटो' लगाने की अनुमति नहीं देगा और वह किसी डर की परवाह किए बिना राष्ट्रीय हित और वैश्विक भलाई के लिए जो भी सही होगा वह करेगा। उन्होंने कहा कि जब भारत वैश्विक चेतना में अधिक गहराई से अंकित हो जाता है, तो इसके परिणाम वास्तव में बहुत जबदर्स्त होते हैं।



उन्होंने कहा कि अस्वस्थ आदतों, तनावपूर्ण जीवनशैली या बार-बार होने वाली जलवायु घटनाओं से जूझ रही दुनिया में भारत की विरासत से बहुत कुछ सीखा जा सकता है, लेकिन दुनिया को तभी पता चलेगा जब देशवासी इस पर गर्व करेंगे। जयशंकर ने कहा कि वैश्वीकरण के युग में प्रौद्योगिकी और परंपरा को एक साथ चलना होगा।

उन्होंने कहा कि भारत अवश्य ही प्रगति करेगा, लेकिन उसे अपनी भारतीयता खोए बिना ऐसा करना होगा। तभी हम बहुध्रुवीय विश्व में वास्तव में अग्रणी शक्ति के रूप में उभर पाएंगे। जयशंकर को 27वें 'एसआईईएस श्री चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती नेशनल एमिनेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार का नाम कांची कामकोटि पीठम के 68वें द्रष्टा दिवंगत श्री चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती के नाम पर रखा गया है। विदेश मंत्री इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए, लेकिन उन्होंने अपना वीडियो संदेश भेजा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता को कभी भी तटस्थता के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए। हम 'संगत' होने के किसी डर की परवाह किए बिना अपने राष्ट्रीय हित और वैश्विक भलाई के लिए जो भी सही होगा, वह करेंगे। भारत कभी भी दूसरों को अपने फैसलों पर वीटो लगाने की अनुमति नहीं दे सकता।

# बेटियां बनीं अंडर-19 एशिया चैंपियन

## भारत ने बांग्लादेश को 41 रन से हराकर महिला अंडर-19 टी-20 एशिया कप का खिताब जीता

**एजेंसी, कुआलालंपुर**



52 रनों की पारी जी तृषा ने खेली

सलामी बल्लेबाज जी तृषा के शानदार अर्धशतक तथा आयुषी शुक्ला (3 विकेट), सोनम यादव (2 विकेट) और पुरणिका सिसोदिया (2 विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी से भारत ने बांग्लादेश को 41 रन से हराकर पहले महिला अंडर-19 टी-20 एशिया कप का खिताब जीता।

तृषा ने 47 गेंद पर 52 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 117 रन बनाए। इसके बाद भारतीय स्पिनरों ने अपना जादू दिखाया और बांग्लादेश को 18.3 ओवर में 76 रन पर ढेर कर दिया। भारतीय बल्लेबाजों को तेज गेंदबाज फरजाना इस्मिन के सामने संघर्ष करना पड़ा, जिन्होंने चार विकेट हासिल किए। भारत की तरफ से सबसे बड़ी साझेदारी तृषा और कप्तान निक्की प्रसाद ने चौथे विकेट के लिए 41 रन की निभाई। बांग्लादेश के सामने बड़ा लक्ष्य नहीं था और 7वें ओवर में उसका स्कोर दो विकेट पर 44 रन था, लेकिन उसने अपने आखिरी आठ विकेट 32 रन के अंदर गंवा दिए।

# रोहित और आकाश चोटिल, तेज गेंदबाज ने कहा चोट गंभीर नहीं

**एजेंसी, मेलबोर्न**



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बाएं घुटने जबकि तेज गेंदबाज आकाशदीप के हाथ पर यहां अभ्यास सत्र के दौरान चोट लग गई। आकाशदीप ने हालांकि बाद में कहा कि चोट गंभीर नहीं है तथा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले भारतीय टीम फिटनेस की किसी समस्या से नहीं जूझ रही है। इन दोनों खिलाड़ियों पर मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अभ्यास सत्र के दौरान थ्रो डाउन का सामना करते हुए चोट लगी। यह दोनों खिलाड़ी कुछ असहज नजर आ रहे थे।

रोहित ने अपने बाएं घुटने में चोट लगने के बावजूद बल्लेबाजी का अभ्यास जारी रखा लेकिन बाद में फिजियोथेरेपिस्ट ने उनका उपचार किया। वह कुछ देर तक कुर्सी पर पैर पसारकर बैठे रहे और फिर चुपचाप चले गए। रोहित की स्थिति को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है, लेकिन आकाश ने कहा कि यह अभ्यास के दौरान लगने वाली मामूली चोट है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### चौपाल की अक्षरा का नेशनल वॉलीबॉल टीम के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** चौपाल राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ट माध्यमिक पाठशाला चौपाल में 12वीं की छात्रा अक्षरा चौहान का चयन राष्ट्रीय स्तर अंडर-19 वॉलीबॉल टीम के लिए हुआ है। गांव कोटी डाक घर पौडिया तैहसिल नेरवा जिला शिमला निवासी अक्षरा चौहान पुत्री राकेश चौहान एवं पुष्पा चौहान बहुमुखी प्रतिभा की धनी है । यह छात्रा 27 दिसंबर से 2 जनवरी तक कसौली इंटर नेशनल पब्लिक स्कूल सोलन में राष्ट्रीय स्तर वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर में में भाग लेने के पश्चात 6 जनवरी से 10 जनवरी तक आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में राष्ट्रीय स्तर वॉलीबॉल में हिमाचल प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करेगी । इससे पूर्व अक्षरा चौहान वॉलीबॉल में राष्ट्रीय स्तर टूर्नामेंट में डीएवी टीम इंडिया की ओर से प्रतिनिधित्व कर चुकी है।



### खो-खो विश्व कप के लिए दर्शकों को स्टेडियम में मिलेगा मुफ्त प्रवेश

**नई दिल्ली।** भारत की मेजबानी में अगले महीने वाले पहले खो-खो विश्व कप के मैचों के दौरान दर्शकों को स्टेडियम में मुफ्त में प्रवेश मिलेगा। भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) के अध्यक्ष और इस विश्व कप आयोजन समिति के प्रमुख सुधांशु मित्तल ने बताया की खिलाड़ियों और प्रसंशकों की नई पीढी को प्रेरित करने के लिए खो-खो विश्व कप 2025 के दौरान महिला और पुरुष वर्ग दोनों मैचों में दर्शकों को स्टेडियम में मुफ्त में प्रवेश मिलेगा। मित्तल ने कहा, '' इस विश्व कप के मैचों को देखने के लिए स्टेडियम आने वाले स्कूल के बच्चों को स्नैक्स (अल्पाहार) भी दिए जाएंगे।'' खो-खो विश्व कप आयोजन नयी दिल्ली ( इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम) और नोएडा (नोएडा इनडोर स्टेडियम) में 13 जनवरी से 25 जनवरी 2025 से होगा। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 21 और महिला वर्ग में 20 टीम भाग लेंगी। पुरुष वर्ग का पहला मैच भारत और पाकिस्तान के बीच होगा।

### मंधाना की नेटवर्थ 4 मिलियन डॉलर से ज्यादा

**नई दिल्ली।** स्टॉर भारतीय क्रिकेटर स्मृति मंधाना को सोशल मीडिया पर फैंस नेशनल क्रश भी कहते हैं। मंधाना ने 2013 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था। दाएं हाथ की बैटर दुनिया की सबसे अमीर महिला क्रिकेटरों की लिस्ट में स्मृति मंधाना चौथे नंबर पर हैं। मंधाना की नेटवर्थ 4 मिलियन डॉलर (33 करोड़) से ज्यादा है।



### मैकस्वीनी को करियर के शुरुआत में करना पड़ा चुनौती का सामना

**मेलबोर्न।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भारत के दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ संघर्ष करने वाले नाथन मैकस्वीनी के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए कहा कि वह भविष्य में मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में वापसी कर सकते हैं। मैकस्वीनी को तीन टेस्ट की छह पारियों में चार बार बुमराह ने आउट किया। ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ताओं ने मेलबोर्न और सिडनी टेस्ट के लिए उनकी जगह युवा बल्लेबाज सैम कोन्स्टास को चुना है। वॉन ने कहा, '' मैकस्वीनी की बात करूं तो मुझे नहीं लगता कि ऐसा कोई खिलाड़ी है जिसे करियर की शुरुआत में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना किया हो। पिछले 10 वर्षों में मैंने जितने भी खिलाड़ियों को टेस्ट क्रिकेट में आते देखा है, मुझे नहीं लगता कि किसी को भी इससे कठिन चुनौती मिली है।'' मैकस्वीनी ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ में खेले गए शुरुआती टेस्ट में पदार्पण किया था। सलामी बल्लेबाज के तौर पर टीम में शामिल हुए 25 साल के इस खिलाड़ी ने छह पारियों में 10, शून्य, 39, 10 नाबाद, नौ और चार रन बनाए। वॉन ने कहा, '' उसे बुमराह को उन परिस्थितियों में सामना करना पड़ा। पर्थ टेस्ट में गेंद काफी स्विंग हो रही थी। एडिलेड में दूसरे टेस्ट में गुलाबी गेंद और फिर ब्रिस्बेन में भी परिस्थिति बल्लेबाजी के लिए मुश्किल थी।



# एमसीजी पर लोकप्रियता में भी 'किंग' हैं कोहली

**एजेंसी, मेलबोर्न**



विराट कोहली ने पहला बॉक्सिंग-डे टेस्ट अपने पदार्पण वर्ष 2011 में खेला था

दो साल पहले जब उन्होंने टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ 53 गेंद में नाबाद 82 रन बनाकर भारत को असंभव सी जीत दिलाई तो मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर जमा 90,000 से अधिक दर्शकों की जुबां पर एक ही नाम था ..विराट कोहली। क्रिकेट की किवदंतियों में शुमार इस पारी से उन्होंने अपने आलोचकों को भी करारा जवाब दिया। दो साल बाद प्रारूप अलग है, लेकिन हालात वही।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में पर्थ में शतक जमाने के बाद बाकी पांच पारियों में कोहली 26 रन ही बना सके हैं, लेकिन उनके प्रशंसकों को यकीन है कि अपने पसंदीदा मैदान एमसीजी पर उनका बल्ला जमकर चलेगा। यहां उनकी लोकप्रियता का आलम यह है कि टूर गाइड से लेकर सुरक्षाकर्मियों तक सभी की जुबां पर उन्हीं का नाम है। एमसीजी पर ऑस्ट्रेलियाई खेल संग्रहालय के टिकट काउंटर पर पहुंचते ही कोहली की तस्वीरों से ही सामना होता है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर 2018-19 में पहली बार सीरीज जीतने के बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी को चूमते हुए और एमसीजी पर तीसरे टेस्ट में टीम के साथ जश्न मनाते हुए कोहली की तस्वीरें यहां लगी हैं।

इसके साथ ही लिखा है ''कोहलीस कांकरर्स (कोहली की विजेता टीम )' ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतने का भारत का इंतजार 2018-19 में खत्म हुआ।''

एमसीजी टूर कराने वाले गाइड डेविड एक घंटे के टूर में बार बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी और बॉक्सिंग डे टेस्ट का जिक्र करते हुए इसे 'ब्लॉकबस्टर' मैच बताते हैं और कोहली का जिक्र उनकी बातों में बार बार आता है हालांकि उनके अपने पसंदीदा भारतीय क्रिकेटर शानदार फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं।

डेविड ने कहा ,''यह ऑस्ट्रेलिया में सबसे बड़ा टेस्ट है और भारत ऑस्ट्रेलिया मुकाबले से ज्यादा रोमांचक क्या हो सकता है। मुझे इसका बेताबी से इंतजार है ।'' उन्होंने कहा ,'' पर्थ में पहले टेस्ट में विराट ने शानदार पारी खेली, जिसकी उसे और भारतीय टीम को बहुत जरूरत थी। वह यहां काफी लोकप्रिय हैं, लेकिन हम उम्मीद करते हैं कि उनका बल्ला यहां नहीं चले।''

उन्होंने कहा ,'' जसप्रीत बुमराह मेरा फेवरिट है जिसने 2018 में एमसीजी पर ही 33 रन देकर छह विकेट लिए और भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी भी जीती थी। इस सीरीज में भी पर्थ में शानदार गेंदबाजी के साथ बेहतरीन कप्तानी भी की। उनके फॉर्म को देखते हुए वह भारत के लिए ट्रंपकार्ड होंगे, लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि वह एक बार यहां फिर पारी के पांच विकेट नहीं लें।''

कोहली ने पहला बॉक्सिंग-डे टेस्ट अपने पदार्पण वर्ष 2011 में खेलकर 7वें नंबर पर उतरकर पहली पारी में 11 रन बनाए थे और दो कैच भी लपके थे। दूसरी पारी में वह खाता नहीं खोल सके। फिर 2014 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में यहां चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 169 रन बनाए और अजिंक्या रहाणे के साथ 262 रन की साझेदारी की। दूसरी पारी में भी 54 रन बनाकर उन्होंने मैच ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाई ।

पिछली बार 2018 में कप्तान कोहली ने पहली पारी में इस मैदान पर 82 रन बनाए, लेकिन दूसरी पारी में खाता नहीं खोल सके, लेकिन मिचेल मार्श और आरोन फिंच के कैप लपके। बुमराह ने नौ विकेट लेकर भारत की 137 रन से जीत की नींव रखी और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त बनाई।

वहीं क्रायोन मैथ्यूज का मानना है कि उनकी टीम को कोहली से सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा ,'' मैं मेलबोर्न टेस्ट के लिए बहुत रोमांचित हूं। मुझे लगता है कि कोहली पर्थ में एक शतक जमा चुके हैं और मेलबोर्न में फिर बड़ी पारी खेल सकते हैं।''

### 'भाग्यशाली' मैदान

कोहली के साथ ही भारतीय टीम के लिए भी एमसीजी टेस्ट में 'भाग्यशाली' मैदान रहा है। इसी मैदान पर 1978 में भारत ने 30 दिसंबर 1977 से चार जनवरी 1978 के बीच खेले गए तीसरे टेस्ट में पहली बार आस्ट्रेलियाई सरजमीं पर 222 रन से जीत दर्ज की थी और भागवत चंद्रशेखर ने उस मैच में 12 विकेट लिए थे। सीरीज जीतने के लिए भारत को 71 साल इंतजार करना पड़ा और कोहली की कप्तानी में 2018-19 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पहली बार टेस्ट सीरीज जीती थी।

### 52.66 की औसत

विराट कोहली दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मैदान पर अब तक तीन टेस्ट में 52.66 की औसत से 316 रन बना चुके हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं।

# राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप से चिराग सेन बाहर



**बेंगलुरु ।** गत चैंपियन चिराग सेन 86वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के तीसरे दौर में रित्विक संजीवी से हारकर बाहर हो गए।

तमिलनाडु के खिलाड़ी रित्विक ने छठे वरीय के खिलाफ पहला गेम गंवा दिया लेकिन वापसी करते हुए 12-21, 21-19, 21-15 से जीत दर्ज की। अब वह क्वार्टरफाइनल में रघु एम से भिड़ेंगे।

चिराग ने इससे पहले जीत पटेल को 21-15, 21-15 से पराजित किया था। महिला एकल में गत चैंपियन अनमोल खरब और पिछले चरण की उप विजेता तन्वी शर्मा ने भी आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया।

अनमोल ने कृषिका महाजन को 21-14, 21-14 से और तन्वी ने स्वाती सोलंकी को 21-12, 21-8 से मात दी।

# बार्सिलोना को हराकर ला लिगा में शीर्ष पर पहुंचा एटलेटिको मैड्रिड

**एजेंसी, मैड्रिड**



एटलेटिको मैड्रिड ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बार्सिलोना को 2-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। एटलेटिको मैड्रिड की तरफ से सुपर सब एलेक्जेंडर सोरलोथ ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में निर्णायक गोल किया। इससे यह सुनिश्चित हो गया कि एटलेटिको मैड्रिड शीतकालीन अवकाश के दौरान ला लिगा की अंक तालिका में शीर्ष पर बना रहेगा।

एटलेटिको मैड्रिड की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार 12वीं जीत है, जिससे वह बार्सिलोना से तीन अंक आगे हो गया है। बार्सिलोना ने अपने पिछले नौ मैचों में केवल दो जीत दर्ज की हैं। बार्सिलोना ने शुरू में दबदबा बनाया तथा पेड्रि ने 30वें मिनट में गोल करके उसे बढ़त दिला दी। रोड्रिगो डी पॉल ने दूसरे हाफ के शुरू में बार्सिलोना की रक्षापंक्ति के गलती का फायदा उठाकर एटलेटिको मैड्रिड को बराबरी दिला दी।

इसके बाद रही सही कसर सोरलोथ ने पूरे कर दी। एक अन्य मैच में एथलेटिक बिलबाओ ने पिछड़ने के बाद वापसी करके ओसासुना को 2-1 से हराया और अपने अजेय क्रम को 14 मैचों तक बढ़ा दिया। वह अब एटलेटिको से केवल पांच अंक पीछे रह गया है।

# भारत दौरे और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जो रूट की इंग्लैंड की वनडे टीम में वापसी

**एजेंसी, लंदन**



भारत के वनडे दौरे और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अनुभवी बल्लेबाज जो रूट की एक साल से अधिक समय के बाद इंग्लैंड की 50 ओवर के प्रारूप की टीम में वापसी हुई।

रूट इस प्रारूप में पिछली बार 2023 में भारत में हुए 50 ओवर के विश्व कप में खेले थे। ऑलराउंडर और टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को चयन के लिए नहीं चुना गया, वह इस महीने की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं।

अनुभवी बल्लेबाज जोस बटलर टीम की अगुआई करेंगे और लंकाशर का यह खिलाड़ी भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज में इंग्लैंड की कप्तानी भी करेगा जो वनडे से पहले होगी। भारत के सफेद गेंद के दौरे के दौरान इंग्लैंड पांच टी-20 और तीन वनडे खेलेगा।

इस साल के शुरू में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले लेग स्पिनर रेहान अहमद को टी-20 टीम में शामिल किया गया है। फॉर्म में चल रहे हैरी ब्रूक के निजी कारणों से टेस्ट सीरीज से बाहर होने के बाद भारत में अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने का एक और मौका मिलेगा।

**इंग्लैंड की वनडे टीम।** जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्से, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।

**इंग्लैंड की टी-20 टीम।** जोस बटलर (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्से, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।

## महिला क्रिकेट

### भारत की रेणुका ठाकुर ने 10 ओवर में 29 रन देकर पांच विकेट चटकाए

# भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 211 रनों से दी पटकनी

**एजेंसी, वडोदरा**



91 रनों की पारी स्मृति मंधाना ने खेली।

स्मृति मंधाना की 91 रन की शानदार पारी के बाद रेणुका सिंह ठाकुर (पांच विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के कमाल के प्रदर्शन से भारत ने तीन मैचों के पहले महिला एकदिवसीय में वेस्टइंडीज को रिकॉर्ड 211 रन के बड़े अंतर से शिकस्त दी।

भारत ने नौ विकेट पर 314 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज की पारी को महज 26.2 ओवर में 103 रन पर समेट दिया। भारतीय टीम की यह रनों के लिहाज से वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे बड़ी जीत है।

रेणुका ने 10 ओवर में 29 रन देकर करियर में पहली बार पांच विकेट चटकाए जबकि प्रिया मिश्रा को दो सफलता मिली। टिटास साधु और दीप्ति शर्मा ने एक-एक विकेट लिया। वेस्टइंडीज ने लिए 9वें क्रम पर बल्लेबाजी करने आयी एफी फ्लेचर के नाबाद 24 रन के योगदान से रनों का शतक पूरा किया। टीम के लिए उनके अलावा सिर्फ शेमेन कैम्पबेल (21) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर सकी। इससे पहले शानदार लय में चल रही मंधाना ने लगातार पांचवीं बार 50 रन (टी-20 और एकदिवसीय) के स्कोर को पार किया है। उन्होंने 102 गेंद की पारी में 13 चौके लगाने के साथ अपना पदार्पण वनडे खेल रही प्रतिका रावल (69 में से 40) के साथ 110 रन की साझेदारी में ज्यादातर रन बनाकर टीम को शानदार शुरुआत दिलायी।

मंधाना की शानदार पारी के बाद हरलीन देयोल (50 गेंद में 44 रन), हरमनप्रीत कौर (23 गेंद में 34 रन), रिचा घोष (12 गेंद में 26 रन) और जेमिमा रोड्रिग्स (19 गेंद में 31 रन) ने तेजी से रन बनाए जिससे भारतीय टीम ने 300 रनों के आंकड़े को पार किया। वेस्टइंडीज के लिए जायदा जेम्स सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहीं।

बाएं हाथ की इस स्पिनर आठ ओवर में 45 रन देकर पांच विकेट लिए। सीरीज का दूसर एकदिवसीय इसी स्थल पर मंगलवार को खेला जाएगा।

# रोहित को आक्रामक बल्लेबाजी करनी चाहिए: शास्त्री

मेलबोर्न। कप्तान रोहित शर्मा जब बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में रन बनाने का तरीका समझने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तब भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का कहना है कि इस स्टाइलिश बल्लेबाज को स्पष्ट मानसिकता के साथ उतरना चाहिए और साथ ही अपनी रणनीति बदलकर गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामकता अपनानी चाहिए।

रोहित अपने दूसरे बच्चे के जन्म के समय परिवार के साथ रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया में पहला टेस्ट मैच नहीं खेल पाए थे।

उम्मीद थी कि वह सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरेंगे लेकिन पर्थ में भारत की जीत में लोकेश राहुल की 77 रन की शानदार पारी के बाद बल्लेबाजी क्रम में बदलाव किया गया और रोहित को छठे नंबर पर उतारा गया।

हालांकि यह बदलाव रोहित के लिए फायदेमंद नहीं रहा क्योंकि वह पिछली तीन पारियों में 10, तीन और छह रन ही बना पाए हैं।